संताल एक्सप्रेस ई-पेपर
www.santalexpress.com
https://epaper.santalexpress.com
पर पढ़े ....
05 अक्टूबर 2024, शनिवार
पृष्ठ-08 मूल्य : 2 रुपये
दुमका, वर्ष- 07, अंक - 15
Email-santalexpress20@gmail.com

संताल परगना की आवाज

संताल एक्सप्रेस

नवरात्रि का तीसरा दिन

चंद्रघण्टा देवी

नवरात्रि के तीसरे दिन मां चंद्रघंटा का पूजन होता है। ये मां दुर्गा की तृतीय शक्ति हैं। इनमें ब्रह्मा, विष्णु और महेश तीनों की शक्तियां समाहित हैं। इनके मस्तक पर अर्द्ध चंद्र सुशोभित हैं, इसी कारण ये चंद्रघंटा कहलाती हैं। इनके घंटे की ध्वनि से सभी नकारात्मक शक्तियां दूर भाग जाती हैं। इनके रंग स्वर्ण के समान चमकीला है, ये सिंह पर विराजती हैं।

ISO 9001: 2015 CERTIFIED
iicc®
A New Way of Career
27 ANNIVERSARY
N·S·D·C National Skill Development Corporation
Transforming the skill landscape
MASTER DEGREE / BACHELOR DEGREE / DIPLOMA for........
FASHION DESIGN
INTERIOR DESIGN
UGC-NSDC, INSTITUTION
Reasons to join
Oldest and pioneer institutions of jharhand
Received more than 27 awards (national & state)
• 100% placement Assistance
Campus selection
Fashion Shows
Spoken English, P.D. Classes
Instruction in HINDI Also
Hostel Facilities
Triple Degree & Certificate
100% scholarship for sc/st students for E-kalyan
MOB- 9934611000,06512999991
WEB- www.iicc.org.in
Kataruka House, Beside Hotel Sartaj, Main Road, Ranchi - 834001

सिरा़मंत्री हेमंत सोरेन दो़ रांची रेन हो़ड़े एमात्कोआ कांटाटोली लाईओवर रेयाक् सिरोपा

शहर रे गा़डीको हिजुक्-सेनो़क् आलगाय दो़ पो़नो़त सरकाराक् आसो़ल का़मीः सिरा़मंत्री

खोबोरिया

रांची। दिबी पूजा़ रेयाक् दोसार दिन जा़रूममाहां हिलोक् हों सिरा़मंत्री हेमंत सोरेन दो़ रांची रेन हो़ड़को मित् माराङ सिरोपाय एमात्कोआ। सिरा़मंत्री हेमंत सोरेन दो़ आयमा दिन खो़न ता़गी रे ताहेंकान कांटाटोली ओवरब्रिजए उद्घाउ केदा।

ताक रे सिरा़मंत्री हेमंत सोरेन दो़य मेन केदा जे जो़तो़ हो़ड़ाक् गो़ड़ो सो़हो़त् आर पो़नो़त सरकाराक् ला़गिया़पाड़ाव ते गे योगदा सत्संग आश्रम-बहुबाजार-कांटा टोली-शांतिनगर, कोकर लाईओवर बेनाव रेयाक् डाहार दो़ साफा दाड़ेयेना। नोआ का़मी ला़गित् इञ दो़ ओनको जो़तो़ हो़ड़िञ सारहावेत्कोआ जाहांय दो़ सामाङ खो़न आर तायो़म खो़नको गो़ड़ो़वाकान। रांची शहर रे आयमा आसो़ल जिनिसको रेयाक् सुबिसता बेनाव दो़ आ़डी मुसकिल काना। तिन हा़बिच् जो़तो़हो़ड़ाक् गो़ड़ो़ बाङ जामोक्आ उन हा़बिच् बेक्नाव का़मी दो़बाङ आलगाक्आ। तेहेञ नोआ लाईओवर एहो़प्एन ते राजधानी रेनहो़ड़ दो़ दिना़म होयोक् वाला ट्रैफिक तेयाक् म ु स ि क ल ा क ् खो़नकोरूखियाक्आ। आबो रेन सरकार दो़ जो़तो़ लेकानाक् आसो़ल जिनिसको रेयाक् सुबिसता दो़ मित् गे तालावे दिड़हो आरे केटेच् इदियेत् काना।

दारायकान दिन रे पो़नो़त रेयाक् आयमा जायगाको रेसो़ड़ो़क आर लाईओवर बेनाव रेयाक् का़मी होयोक्आ।

सिरा़मंत्री दो़य मेन केदा जे शहर रे ओका लेका जुदा़-जुदा़ का़मीको ला़गित् ते हिजुक्-सेनो़क् ढेर इदिक् काना, ठीक ओनका गे गा़डीको रेयाक् हिजुक्-सेनो़क् हों कुचित इदिक् काना। आसो़ल जिनिसको सुबिसताय रे सो़ड़ो़क रेयाक् झा़ली छाडा आर आयमा जिनिस मेनाक् आकादा, ओनाको जो़तो़ जिनिस दो़ आबो बेबो़सतायरेयाक् ला़कती मेनाक् ताबो़ना। शहर रे गा़डी हिजुक्-सेनो़क् रेयाक् सुबिसता बेनाव दो़हो़य दो़ सरकाराक् आसो़ल का़मी काना।राजधानी रांची रे ट्रैफिक बेबो़सता आलगाय ला़गित् ते आबो रेन सरकार दो़ ला़गिया़पाड़ाव सालाक्ए का़मी काना। सिरा़मंत्री दो़जा़रूममाहां हिलोक् संत पॉल कैथेड्रल टान्डी, सिमरटोली, रांची रेपथ निर्माण विभाग आर नगर विकास आर आवास विभाग होतेते ओरामेन ''योगदा सत्संग आश्रम-बहुबाजार-कांटा टोली-शांतिनगर, कोकर लाईओवर, रांची परियोजना (जेलेञ 2240 मी.), सहजानन्द चौक-जज कॉलोनी लाईओवर, सिमरटोली-कांटाटोली कनेक्टिंग लाईओवर, बिरसा चौक-धुर्वा गोल चक्कर 4 लेन पथ आर मटकुरिया लाईओवर आर कांको चौक-विनोद बिहारी चौक-गोल बिल्डिंग 8-लेन पथ, धनबाद सांवते मो़ट 31 गो़टेच् परियोजनाको उद्घाउ आर रेहेद का़मीहोरा रे मित्-बार काथाय दो़हो़येत्कान ताहेंकाना।

चुनाव आयोग ने मंजूनाथ भजंत्री को रांची डीसी बनाये जाने पर जताया एतराज

कहा- भजंत्री को रांची डीसी बनाना हाईकोर्ट के आदेश का उल्लंघन

● 15 दिनों में मांगी कार्रवाई रिपोर्ट

संवाददाता

रांची । केंद्रीय चुनाव आयोग ने मंजूनाथ भजंत्री को रांची डीसी बनाये जाने पर राज्य के मुख्य सचिव को पत्र लिखकर कड़ा एतराज जताते हुए इसे झारखंड हाई कोर्ट के आदेश का उल्लंघन बताया है। आयोग ने मुख्य सचिव को हाई कोर्ट के छह दिसंबर, 2021 के आदेश का अनुपालन करने का कहा है, जिसमें उसने देवघर के तत्कालीन डीसी मंजूनाथ भजंत्री को पद से हटाने, विभागीय कार्यवाही करने और आयोग की अनुमति के बिना चुनाव कार्य से जुड़े पद पर पदस्थापित नहीं करने का आदेश दिया था। साथ ही आयोग ने मुख्य सचिव को 15 दिनों में कार्रवाई रिपोर्ट आयोग को भेजने का आदेश दिया है।

चुनाव आयोग ने अपने पत्र में लिखा है कि मधुपुर उपचुनाव में तत्कालीन डीसी ने आयोग के वोटर टर्न आउट एप और प्रेस कांफ्रेंस में अलग-अलग आंकड़ा पेश करने की वजह से उन्हें 26 अप्रैल, 2021 को उपायुक्त के पद से हटा दिया गया था लेकिन आचार संहिता समाप्त होने के बाद सरकार ने उन्हें फिर से देवघर डीसी के पद पर पदस्थापित करने का आदेश दिया था। इसके करीब छह माह बाद

मुख्य निर्वाची अधिकारी (सीइओ) ने आयोग को रिपोर्ट भेजी थी।

इस रिपोर्ट में सीईओ ने बताया कि डीसी ने आचार संहिता खत्म होने के बाद आचार संहिता उल्लंघन के आरोप में सांसद निशिकांत दूबे के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की। चुनाव आयोग ने सीइओ की रिपोर्ट पर डीसी से स्पष्टीकरण मांगा था लेकिन उन्होंने संतोषप्रद जवाब नहीं मिलने के बाद छह दिसंबर, 2021 को आयोग ने उपायुक्त को हटाने और भविष्य में आयोग की अनुमति के बिना चुनाव से जुड़े काम में पदस्थापित नहीं करने का आदेश दिया था लेकिन फिर भी सरकार ने उन्हें पद से नहीं हटाया।

चुनाव आयोग ने पत्र में लिखा है कि 23 दिसंबर, 2021 को कार्मिक विभाग की ओर से आयोग को एक पत्र लिखा गया। इसमें कहा गया कि आयोग अपना आदेश वापस ले। क्योंकि, आचार संहिता समाप्त होने के बाद इस तरह का आदेश देने का अधिकार आयोग को नहीं है। इस तरह के आदेश से राज्य की संप्रभुता प्रभावित होती है। इसके बाद आयोग ने 15 दिसंबर, 2022 को पत्र भेज कर इस मामले में मुख्य सचिव की राय मांगी लेकिन उन्होंने अपनी राय नहीं दी। इसके बाद 26 दिसंबर, 2022 को मंजूनाथ भजंत्री से जिला निर्वाचन पदाधिकारी का काम वापस ले लिया गया था और उसे डीडीसी को सौंप दिया।

उल्लेखनीय है कि मधुपुर उपचुनाव में तत्कालीन डीसी ने आयोग के वोटर टर्न आउट एप और प्रेस कांफ्रेंस में अलग-अलग आंकड़ा पेश करने को लेकर चुनाव आयोग ने छह दिसंबर, 2021 को मंजूनाथ भजंत्री को उपायुक्त के पद से हटाने का आदेश दिया था। मंजूनाथ भजंत्री ने आयोग के आदेश को चुनौती देते हुए हाई कोर्ट में याचिका (5716/22) दायर की थी। मंजूनाथ भजंत्री ने याचिका में चुनाव आयोग के आदेश को नियम के विरुद्ध बताया था। सिंगल बेंच ने भजंत्री की याचिका को स्वीकार कर ली। इसके बाद आयोग ने सिंगल बेंच के फैसले के खिलाफ हाई कोर्ट में एलपीए (244/24) दायर की। हाई कोर्ट ने सुनवाई के बाद 30 सितंबर को फैसला सुनाया और चुनाव आयोग के आदेश को सही करार दिया। न्यायालय ने आदेश में कहा था कि आयोग का आदेश नहीं मानना संविधान के मूल ढांचे पर प्रहार करने जैसा है। उसका निर्देश मानना राज्य के लिए बाध्यकारी है।

मिर्ज़ापुर में सड़क हादसे में 10 मज़दूरों की मौत

मिर्जापुर । उत्तर प्रदेश के मिर्ज़ापुर में गुरुवार देर रात एक दिल दहला देने वाले सड़क हादसे में 10 मज़दूरों की मौत हो गई। यह हादसा उस समय हुआ जब एक तेज़ रफ्तार ट्रक ने पीछे से ट्रैक्टर को ज़ोरदार टक्कर मार दी, जिसमें 13 मज़दूर सवार थे। मिर्ज़ापुर पुलिस अधीक्षक अभिनंदन के मुताबिक़ इस हादसे में 10 मज़दूरों ने मौके पर ही दम तोड़ दिया, जबकि तीन अन्य को गंभीर हालत में इलाज के लिए वाराणसी भेजा गया है। बताया जा रहा है कि ये सभी मज़दूर वाराणसी के रहने वाले थे और भदोही में ढलाई का काम पूरा कर अपने घर वापस लौट रहे थे। अचानक यह भयानक हादसा हुआ जिसने इन परिवारों की खुशियों को ग़म में बदल दिया। पुलिस अधीक्षक ने जानकारी देते हुए कहा कि हादसा आधी रात करीब एक बजे हुआ। ट्रक की तेज़ रफ्तार और लापरवाही को इस हादसे का मुख्य कारण माना जा रहा है। फिलहाल पुलिस ने ट्रक को ज़ब्त कर लिया है और ड्राइवर की तलाश जारी है।

सुप्रीम कोर्ट ने तिरुपति लड्डू मिलावट मामले की जांच सीबीआई को सौंपी

एजेंसी

नई दिल्ली । सुप्रीम कोर्ट ने तिरुपति लड्डू प्रसाद में कथित तौर पर पशु की चर्बी मिलावट मामले में अहम फैसला लिया है। आंध्र प्रदेश सरकार पहले से ही एसआईटी के जरिए से इस मामले की जांच कर रही थी, लेकिन अब इस जिम्मेदारी को सीबीआई को सौंपा दिया गया है। सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले की जांच के लिए एक स्वतंत्र एसआईटी का गठन किया है, जिसमें दो सीबीआई अधिकारी, दो आंध्र पुलिस के अधिकारी और भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण के एक वरिष्ठ अधिकारी को शामिल किया गया है। इस जांच की निगरानी सीबीआई निदेशक करेंगे। न्यायमूर्ति बीआर गवई और न्यायमूर्ति केवी विश्वनाथन की पीठ ने यह फैसले सुनाया। कोर्ट ने कहा कि हमने स्वतंत्र एसआईटी का गठन किया है क्योंकि तिरुपति प्रसाद से करोड़ों भक्तों की भावनाएं जुड़ी हुई हैं। इससे पहले, सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने

कोर्ट को बताया कि राज्य-एसआईटी में कोई समस्या नहीं है और इसे केंद्रीय अधिकारी द्वारा निगरानी की जा सकती है। उन्होंने कहा कि हम सुप्रीम कोर्ट को राजनीतिक ड्रामा के लिए इस्तेमाल नहीं होने देंगे और सभी याचिकाओं का निपटारा करते हुए आंध्र प्रदेश द्वारा गठित एसआईटी की जगह केंद्रीय एसआईटी को स्थापित करने का आदेश दिया है। पिछली सुनवाई में, सुप्रीम कोर्ट ने सॉलिसिटर जनरल से पूछा था कि क्या राज्य सरकार की एसआईटी पर्याप्त है या फिर किसी स्वतंत्र एजेंसी को जांच सौंपी जाना चाहिए। मेहता ने कहा कि राज्य की जांच पर उन्हें कोई आपत्ति नहीं है, लेकिन निगरानी के लिए केंद्रीय नेतृत्व को शामिल किया जाना चाहिए।

तिरुपति मंदिर की ओर से पेश वरिष्ठ वकील ने जानकारी दी कि सेवा कर विभाग ने बताया है कि संबंधित सामान मूल आपूर्तिकर्ता द्वारा आपूर्ति नहीं किया गया था। वहीं, वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने निष्पक्ष और स्वतंत्र जांच की जरुरत पर जोर दिया। यह कहते हुए कि यदि सीएम नायडू ने बयान नहीं दिया होता तो मामला अलग होता। यह मामला भक्तों की भावनाओं से जुड़ा हुआ है और इस पर सुप्रीम कोर्ट की निगरानी से जांच की उम्मीद है कि इस विवाद का जल्द समाधान किया जा सके।

मुख्यमंत्री के निर्देश पर पहाड़िया लड़की लक्ष्मी का इलाज शुरू

गंभीर बीमारी से पीड़ित है काठीकुंड की लक्ष्मी

● लक्ष्मी को सभी सरकारी योजनाओं से जोड़ने का उपायुक्त को सीएम का निर्देश

संताल परगना प्रभारी

दुमका। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के निर्देश पर डुमरपहाड़ (काठीकुंड) की 12 वर्षीय पहाड़िया लड़की लक्ष्मी कुमारी का इलाज शुरू हो गया है।राजेन्द्र देहरी की बेटी लक्ष्मी एक गंभीर रोग से ग्रस्त है। उसका पैर गल रहा है। उसकी स्थिति रोज बिगड़ रही है।लक्ष्मी के पिता की मृत्यु हो चुकी है।इलाज कराने में वह असमर्थ है।मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को लक्ष्मी की बीमारी की जानकारी सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स से हुई।

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने एक्स पर ही दुमका के उपायुक्त को मामले की जांच कर लक्ष्मी को इलाज के लिए हरसंभव मदद पहुंचा कर सूचित करने का निर्देश दिया। मुख्यमंत्री ने लक्ष्मी के परिवार को जरूरी सभी सरकारी योजनाओं से जोड़ने का भी निर्देश दुमका के उपायुक्त को दिया है।मुख्यमंत्री के निर्देश पर उपायुक्त ए दोड्डे ने मामले को संज्ञान में लेते हुए अधिकारियों को लक्ष्मी के घर भेजा। अधिकारी को आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश उपायुक्त ने दिया है।डॉक्टरों की एक टीम ने लक्ष्मी के घर पर पहुंच कर उसका इलाज शुरू कर दिया है।

मंईयां सामान यात्रा को मिल रहा है जनता का भरपूर समर्थन : मंत्री दीपिका

केंद्र से बकाया राशि मिलने पर मंईयां सामान योजना की राशि होगी दुगुनी

संताल एक्सप्रेस संवाददाता

दुमका। सूबे के कृषि मंत्री दीपिका पांडे सिंह एक केस के सिलसिले में शुक्रवार को दुमका कोर्ट पहुंची। कोर्ट के बाहर कृषि मंत्री मीडिया से बात करते हुए उन्होंने मंईयां सामान यात्रा के बहाने भाजपा पर जमकर निशाना साधा ने कहा कि एक तरफ भाजपा द्वारा परिवर्तन यात्रा चलाया गया, जिसमें खाली कुर्सी को भाषण सुनाया गया। वही मंईयां सम्मान

यात्रा में जहां भी जा रहे हैं बहुत उत्साहित होकर ग्रामीण आ रहे हैं। महिलाओं में काफी खुशी है की पहली बार उनकी आर्थिक सशक्तिकरण की शुरुआत हुई है। उन्होंने कहा कि हर चौक चौराहे पर प्यार और सम्मान मिल रहा है।इसके लिए उन्होंने आम जनता के प्रति आभार व्यक्त किया।उन्होंने कहा कि जिन महिलाओं को रुपया मिल रहा है वह घरेलू महिला है।अपने बच्चे, परिवार और बुजुर्गों की देखरेख करती है। शिक्षित होने के बावजूद घर संभाल रही है। इन महिलाओं के श्रम का आकलन आज तक नहीं हुआ है।महिलाओं का योगदान सिर्फ परिवार ही नहीं एक अच्छा समाज, एक अच्छा देश कैसे बने इसके लिए होता है। इन प्रयासों को सराहने का प्रयास आज तक नहीं हुआ।ऐसी महिलाओं का आर्थिक आकलन अगर अब तक नहीं हुआ है तो अब जरूर होनी चाहिए।

लैंड बैंक को समाप्त करने के लिये कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष और विधायक दल के नेता ने सीएम को लिखा पत्र

संवाददाता

रांची । प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश और विधायक दल के नेता डॉ रामेश्वर उरांव ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को शुक्रवार को पत्र लिखा है। पत्र के जरिये राज्य की जनता के हित में पूर्ववर्ती राज्य सरकार के जरिये लागू लैंड बैंक को समाप्त करने, 2017 में भूमि सुधार कानून में किए गए संशोधन को समाप्त करने तथा पिछड़े वर्ग के उत्थान एवं सामाजिक विकास के लिए अलग पिछड़ा वर्ग कल्याण मंत्रालय का गठन करने की मांग की।

उन्होंने कहा कि राज्यहित में यह एक जरूरी कदम है जो सीधे जनजीवन को प्रभावित करने वाला है। पिछली सरकार द्वारा जो लैंड बैंक बनाया गया

है उससे झारखंड में लाखों परिवार आज भी सीधे प्रभावित हो रहे हैं।

लैंड बैंक,भूमि सुधार कानून में परिवर्तन ने झारखंड में विवादों की संख्या बढ़ा दी है। ग्रामीण क्षेत्रों में निवास करने वाली अधिकांश ग्रामीण आबादी आज इन कानूनो से प्रभावित है, इन कानूनो का अपरोक्ष रूप से फायदा पूंजीपतियों को हो रहा है।

भारतीय जनता पार्टी के शासनकाल में झारखंड में पिछड़ी जाति की घोर उपेक्षा की गई है उनके आरक्षण का दायरा 27प्रतिशत से घटकर 14प्रतिशत भाजपा के शासनकाल में कर दिया गया। आज भी भाजपा पिछड़े जातियों को वोट बैंक की तरह इस्तेमाल करती है। झारखंड में पिछड़ी जातियों के सामाजिक,आर्थिक विश्लेषण और अध्ययन तथा उनके विकास के लिए अलग से पिछड़ा वर्ग कल्याण मंत्रालय का गठन किया जाना आवश्यक है ताकि झारखंड के विकास में पिछड़ी जातियां समाज की एक मजबूत धुरी बन सके।

सुप्रीम कोर्ट का सोमनाथ मंदिर के पास बुलडोजर कार्रवाई पर रोक से इनकार

एजेंसी

नई दिल्ली । सुप्रीम कोर्ट ने सोमनाथ मंदिर के पास बुलडोजर कार्रवाई पर रोक लगाने से फिलहाल इनकार कर दिया है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि राज्य सरकार का जवाब आने दीजिए। अगर हमें लगता है कि अधिकारियों ने कोर्ट की अवमानना की है तो हम न केवल उन्हें जेल भेजेंगे बल्कि वहां यथास्थिति फिर से बहाल करने का भी निर्देश देंगे। सुप्रीम कोर्ट ने गुजरात सरकार को नोटिस जारी करते हुए मामले की अगली सुनवाई 16 अक्टूबर को करने का निर्देश दिया। सुप्रीम कोर्ट में दायर अवमानना याचिका में कहा गया है कि सुप्रीम कोर्ट के बुलडोजर एक्शन पर रोक के आदेश के बाद भी बड़े पैमाने पर तोड़फोड़ की कार्रवाई गई है। गिर सोमनाथ के कलेक्टर और अन्य अधिकारियों के खिलाफ अवमानना कार्रवाई की मांग की गई है।

17 सितंबर को सुप्रीम कोर्ट ने अपने आदेश में आरोपितों को सजा देने के तौर पर इस्तेमाल हो रहे बुलडोजर जस्टिस पर लगाम कसते हुए विभिन्न राज्यों में हो रही बुलडोजर कार्रवाई पर रोक लगा दी थी। सुप्रीम कोर्ट ने कहा था कि अगली सुनवाई तक बिना कोर्ट की इजाजत के इस दरम्यान कोई बुलडोजर कार्रवाई नहीं होगी। हालांकि कोर्ट ने साफ किया था कि अगर सार्वजनिक सड़क, फुटपाथ, रेलवे लाइन पर किसी भी तरह का अतिक्रमण है तो उसे हटाया जा सकता है। उसके हटाये जाने पर कोई रोक नहीं है।

12 से 25 अक्टूबर के बीच होंगे सवा लाख बेरोजगारों के पंजीयन

प्रधानमंत्री इंटर्नशिप पायलट प्रोजेक्ट की शुरुआत

एजेंसी

नई दिल्ली । केंद्रीय बजट में प्रधानमंत्री इंटर्नशिप का पायलट प्रोजेक्ट शुरू करने की घोषणा की गई थी। इस प्रोजेक्ट की गुरुवार को विधिवत शुरुआत कर दी गई है। पहले बैच में सवा लाख बेरोजगारों को प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसके लिए पंजीयन 12 से 25 अक्टूबर के बीच में किये जा सकेंगे।

पहले बैच में महाराष्ट्र, गुजरात, उत्तराखंड, तेलंगाना के उम्मीदवारों को मौका मिलेगा। जिन कंपनियों में प्रशिक्षण होगा। 3 से 10 अक्टूबर तक उन कंपनियों का पंजीयन पोर्टल में होगा। 12 से 25 अक्टूबर के बीच में उम्मीदवारों द्वारा पंजीयन कराये जा सकेंगे। 26 अक्टूबर को सूची शॉर्ट लिस्ट की जाएगी। 27 अक्टूबर से 7 नवंबर के बीच में कंपनियां उम्मीदवारों का चयन करेंगी। 2 दिसंबर से प्रशिक्षण 12 महीने का शुरू होगा। प्रशिक्षण करने वालों को केंद्र सरकार की ओर से प्रतिमाह आर्थिक सहायता दी जाएगी। योजना में 21 से 24 साल तक के युवा आवेदन कर सकेंगे।

जमीन घोटाले में राजस्व कर्मचारी सहित 11 आरोपितों की न्यायिक हिरासत अवधि बढ़ी

संवाददाता

रांची । पीएमएलए के विशेष न्यायाधीश योगेश कुमार की अदालत ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से जुड़े बड़गाई अंचल की 8.46 एकड़ जमीन घोटाले में निलंबित राजस्व कर्मचारी भानु प्रताप प्रसाद सहित 11 आरोपितों की न्यायिक हिरासत अवधि 16 नवंबर तक बढ़ा दी है। इससे पूर्व जेल में बंद आरोपितों को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से अदालत के समक्ष पेश किया गया। पेशी के बाद अदालत ने भानु प्रताप प्रसाद, झामुमो नेता अंतु तिर्की, मो. सद्दाम, मो. अफसर अली, विपिन कुमार सिंह, प्रियरंजन सहाय, इरसाद अख्तर, शेखर कुशवाह, हजारीबाग के कोर्ट कर्मी मो इरशाद, कोलकाता के रजिस्ट्रार ऑफ एश्योरेंस के कर्मी तापस घोष और चौकीदार संजीत कुमार की न्यायिक हिरासत अवधि बढ़ा दी है। मामले में जमानत पर चल रहे मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की हाजिरी भी दी गई। तीन आरोपितों आर्किटेक्ट बिनोद कुमार सिंह, जमीन के मूल रैयत राजकुमार पाहन एवं मनोज कुमार यादव ने व्यक्तिगत रूप से पेश होकर जज के सामने हाजिरी लगाई।

पूजा सिंघल ने जब्त दस्तावेज का कोर्ट में किया अवलोकन

रांची । मनरेगा घोटाले के जरिए अवैध कमाई करने और उन पैसों की मनी लाउंड्रिंग मामले की आरोपित निलंबित आईएएस पूजा सिंघल ने शुक्रवार को ईडी की ओर से जब्त दस्तावेज का पी कोर्ट रूम में बैठकर अवलोकन किया। उनके साथ जमानत पर चल रहा आरोपित अभिषेक झा का सीए सुमन कुमार ने भी साथ में दस्तावेज को पढ़ा और कुछ बिंदुओं को नोट किया।

कोयला व खान राज्य मंत्री सतीश चंद्र दुबे तीन दिवसीय दौरे पर रांची पहुंचे

रांची । कोयला एवं खान राज्य मंत्री सतीश चंद्र दुबे झारखंड के तीन दिवसीय दौरे के तहत शुक्रवार को रांची पहुंचे। रांची हवाई अड्डे पर पहुंचने पर सीसीएल सीएमडी श्री निलेंदु कुमार सिंह,सीएमडी सीएमपीडीआई श्री मनोज कुमार एवं अधिकारियों ने उनका स्वागत किया।अपने प्रवास के दौरान श्री दुबे झारखंड में कोयला एवं खनन क्षेत्र को बढ़ाने के उद्देश्य से कई महत्वपूर्ण कार्यक्रमों में भाग लेंगे। पहले दिन वे सीएमपीडीआईएल के अधिकारियों के साथ चल रही परियोजनाओं का आकलन करेंगे। दूसरे दिन मंत्री घाटशिला में हिंदुस्तान कॉपर लिमिटेड का दौरा करेंगे, जहां उनसे क्षेत्र में खनन उद्योग को बढ़ावा देने के लिए परिचालन रणनीतियों और विकास योजनाओं पर चर्चा करेंगे । यात्रा के तीसरे दिन एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम होगा, जहां श्री दुबे बोकारो और करगली क्षेत्रों में सीसीएल के कारो कोल हैंडलिंग प्लांट और कोनार कोल हैंडलिंग प्लांट की आधारशिला रखेंगे। इस पहल से कोयला परिवहन में वृद्धि और क्षेत्र में परिचालन की समग्र दक्षता में योगदान मिलेगी । श्री दुबे ने कोयला और खनन क्षेत्र में विकास को बढ़ावा देने के लिए अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की, जो झारखंड और राष्ट्र के आर्थिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। मंत्री के इस दौरे से राज्य में कोयला और खनन के बुनियादी ढांचे को मजबूत करने, रोजगार सृजन और सतत विकास सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

स्लाइन नष्ट करने के मामले की जांच के लिए पहुंची जांच टीम

साहिबगंज । जिले के सदर अस्पताल परिसर स्थित वेयर हाउस में स्लाइन काटकर नाली में बहाने के मामले डीसी के निर्देश पर दो सदस्यीय जांच टीम शुक्रवार की देरशाम जांच के लिए सदर अस्पताल पहुचे। जांच टीम में आईटीडीए निदेशक संजय कुमार दास व सदर एसडीओ अंगार नाथ स्वर्णकार थे। इस दौरान जांच ने एएनएम भवन स्थित स्टोर रूम गए। हालांकि स्टोर बन्द मिला। वही इसके बाद वेयर हाउस में भी जाने बाद वो भी बंद पाया गया। इस संबंध में जांच टीम ने अस्पताल मैनेजर यशवंत राव से पूछताछ भी है। वही जांच के दौरान कोई कर्मी नही पाने पर अब शनिवार की सुबह सात टीम इस मामले अस्पताल पहुच जांच करेगी।

नवरात्र के अवसर पर हाजीपुर में भागवत कथा का आयोजन

मंड़रो,साहिबगंज। सदर प्रखंड क्षेत्र के हाजीपुर फौजदारी दुर्गा मंदिर परिसर में वृंदावन से आई साध्वी कृष्ण प्रिया जी के द्वारा भागवत कथा पर आधारित प्रवचन दुर्गा पूजा समिति द्वारा प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी आयोजित किया गया है।जहां हजारों की संख्या में महिला पुरुष भागवत कथा को श्रवण करने के लिए उमड़ पड़े हैं।प्रवचन में साध्वी कृष्ण प्रिया ने बताई की, भागवत कथा को अमर कथा कहा जाता है।अमर कथा इसलिए कहा जाता है,कि स्वयं देवाधिदेव महादेव जी इस कथा को मां भगवती पार्वती को सुनाते हैं।इस कथा को बढ़ाते हुए प्रेम प्रसंग पर प्रवचन किया गया। जिसमें कृष्णा जी ने बताई की नारद जी प्रेम शब्द को खोजने के लिए ब्रह्मा व विष्णु सभी के पास जगह भ्रमण किया।लेकिन शंकर भगवान के पास आने के बाद नारद जी ने देखा की भोलेनाथ माँ भगवती को भागवत कथा प्रसंग सुना रहे थे।जिसमें उनके अर्ध नागेश्वर गले में मुंड की माला इस रहस्य पर चर्चा करते हुए बताई,कि जब-जब माँ भगवती जन्म लेकर शरीर को त्याग की है,उस समय का मुंड माला पहन लेते हैं।यहां स्नेह व प्रेम की बात कही गई है।वहीं विष्णु जी एवं लक्ष्मी जी, बाबा भोलेनाथ एवं मां भगवती की प्रसंग पर प्रेम की उत्पत्ति बताई गई।भक्त व भगवान,सत्यवान व सावित्री की बात कह पति पत्नी की भी प्रेम प्रगाढ़ होनी चाहिए की बात कही गई।

ई रिक्शा पलटने से बच्चा समेत चार लोग घायल,अस्पताल में भर्ती

साहिबगंज। जिले के तालझारी थाना क्षेत्र के सुखसेना में शुक्रवार की शाम ई-रिक्शा पलटने से बच्चा समेत चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घायल में सरकंडा के रहने वाला शिव कुमार रजक,व सरकंडा के रानी बेवा,साथ ही कन्हैया स्थान के साजन मंडल व बाबूपुर मस्कालैया के चार वर्षी बच्चा शशिदेव कुमार मंडल है। वे साहिबगंज से कन्हैया स्थान जा रहा था। इसी दौरान सुखसेना के पास एक बच्चा सामने से पार हो रहा था। इसबीच उसे बचाने के दौरान ई रिक्शा पलट गया। इसमे उक्त बच्चा समेत चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गया। वही टोटो में चालक समेत सात लोग सवार थे। वही सभी घायल का इलाज सदर अस्पताल में चल रहा है। उधर पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

जिला अस्पताल में चल रहा अंधविश्वासी झाड़ फूंक का खेल, अस्पताल प्रबंधन मौन

साहिबगंज। जिले के सदर अस्पताल भगवान भरोसे ही चल रहा है।जिला सदर अस्पताल में मरीजों को समय पर भले ही इलाज ना मिले,लेकिन झाड़ फूंक की सुविधा जरूर मिल सकती है।भले ही ज्ञान विज्ञान की बातें की जाती हो लेकिन आज भी ऐसी तस्वीरे देखने को मिल जाती है जो एक साथ कई सवाल खड़े कर देती है।जहाँ शुक्रवार की अहले सुबह सदर अस्पताल की ऊपरी तल्ला महिला वार्ड में भर्ती राजमहल निवासी मैनात खातून महिला के साथ झाड़ फूंक का खेल चल रहा था।सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार झाड़-फुक करने वाले झाड़ फूंक का चार्ज पचास रुपया व ताबीज एवं अंगूठी को देने पर मरीज से एक सौ रुपया का चार्ज किया करता है 7 आज भी हमारे ऐसे कई राज्य हैं जहां पर की अंधविश्वास चरम पर है।हालांकि जिन लोगों को अंधविश्वास है।उनकी पुरानी परंपरा है.और अभी भी उस परंपरा पर कायम है। वहीं अस्पताल में मरीज के साथ झाड़ फूंक का खेल सुबह से चल रहा था।अस्पताल की कर्मचारी मुख दर्शक बनकर देख रहे थे।कोई भी कर्मचारी इस झाड़ फूंक को रोकने का जहमत नहीं उठा रहे थे।इस अंधविश्वास का मंजर को देखकर अस्पताल प्रशासन पर कई सवाल खड़े कर दिए.अस्पताल प्रबंधन क्या कर रहा था ।

अबुआ आवास में घूस लेता मुखिया पति गिरफ्तार

बोकारो । बेरमो के नावाडीह प्रखंड के चपरी पंचायत की मुखिया आरती देवी के पति सुंदर महतो को एसीबी धनबाद की टीम ने शुक्रवार को नावाडीह बैक आंफ इंडिया शाखा परिसर से दस हजार रुपये रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। मुखिया पति ने पंचायत के नवाटांड के लाभुक धुजा सिंह की पत्नी से अबुआ आवास योजना के एवज में तीस हजार रिश्वत की मांग की थी, जिसकी पहली किस्त की राशि दस हजार दी थी। इससे पूर्व लाभुक ने धनबाद एसीबी की टीम से लिखित शिकायत की थी। एसीबी की टीम ने जांच-पड़ताल कर आज जाल बिछाकर गिरफ्तार कर धनबाद ले गई। जानकारी के अनुसार, झारखंड सरकार राज्य में आवास विहीन लाभुक को पक्का मकान देने का वादा को पूरा करते हुए तीन कमरों वाले अबुआ आवास योजना चला रही है, जिसके तहत लाभुक को दो लाख रुपये किस्तवार बैंक खाते में भेजी जाती है। साथ ही मनरेगा योजना से लगभग बीस हजार मजदूरी दर में भुगतान की जाती है। प्रखंड कार्यालय से संचालित इस योजना में लाभुक को प्रथम किस्त में तीस हजार व द्वितीय किस्त मे पचास हजार का भुगतान किया जा चुका है, जिसे लेकर मुखिया पति व वार्ड नम्बर दो के सदस्य ने तीस हजार की रिश्वत की मांग लाभुक से की थी। शुक्रवार को लाभुक दस हजार रुपये बैंक से निकालकर देने का वादा करने पर मुखिया पति व वार्ड सदस्य नावाडीह आए थे ।

कमलेश सिंह के योगदान से झारखंड में परिवर्तन को बल मिलेगा : हिमंता

संवाददाता

रांची । भाजपा प्रदेश कार्यालय में शुक्रवार को मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर असम के मुख्यमंत्री सह झारखंड भाजपा के चुनाव सह प्रभारी हिमंता बिस्वा सरमा और प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी की मौजूदगी में एनसीपी के प्रदेश अध्यक्ष व हुसैनाबाद विधायक कमलेश कुमार सिंह भारतीय जनता पार्टी में शामिल हुए। उनके साथ सैकड़ों समर्थकों ने भी भाजपा की सदस्यता ली।मौके पर हिमंता बिस्वा सरमा ने कहा कि भाजपा के सदस्य के रूप में पूर्व से ही कमलेश सिंह रहे हैं। आज केवल तकनीकी औपचारिकता पूरी हुई है। धीरे-धीरे समय आ रहा है, चुनाव की घोषणा होगी। कमलेश से आग्रह है कि सबको साथ लेकर चलें। इस बार झारखंड में पूर्ण बहुमत से एनडीए की सरकार बनेगी। सबका विश्वास हो तो परिवर्तन को कोई रोक नहीं सकता है। कमलेश के योगदान से परिवर्तन को बल मिलेगा। विकास के मापदंड पर प्रथम पांच राज्यों में झारखंड को ले जाना है।

कमलेश के आने से भाजपा को बल मिलेगा : बाबूलाल मरांडी

प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने कहा कि वर्ष 2005 में सत्ता संकट थी। सरकार में रहते हुए कमलेश सिंह ने भाजपा का साथ दिया। भाजपा ने जब आवाज दी, तब कमलेश साथ देने के लिए तैयार रहे। उनके आने से झारखंड में भाजपा को नयी ऊर्जा पर ताकत मिलेगी। एनसीपी से बात करके ही कमलेश भाजपा ज्वाइन किए हैं। भारतीय जनता पार्टी में सभी का स्वागत है। जो संगठन के कार्यकर्ता हैं, वे बड़े लक्ष्य को देखें?। झारखंड को मुश्किल से निकालना है।

झारखंड की तस्वीर और तकदीर भाजपा ही बदलेगी : कमलेश सिंह

विधायक कमलेश सिंह ने कहा कि देश की सबसे बड़ी पार्टी बीजेपी से जुड़कर गर्व महसूस हो रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी विश्व के सबसे लोकप्रिय नेता हैं। झारखंड की तस्वीर और तकदीर भाजपा ही बदलेगी। वे पूरे पलामू प्रमंडल में भाजपा की जीत सुनिश्चित करेंगे। उन्होंने कहा कि भाजपा एक समुंद्र है। विरोधियों की कोई हैसियत नहीं है। एक सिपाही की तरह भाजपा से जुड़कर काम करेंगे। उन्होंने कहा कि पिछले पांच वर्षों में झारखंड में बेरोजगारी, लूट, घुसपैठिए, बलात्कार, हत्या बढ़ी है। चुनाव के वक्त जनता से झूठे वादे किए गए। उन्हें झूठा आश्वासन दिया गया?। वर्तमान सरकार की कथनी और करनी में अंतर है। वे वहां लाचार महसूस कर रहे थे।पूर्व प्रदेश अध्यक्ष और ज्वाइनिंग कमेटी के संयोजक रविंद्र कुमार राय ने कहा कि भाजपा निराशा और हताशा में आशा का संचार करने वाली पार्टी है। पार्टी सबको साथ लेकर चलती है। भाजपा राज्य की निर्माता है। राज्य को बचाने और विकास करने की जिम्मेदारी भी भाजपा की ही है। भाजपा ज्वाइन करने वालों में एनसीपी के राष्ट्रीय प्रवक्ता सूर्या सोनम सिंह, प्रदेश महासचिव गोपाल सिंह, अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष मन्नान खान, महिला प्रकोष्ठ की प्रदेश अध्यक्ष श्रीमती कुंदन कुमारी, प्रदेश उपाध्यक्ष अखिलेश मेहता, प्रदेश संगठन मंत्री आदर्श सिंह, पलामू जिला अध्यक्ष संदीप पासवान सहित हाजी अब्बास अंसारी, विनय कुमार पासवान, बिमलेश सिंह, हंसराज कुमार सिंह, अभिषेक कुमार सिंह हरि, सोनू सिंह, जीशान हसन, रतनलाल, श्रीमती अंजली शर्मा, ओमप्रकाश राजवंशी, संजय सिंह, बिरेंद्र सिंह, रवि रंजन सिंह, रुद्र प्रताप सिंह, अजीत सिंह, देवेंद्र कुमार सिंह, हसनैन अंसारी, उदय मेहता, श्रीमती बबीता सिंह, अकबर खान ।

21 करोड़ 38 लाख की लागत से होगा महाराजपुर-शर्मापुर सड़क का कायाकल्प : विधायक

साहिबगंज/राजमहल

राजमहल जाने के लिए लाइफलाइन कहि जाने वाली महाराजपुर से शर्मापुर पीडब्ल्यूडी सड़क का मरम्मती का काम 21 करोड़ 38 लाख की लागत से होगा। शुक्रवार को राजमहल विधायक अनन्त ओझा ने तीन पहाड़ से इसकी शुभारंभ किया। महाराजपुर से शर्मापुर पीडब्ल्यूडी सड़क का निर्माण पूर्ववर्ती भाजपा सरकार में 97 करोड़ की लागत से निर्माण कराया गया था,बनने के बाद से अब तक इसकी मरम्मती नहीं हो पायी थी,इस सड़क पर ज्यादा ट्रैफिक लोड होने के कारण सड़क जर्जर स्थित में हो गयी थी और बीच-बीच मे गढ्ढे हो गए थे। उधवा,राजमहल और तीन पहाड़ से आने वाले लोग ज्यादातर यही रास्ता का उपयोग करते हैं उनके लिए यह सड़क लाइफलाइन हैं पिछले भाजपा सरकार में राजमहल विधायक अनंत ओझा के अनुशंसा पर महाराज पुर से शर्मापुर तक पीडब्ल्यूडी सड़क का निर्माण कराया गया था लम्बे समय से सड़क का रखरखाव नहीं होने के कारण सड़क थोड़ी जर्जर स्थित में हो गयी जिस कारण दुर्घटना का भी खतरा बढ़ गया था इसी को देखते हुए राजमहल विधायक अनन्त ओझा ने इस सड़क का निर्माण को लेकर अनुशंसा किया था। सड़क का निर्माण के लिए 21 करोड़ 38 लाख स्वीकृत हो गयी। जल्द ही विभागीय प्रक्रिया पूरा करके काम को शुरू कर दिया जाएगा। जिसका शुभारंभ किया गया। इस से पहले राजमहल नया बाजार से मिर्जाचौकी तक फोरलेन से अतिरिक्त पीडब्ल्यूडी सड़क का निर्माण 46 करोड़ की लागत से चल रहा हैं.दोनों सड़क का निर्माण होने से उधवा,राजमहल,मंगलहाट,तीन पहाड़,तालझारी,कल्याणचक, सहित कई क्षेत्रों के लोगो को फायदा होगा। इस अवसर पर राजमहल विधायक अनन्त ओझा ने कहा कि महाराजपुर से शर्मापुर तक सड़क का निर्माण मेरे मांग पर पूर्ववर्ती भाजपा सरकार में कराया गया था सड़क का लम्बे समय से रखरखाव नहीं हो पाया था इसको लेकर मेरे द्वारा मांग किया गया था कि सड़क का मरम्मती जल्द कराया जाए। जो आज शुभारंभ हो गया हैं इस से पहले मेरे द्वारा लगातार मांग के बाद नया बाजार से मिर्जाचौकी तक फोरलेन से अतिरिक्त जर्जर पीडब्ल्यूडी सड़क का निर्माण 46 करोड़ की लागत से हो रहा हैं जल्द ही दोनों सड़क की हालात बेहतर स्थित में होगी। जिस से लोगो को आवागमन में सहूलियत होगी। मिर्जाचौकी से फरक्का तक फोरलेन का पहले चरण का काम तेजी से चल रहा हैं सकरी से केलाबाड़ी तक फोरलेन का काम तेजी से चल रहा हैं केलाबाड़ी से आतापुर तक पीडब्ल्यूडी सड़क का निर्माण कराया गया।

सीएस ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बोरियो का औचक निरीक्षण किया

साहिबगंज । सिविल सर्जन साहिबगंज डॉ प्रवीण कुमार संथालिया के द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बोरियो का औचक निरक्षण किया गया। जिसमे ओपीडी, आईपीडी प्रसव कक्ष,कोल्ड चैन , लब, अस्पताल मे साफ -सफाई आदि को देखे । साथ ही ग्रामीणों द्वारा किए गए शिकायत को वहां उपस्थित चिकित्सक एवं पैरामेडिकल कर्मियों को तुरंत निष्पादन करने एवं आमजनों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने हेतु बैठक कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए।निरीक्षण के क्रम में चिकित्सक एवं कुछ कर्मियों के देर से ड्यूटी आने पर रोष प्रकट करते हुए समय पर ड्यूटी आने का निर्देश दिए आगे से अनुपस्थित पाए जाने पर नियमानुसार कारवाई करने हेतु चेतावनी दी गई।

चौकीदार बहाली में दर्जनों छात्र के एडमिट कार्ड जारी न होने से छात्रों में आक्रोश

साहिबगंज । चौकीदार बहाली में एडमिट कार्ड जारी न होने पर छात्रों ने अपनी नाराजगी जताई है। छात्रों का कहना है कि इस समय पर एडमिट कार्ड नहीं मिलने से उनकी तैयारी और परीक्षा में हिस्सा लेने की संभावना पर असर पड़ा है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों से जल्द समाधान की मांग की है। ताकि वह परीक्षा में शामिल हो सके छात्रों ने यह भी चेतावनी दी है कि यदि जल्द कोई कदम नहीं उठाया गया। तो वह उग्र आंदोलन कर सकते हैं और उच्च न्यायालय का भी दरवाजा खटखटा सकते हैं। छात्रों ने बताया कि बीट के अंदर आने वाले छात्रों का एडमिट कार्ड अब तक प्राप्त नहीं हुआ है जब के सारे दस्तावेज अंचल कार्यालय में समेट भी कर दिया गया है।

आरपीएफ ने एक टिकट दलाल को किया गिरफ्तार

रांची । रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) ने रांची के पटेल चौक से टिकट दलाल को गिरफ्तार किया है। दलाल का नाम पिंटू कुमार है। वह हरमू हाउसिंग कॉलोनी का रहने वाला है। रांची आरपीएफ निरीक्षक डी. शर्मा ने शुक्रवार को बताया कि रांची मंडल सुरक्षा आयुक्त पवन कुमार के निर्देश पर दुर्गा पूजा के मद्देनजर आरपीएफ ने टिकट दलालों पर नकेल कसने के लिए लगातार अभियान चला रही है । इसी क्रम मे गुप्त सूचना के आधार पर पटेल चौक में गुप्त निगरानी के दौरान रांची पोस्ट के निरीक्षक डी. शर्मा के नेतृत्व एक व्यक्ति को शक के आधार पर पकड़ा गया। इसके पास से तलाशी के दौरान 19 हजार 200 रुपये का लाइव और पुराना रेलवे टिकट बरामद किया गया। पूछताछ में टिकट दलाल ने बताया कि वह उन टिकटों को रेलवे स्टेशन के पीआरएस काउन्टर से दूसरे व्यक्ति से कमीशन का पैसा लेकर देने के लिए खरीदा था।

एमजी के प्रभारी प्राचार्य ने जीबी के अध्यक्ष का आदेश मानने से किया इंकार

रानीश्वर (दुमका) । मयूराक्षी ग्रामीण महाविद्यालय में प्रभारी प्रचार्य उदय प्रसाद सिंह को शासी निकाय के अध्यक्ष सह सांसद नलिन सोरेन ने पद भार मुक्त कर बिभास चंद्र झा को प्रभारी प्राचार्य मनोनीत किया है । उस आदेशनुसार शासी निकाय के सचिव डा असीम कुमार लायेक ने पत्र निर्गत कर श्री झा को प्रभार लेने का पत्र निर्गत किया है । वह शुक्रवार यहां प्रभार लेने कालेज पहुंचे थे ।प्राचार्य श्री सिंह प्रभार देने से इनकार कर दिया है। बताया है की बिना जीबी के बैठक के उन्हें प्रभार मुक्त करने का आदेश अध्यक्ष श्री सोरेन का एकतरफा आदेश है ।जिस आरोप के आधार पर उन्हें पद भार मुक्त करने का आदेश निर्गत किया है उस विषय को लेकर उनका पक्ष नहीं लिया है ।एक दिन की शॉर्ट नोटिस पर राष्ट्रीय छुट्टी के दिन जीबी की बैठक बुलाया था ।उस बैठक का कोरम पूरा नहीं होने का कारण बैठक स्थगित हो गया था ।तत्पश्चात श्री सोरेन ने बिना उनके पक्ष जाने प्रभार मुक्त करने का आदेश दिया है। जिसको लेकर शुक्रवार श्री सिंह ने प्रेसकॉन्फ्रेंस कर किय बड़े बड़े घोटाले का खुलासा, उन्होंने साफ साफ शब्दों में कहा है की उनको पदभार मुक्त करने झूठ का सहारा ले जा रहा है, उन्होंने खुलासा कर बताया कि उनके प्रभार लेने के पूर्व इस महाविद्यालय में जमीन घोटाले, शिक्षक नियुक्त घोटाले, महाविद्यालय का भवन निर्माण घोटाले, और भी बहुत सी घोटाले हुआ है। जिनके जानकारी मिलने पर उन्होंने हर वार महाविद्यालय के सचिव डा लायेक से जब जब करवाई करने की मांग की तब तब सचिव ने उन्हें मना कर दिया है। आखिर सचिव को कौन सी डर है या किसके इशारे पर चल रहे है। इस महाविद्यालय में दुकानदारी की कारोबार चलाने नहीं देंगे?। प्रभारी प्रचार्य उदय प्रसाद सिंह ने कहा है कि उनका नियुक्ति के समय योग्यता से लेकर एक एक चिज की जांच की गई थी। सभी की सहमति से प्रभारी प्रचार्य नियुक्त किया गया था। जबकि सांसद के द्वारा मनोनीत शिक्षक बिभास चंद्र झा को प्रभारी प्रचार्य की जिम्मेवारी दिया गया है। जिनके पास ना ही योग्यता है ओर नहीं एक्सपीरियंस है जबकि और भी कोई पीएचडी वाले वरिष्ठ शिक्षक हैं। श्री झा की नियुक्ति में भी एक प्रश्न उठ रहा है। श्री सिंह ने बताया कि महाविद्यालय के पूर्व प्रचार्य श्री आब्दुल रहिस खान ने महाविद्यालय के सारी जमीन की रजिस्ट्री आपने नाम पर कर लिया है जबकि नियमनुसार महाविद्यालय के सभी जमीन की रजिस्ट्री महामहिम राज्यपाल के नाम पर ही होना होना चहिये था। उदय प्रसाद सिंह ने कहा की शासी निकाय के अध्यक्ष सह सांसद श्री सोरेन को शायद यह सब बात कि जानकारी नहीं मिला है। उनको मेरी खिलाफ भड़काया गया है। मैं अगर गलत हुं तो एक उच्च स्तरीय जांच कमेटी का चयन कर इन सभी बिन्दुओं पर जांच किया जाए दूध का दूध पानी का पानी हो जायेगा ।

लातेहार में एक लाख का इनामी नक्सली गिरफ्तार

लातेहार । पुलिस ने छापेमारी अभियान चलाकर एक लाख के इनामी माओवादी नक्सली गुलशन उरांव को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार नक्सली मनिका थाना क्षेत्र के हाटा गांव का रहने वाला है। डीएसपी भरत राम ने शुक्रवार को पत्रकार वार्ता में बताया कि लातेहार एसपी कुमार गौरव को गुप्त सूचना मिली थी कि माओवादी नक्सली गुलशन उरांव मनिका थाना क्षेत्र के कुमण्डीह रेलवे स्टेशन के निकट लेवी वसूलने के लिए आया हुआ है। सूचना के बाद पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर पुलिस की टीम गठित की गई और नक्सली के गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की गई। पुलिस जैसे ही वहां पहुंची तो एक संदिग्ध व्यक्ति पुलिस को देखकर भागने का प्रयास किया, जिसे हिरासत में लेकर पूछताछ की गई तो पता चला कि गिरफ्तार किया गया नक्सली गुलशन उरांव है ।

पीएम राहत कोष से नौ माह में ईलाज को मिले 59 लाख : संजय सेठ

रांची । केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री सह रांची के सांसद संजय सेठ की अनुशंसा पर प्रधानमंत्री राष्ट्रीय आपदा राहत कोष से रांची लोकसभा क्षेत्र के 25 लोगों को उपचार के लिए लगभग 59 लाख रुपए की राशि प्रदान की गई है। जनवरी 2024 से सितंबर 2024 के बीच यह राशि संबंधित अस्पतालों को दी गई है। उन्होंने शुक्रवार को कहा कि सांसदों की अनुशंसा पर प्रधानमंत्री राष्ट्रीय आपदा राहत कोष से गंभीर बीमारी के उपचार के लिए प्रधानमंत्री की स्वीकृति पर देश के गरीब लोगों को राशि उपलब्ध कराई जाती है। उन्होंने कहा कि मेरे सांसद बनने के बाद ही अब तक बड़ी संख्या में लोगों को इलाज के लिए राशि उपलब्ध कराई गई है। जनवरी 2024 से सितंबर 2024 के बीच जो राशि उपलब्ध कराई गई है, वह 59 लाख रुपए है। जिसमें प्रमुख रूप से किडनी, कैंसर, किडनी ट्रांसप्लांट जैसी गंभीर बीमारियां शामिल हैं।

विद्यालय प्रबंधन समिति पुर्नगठन हेतु आम सभा रद्द,अभिभावकों में आक्रोश जताया विरोध

उधवा संताल एक्सप्रेस । प्रखंड क्षेत्र के उत्तरी सरफराजगंज पंचायत अंतर्गत राजकीय मध्य विद्यालय फुदकीपुर में शुक्रवार को होने वाली विद्यालय प्रबंधन समिति की पुनर्गठन की बैठक को किसी कारण वश रद्द कर दी गई। हांलांकि बैठक रद्द होने से आक्रोशित अभिभावक एवं ग्रामीणों ने कुछ देर तक विरोध प्रदर्शन किया। ग्रामीण बैठक कराने की जिद पर अड़े थे। जानकारी के अनुसार राजकीय मध्य विद्यालय फुदकीपुर में शुक्रवार को विद्यालय प्रबंधन समिति की पुनर्गठन को लेकर बैठक की तिथि निर्धारित हुई थी। जहां पर्यवेक्षक के रूप में बीआरपी बैद्यनाथ ठाकुर उपस्थित हुए। उधर बैठक में बच्चों के अभिभावकगण भी शामिल हुए। इस दौरान बैठक किसी कारण वश रद्द कर दिया गया। उधर बैठक रद्द होते ही अभिभावक आक्रोशित हो गए और विरोध जताने लगे। अभिभावकों ने बताया कि बार बार अनैतिक रूप से बैठक को रद्द कर दिया जा रहा है। हमलोग मजदूर होने के कारण सभी अपने काम काज को छोड़कर बैठक में शामिल होते है।इसके बावजूद बैठक को रद्द कर लोगों को बेवजह परेशान कर रहे है। आगे बताया कि एसएमसी की पुनर्गठन को लेकर पिछले 26 सितंबर को तिथि निर्धारित की गई थी और किसी कारणवश उस बैठक को भी रद्द कर दी गई थी।

राजमहल अंचल के नए सीओ ने पदभार संभाला

साहिबगंज/राजमहल । अंचल में नए अंचल अधिकारी के रूप में मोहम्मद यूसुफ ने शुक्रवार को पदभार ग्रहण कर लिया है। जानकारी के अनुसार नए अंचल अधिकारी मोहम्मद यूसुफ ने निवर्तमान अंचलाधिकारी अशोक कुमार सिन्हा से पदभार ग्रहण किया। इस दौरान ने अंचलाधिकारी मोहम्मद यूसुफ ने कहा कि जनता की समस्या का समाधान करना पहली प्राथमिकता होगी। उन्होंने कहा कि किसी भी समस्या को लेकर उनसे मिलें त्वरित समस्या का समाधान किया जाएगा।

विहिप और दुर्गा वाहिनी पथ संचलन कार्यक्रम आयोजित

बरहरवा संथाल एक्सप्रेस । विहिप, बजरंग दल के बैनर तले शारदीय नवरात्रि के दूसरे दिन शुक्रवार को बरहरवा में दुर्गावाहिनी पथ संचलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से विहिप, बजरंग दल के जिला मंत्री गोपाल चंद्र शाह उर्फ गोपी, मातृशक्ति बाल संस्कार केंद्रीय प्रांतीय प्रमुख शशि शर्मा व दुर्गा वाहिनी जिला संयोजिका सुष्मिता कुमारी शामिल हुई। सर्वप्रथम कार्यक्रम का उद्घाटन छाताडंगाल मैदान दुर्गा मंदिर समिप स्थित हनुमान मंदिर में परमानंद बाबा के द्वारा शस्त्र पूजन कर किया गया। तत्पश्चात विहिप, बजरंग दल, दुर्गा वाहिनी, मातृशक्ति के सैकड़ों की संख्या में उपस्थित भीड़ ने जयकारा वीर बजरंगी, हर-हर महादेव, जय मां दुर्गे, जय श्री राम, मातृशक्ति जिंदाबाद, हिंदू राष्ट्र जिंदाबाद आदि के गर्मजोशी के साथ जयकारे लगाए। वहीं शस्त्र पुजन उपरांत हनुमान मंदिर प्रांगण से शस्त्र प्रदर्शन कार्यक्रम निकाला गया, जो कि हनुमान मंदिर से चलकर स्टेशन चौक पहुंचा जहां आदित मेडिकल के प्रोपराइटर सह समाजिक कार्यकर्ता सुमन कुमार के द्वारा कार्यक्रम में शामिल समस्त मातृशक्ति , दुर्गावाहिनी एवं बजरंग दल के कार्यकर्ताओं के बीच ओआरएस एवं लिची जुस का वितरण किया गया। पुनः पथ संचलन स्टेशन चौक से हनुमान मंदिर प्रांगण पहुंच संगोष्ठी कार्यक्रम के पश्चात हनुमान मंदिर कमिटी द्वारा प्रसाद रूपी फलाहार वितरण कर पथ संचलन कार्यक्रम का समापन हुआ। विहिप, बजरंग दल जिला मंत्री गोपीजी ने कहा प्रत्येक वर्ष दुर्गापूजा के आरंभ होते ही प्रथम पूजा से अष्टमी पूजा के बीच दुर्गा वाहिनी पथ संचलन का कार्यक्रम तय की जाती है ।

महिला के मारपीट एवं छेड़खानी का आरोप

उधवा। राधानगर थाना क्षेत्र के मध्य पियारपुर पंचायत में एक विवाहिता के साथ मारपीट एवं छेड़खानी करने का मामला प्रकाश में आया है। जहां मामले को लेकर पीड़िता महिला ने राधानगर थाना में लिखित शिकायत दर्ज कर चार लोगों को आरोपी बनाया है। पीड़िता ने पुलिस से कार्रवाई की मांग की है। पुलिस को दिए गए आवेदन में पीड़िता सीमा बीबी ने बताई है कि बुधवार समय करीब 12 बजे रात्रि में वे अपने घर में सोई हुई थी कि खट्टी टोला गांव के यार मोहम्मद शेख, मध्य पियारपुर गांव के एजामूल शेख, मातिउर शेख व नजरूल शेख सभी एकजुट हाथ में हारवे हथियार से लैस होकर बिना अनुमति के घर में घुस गए। सभी आरोपित उसके साथ मारपीट कर छेड़खानी किया। वही नजरूल शेख जान मारने के नियत से गला दबाने लगा। सभी आरोपित उसके साथ मारपीट कर बुरी तरह से जख्मी कर दिया। मातीउर शेख ने उसके गले से डेढ़ भरी का माला छीन लिया। नजरूल शेख के इशारे पर सभी लोग पेट्रोल डाल कर उसे जलाने का भी प्रयास किया। वही पीड़िता ने पुलिस से न्याय की गुहार लगाई है। फिलहाल राधानगर पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही है।

रांची में पुरस्कृत हुई साहिबगंज की फुटबॉलर बेटी



साहिबगंज । झारखंड खेल विभाग की ओर से शुक्रवार को डोरंडा के शौर्य सभागार में खिलाड़ी का सम्मान नकद पुरस्कार राशि वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें साहिबगंज के बोरियो प्रखंड की सोनी स्वीटी मुर्मू को भी सम्मानित किया गया। सोनी स्वीटी मुर्मू बोरियो के छोटे के गांव बड़ा बनगामा निवासी रामजीत मुर्मू की पुत्री हैं। सोनी दुमका संत जेवियर स्कूल में 11वीं की पढ़ाई कर रही हैं। सोनी स्वीटी मध्य प्रदेश, भोपाल में हुए 66वें नेशनल स्कूल गेम्स 22-23 में झारखंड की फुटबॉल टीम की हिस्सा थीं। इस प्रतियोगिता में उन्होंने बेहतरीन खेल का प्रदर्शन किया था। हालांकि राज्य की टीम तीसरे स्थान पर रही थी। समारोह के मुख्य अतिथि खेलमंत्री मिथिलेश ठाकुर, खेल सचिव मनोज कुमार, खेल निदेशक संदीप कुमार ने खिलाड़ियों के बीच इनामी राशि का वितरण किया। इस समारोह में 21 खेलों में पदक जीतने वाले 529 खिलाड़ियों के बीच 4.3290 करोड़ रुपए की इनामी राशि का वितरण हुआ।

गृह मंत्रालय
MINISTRY OF
HOME AFFAIRS
सत्यमेव जयते

Indian
Cyber
Crime
Coordination
Centre
सहवीर्यं करवावहै • Working Together With Vigour

"इञ दो़ पुलिस डिपार्टमेंट
खो़निञ रो़ड़ेत् काना।
आमाक् पार्सल दो़ले
साप् आकादा......"

स्कैम

सो़न्तो़रो़क्पे

आपे ___________
दो़ डिजिटल अरेस्ट
स्कैम रेपे फासाव
दाड़ेयाक्आ।

आलोपे बो़तो़रो़क्आ, सो़न्तो़र ताहेंनपे!

सीबीआई/पुलिस/कस्टम/ईडी/जज दो़ आपे वीडियो कॉल रे दो़ बाको हाजो़त दाड़ेवापेया।

www.cybercrime.gov.in
रे ला़लिस दो़ ओ़ल राकाप् ओचोयपे

बाङ खान

1930

CBC 19101/13/0014/2425

ज़ासती बाडाय ला़गित् दो़ CyberDost पांजाकोपे।

भारत की जेलों में 76 फ़ीसदी विचाराधीन कैदी वर्षो से बंद

- गरीबों को नहीं मिलती जल्द जमानत भारत की जेलों में कैदियों की स्थिति चिंता का विषय है। हाल ही में जो आंकड़े आये हैं, उसमे भारत की जेलों में 76 फीसदी ऐसे कैदी बंद हैं, जिन पर कोई अपराध साबित नहीं हुआ है। आरोप के आधार पर उन्हें जेल में बंद कर दिया गया है। यह कैदी बिना किसी दोष सिद्धि के जेलों में कई वर्षों से बंद हैं। भारतीय न्यायिक और कानूनी प्रणाली की खामियों की चर्चा अब विश्व स्तर पर होने लगी है। भारत में न्यायिक प्रणाली की धीमी गति, जांच में भारी विलंब, न्यायालय में विलंब से मुकदमा पेश होना, न्यायालयों में मामलों की सुनवाई और निपटारे में देरी, जमानत देने पर ट्रायल कोर्ट और हाईकोर्ट की उदासीनता के कारण भारत की जेलों में लाखों लोग कई वर्षों से बंद हैं। भारत के नागरिकों को संवैधानिक मौलिक अधिकार मिले हैं। उनका भारत में कानूनी रूप से उल्लंघन हो रहा है। भारत की जेलों में बंद अधिकांश कैदी आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग से आते हैं, जिनके पास वकील करने या जमानत राशि भरने के लिए पैसे नहीं होते हैं। न्यायिक प्रक्रिया में देरी का खामियाजा निर्धन एवं गरीब मध्यम वर्ग के कैदियों को भुगतना पड़ता है। संविधान में वर्णित नागरिकों के मौलिक अधिकारों का खुलेआम उल्लंघन भारत में हो रहा है। भारत में पिछले कुछ वर्षों में मानव अधिकार के मामले में लगातार रैंकिंग घटती चली जा रही है। ऐसे कैदी, जो वर्षों से जेल में बंद हैं उनकी सुनवाई ट्रायल कोर्ट में भी पूरी नहीं हुई है। ट्रायल कोर्ट से उन्हें जमानत भी नहीं दी गई है। जेलों में बंद कैदियों के ऊपर दोष साबित नहीं हुआ है। इसके बाद भी जेलों में उन्हें वर्षों से बंद रखना, नागरिकों के मौलिक अधिकारों का खुला हनन है। न्यायपालिका स्वयं नागरिकों के अधिकारों पर ध्यान नहीं दे रही है। जिसके कारण अब कहा जा रहा है कि भारत की न्याय प्रणाली में अब सुधार की आवश्यकता है। भारत में सबसे पहले, जमानत प्रणाली को सरल और सुलभ बनाने की जरूरत है। ताकि गरीब और कमजोर वर्गों को इसका लाभ मिल सके। जिन मामलों में गंभीर अपराध के आरोप नहीं हैं, उनमें तुरंत जमानत दिए जाने पर विचार होना चाहिए। जमानत को नागरिकों के अधिकार के रूप में देखा जाना चाहिए। जांच एजेंसी द्वारा एक निश्चित समय सीमा पर जांच करने की बाध्यता हो। निश्चित समय पर न्यायालय में चार्ज शीट पेश हो। अदालती प्रक्रिया में तेजी लाने के लिए अदालतों की संख्या बढ़ाई जानी चाहिए। फास्ट ट्रैक अदालतें स्थापित करके छोटे और गैर-गंभीर मामलों का त्वरित निपटारा किया जाना चाहिए। जेल सही मायने में सजायाफ्ता कैदियों के लिए होती है। या उन अपराधियों के लिए होती है, जो समाज के लिए बेहद खतरनाक होते हैं। जेलों की स्थिति में सुधार लाने के लिए प्रशासनिक स्तर पर भी प्रयास जरूरी हैं। जेलों में बंद कैदियों के लिए उचित चिकित्सा, भोजन, मानसिक एवं स्वास्थ्य सेवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित की जानी चाहिए। भारत के जेलों की प्रशासनिक व्यवस्था बहुत खराब है। यहां पर क्षमता से तीन गुना ज्यादा कैदी जेलों में बंद हैं। इन्हें पर्याप्त खाना और प्राकृतिक जरूरतों को पूरा करने के लिए जेल के अंदर जद्दो-जेहद करनी पड़ती है। कैदियों को जेल मे पुनर्वास और कौशल विकास के अवसर नहीं मिल रहे हैं। जिसके कारण जेल से बाहर निकलकर वह समाज और परिवार में फिर से अपनी जगह बना सकें। जेलों को केवल सजा देने का स्थान नहीं माना जाना चाहिए। जेलों को सुधार केंद्र के रूप में देखा जाना चाहिए। कैदियों के अधिकारों की रक्षा करना और उन्हें न्याय दिलाने की प्रक्रिया को तेज करना, न्याय व्यवस्था और मानवाधिकार दोनों के लिए आवश्यक है। जब तक न्यायिक प्रणाली में सुधार नहीं किया जाता। भारत में मानव अधिकारों की रक्षा करना संभव ही नहीं है। ब्रिटेन जैसे देश में विचाराधीन कैदियों की संख्या मात्र 18 फीसदी है। इंग्लैंड और यूरोप की अदालतों द्वारा जमानत के मामले में विशेष रूप से ध्यान दिया जाता है। यदि आरोपी को जमानत देने से समाज के बीच में कोई खतरा न हो। ऐसे आरोपियों को तुरंत न्यायालय द्वारा जमानत दी जाती है। इंग्लैंड और यूरोप की अदालतों में सुनवाई की प्रक्रिया निर्धारित समय पर पूरी की जाती है। वहां की जांच एजेंसियाँ समय पर जांच करके न्यायालय में मामला प्रस्तुत करती हैं। भारत में जब अंग्रेजों का शासन था, तब भी यहां विचाराधीन कैदियों को 90 दिन से ज्यादा जेल में रखने का प्रावधान नहीं था।

विदेशों में शिक्षा प्राप्त कर वहीं बसने का क्रेज़ का असर देश की अर्थव्यवस्था पर भी पड़ रहा है

अशोक भाटिया

पढ़ाई के लिए विदेश जाने वाले छात्रों की संख्या में बेतहाशा वृद्धि चिंता का विषय है। सबसे ज्यादा चिंता इस बात की है कि इससे देश के समक्ष युवा शक्ति के पलायन की समस्या बढ़ रही है। इससे उद्योग-धंधों के लिए श्रम शक्ति की कमी की समस्या भी आ सकती है। इसके अलावा, देश की बहुमूल्य विदेशी मुद्रा विदेशों में जा रही है। यूक्रेन युद्ध में भारतीय छात्र फंसे तो नेताओं को पता चला कि इतने सारे भारतीय छात्र मेडिकल की पढ़ाई करने विदेश जाते हैं। उसके बाद मुख्यमंत्रियों से लेकर प्रधानमंत्री तक ने हैरानी जताई। इस बात पर गौर किया जाना चाहिए कि भारत से हरेक साल बड़ी संख्या में विद्यार्थी शिक्षा ग्रहण करने के अमेरिका, ब्रिटेन, आस्ट्रेलिया आदि देशों में क्यों चले जाते हैं? यह सवाल कनाडा में जो भारत को लेकर हो रहा है उस रोशनी में पूछ जाना चाहिए। वहां जो कुछ भी घटित हो रहा है उससे पहले ही भारतीयों के साथ हिंसा के मामले सामने आने के बाद भारतीय विदेश मंत्रालय अधिक जाग चूका है और अब विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने कहा था कि इजराइल में फिलहाल करीब 18 हजार भारतीय जबकि वेस्ट बैंक में करीब एक दर्जन और गाजा में तीन से चार भारतीय रह रहे हैं। जब यहाँ छात्र किसी कारण से फंसते है तो भारत सरकार को 'एयर -लिफ्ट 'का सहारा लेना पड़ता है जो परेशानी भरा होता हैं । बताया जाता है कि पिछले कुछ वर्षों से भारत से विदेशों में जाकर शिक्षा प्राप्त कर वहीं बसने की आकांक्षा का क्रेज़ बढ़ता जा रहा है। केन्द्र सरकार के अनुसार वर्ष 2016 और 2021 के बीच 26।44 लाख भारतीय विद्यार्थी विदेशों में पढ़ने के लिए गए। एसोसिएटेड चेम्बरर्स ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री ऑफ इंडिया (एसोचैम) का अनुमान है कि वर्ष 2020 में 4.5 लाख भारतीय विद्यार्थी विदेशों में शिक्षा प्राप्त करने गए और उन्होंने 13.5 अरब डालर का खर्च किया।

वर्ष 2022 में यह खर्च 24 अरब डालर यानि लगभग 2 लाख करोड़ रूपए रहा और रेडसियर स्टार्टेजी कन्स्लटेंट की रिपोर्ट के अनुसार 2024 तक यह खर्च 80 अरब डालर यानि 7 लाख करोड़ रूपए तक पहुंच सकता है, जब अनुमानित 20 लाख भारतीय विद्यार्थी विदेशों में पढ़ने के लिए जाएंगे। केन्द्रीय मंत्री बी। मुरलीधरन ने 25 मार्च 2022 को लोकसभा को सूचित किया किया था कि वर्तमान में 13 लाख भारतीय विद्यार्थी विदेशों में पढ़ रहे हैं। यह संख्या लगातार बढ़ती जा रही है। सरकार के इस वक्तव्य के अनुसार वर्ष 2021 में 4।44 लाख विद्यार्थी विदेशों में पढ़ने गए। एक अन्य सरकारी वक्तव्य के अनुसार नवंबर 30, 2022 तक विदेशों में पढ़ने जाने वाले विद्यार्थियों की संख्या 6।46 लाख थी, यानि 45 प्रतिशत की वृद्धि।

यदि राज्यवार ब्यौरा देखें तो वर्ष 2021 तक विदेशों में पढ़ने जाने वाले विद्यार्थियों में 12 प्रतिशत पंजाब से, 12 प्रतिशत से ही आंध्र प्रदेश से और 8 प्रतिशत गुजरात से थे। अगर युवाओं की कुल संख्या के अनुपात में देखा जाए तो पंजाब से प्रत्येक हजार में से 7 युवा, आंध्र प्रदेश में प्रति हजार में 4 युवा और गुजरात से प्रति हजार में से कम से कम 2 युवा विदेशों में हर साल पढ़ने जा रहे हैं। यदि वर्ष 2016 से 2022 के संचयी संख्या लें तो स्थिति काफी भयावह दिखाई देती है। पंजाब में यह संख्या 50 प्रति हजार, आंध्र प्रदेश में 30 प्रति हजार और गुजरात में 14 प्रति हजार है। विदेशों में पढ़ने जाने वाले विद्यार्थियों की संख्या में बेतहाशा वृद्धि के कारण देश की बहुमूल्य विदेशी मुद्रा विदेशों में जा रही है। ऐसा देखने में आ रहा है कि उनके माता-पिता अपनी परिसंपत्तियों को बेचकर इन युवाओं को विदेशों में पढ़ने के लिए भेज रहे हैं। एक समय था कि विदेशों में रह रहे भारतीयों के माध्यम से पंजाब के गांवों में बड़ी मात्रा में विदेशों से धन आता था। विदेशों में पढ़ाई के इस क्रेज़ के चलते यह प्रक्रिया उलट हो गई है, यानि अब विदेशों से धन आने के बजाय विदेशों को धन भेजा जा रहा है। ऐसे में जब वर्ष 2024 के अंत तक विदेशों में पढ़ने जाने वाले विद्यार्थियों की संख्या 20 लाख और उनके द्वारा खर्च की जाने वाली राशि 80 अरब डालर पहुंच जाएगी, तो यह देश के लिए अत्यंत संकटकारी स्थिति का कारण बनेगा। गौरतलब है कि युवाओं का शिक्षा के लिए विदेशों में पलायन, देश में शिक्षा सुविधाओं की कमी की वजह से नहीं है। वास्तव में देश में पिछले दो-तीन दशकों में शिक्षा के क्षेत्र में भारी प्रगति हुई है। यदि उच्च शिक्षा में विद्यार्थियों का प्रवेश देखें तो 1990-91 में जहां मात्र 49.2 लाख विद्यार्थियों ने उच्च शिक्षण संस्थानों में प्रवेश लिया, यह संख्या वर्ष 2020-21 में 414 लाख तक पहुंच गई। मोटेतौर पर उच्च शिक्षा में प्रवेश लेने वाले विद्यार्थियों की संख्या पिछले 30 वर्षों में 10 गुणा से भी ज्यादा हो चुकी है। यदि उच्च शिक्षा संस्थानों की बात की जाए, तो देखते हैं कि वर्ष 2021 में देश में 1113 विश्वविद्यालय और समकक्ष संस्थान, 43796 महाविद्यालय और अन्य स्वतंत्र संस्थान 11296 थे। इसी वर्ष देश में उच्च शिक्षा संस्थानों में 15151 लाख शिक्षक कार्यरत थे। देश में कई विश्वविद्यालय केन्द्रीय विश्वविद्यालय हैं और कई अन्य राज्य स्तरीय विश्वविद्यालय हैं। इसके अलावा बड़ी संख्या में निजी विश्वविद्यालय हैं और कई 'विश्वविद्यालय सम' यानि 'डीम्ड विश्वविद्यालय' हैं। देश में कई विश्वस्तरीय प्रबंधन एवं इंजीनियरिंग संस्थान हैं, जिनसे शिक्षा प्राप्त विद्यार्थी वैश्विक कंपनियों में उच्च पदों पर आसीन हैं। जहां तक शिक्षा संस्थानों में प्रवेश के लिए फीस का सवाल है, अधिकांश भारतीय शिक्षा संस्थानों में फीस विदेशी संस्थानों में फीस से कहीं कम है और जिन विदेशी संस्थानों में भारतीय युवा प्रवेश ले रहे हैं, उनमें से अधिकांश का स्तर अत्यंत नीचा है। तो सवाल उठता है कि भारी भरकम राशि खर्च कर भारत के युवा विदेशी शिक्षा संस्थानों में प्रवेश क्यों लेते हैं। इसका सीधा उत्तर यह है कि विदेशों में जाने वाले अधिकांश विद्यार्थी उच्च स्तरीय शिक्षा में प्रवेश लेकर वास्तव में कोई उच्च स्तरीय डिग्री प्राप्त करने के लिए जाते हैं, ऐसा नहीं है।

आस्ट्रेलिया, कनाडा, और यहां तक कि इंग्लैंड समेत अन्य यूरोपीय देशों में जाने वाले भारतीय विद्यार्थियों का वास्तविक लक्ष्य शिक्षा प्राप्त करना नहीं, बल्कि वहां रोजगार प्राप्त करना है। लेकिन भारतीय युवा यह समझने के लिए तैयार नहीं है कि इन देशों में भी रोजगार की भारी कमी है। कई देशों में वहां के स्थानीय लोग भारतीय एवं अन्य देशों से आने वाले युवाओं के खिलाफ हिंसा की वारदातें भी देखने को मिल रही हैं। देश से जाने वाले अधिकांश युवा विद्यार्थी वहां रोजगार प्राप्त करने में असफल हो रहे हैं और उन्हें स्वदेश वापिस लौटना पड़ता है, जिसके कारण वे भारी कुंठा का भी शिकार हो रहे हैं। चूंकि व्यक्तिगत तौर पर विदेशों में जाने वाले युवा विद्यार्थी, पूर्व में विदेशों में जाने वाले भारतीयों की सफलता की गाथाओं से प्रभावित होकर विदेशों की ओर रूख कर रहे हैं।

लेकिन वे यह समझ नहीं पा रहे कि आज कनाडा, आस्ट्रेलिया और यूरोपीय देशों में, जहां वे शिक्षा संस्थानों में प्रवेश ले रहे हैं, वे शिक्षा संस्थान स्वयं के आस्तित्व को बचाने हेतु भारतीय विद्यार्थियों को आसानी से अपनी शिक्षण संस्थानों में प्रवेश दे रहे हैं। यही नहीं भारतीय और अन्य देशों के अति इच्छुक विद्यार्थियों से भारी फीस ऐंठने हेतु शिक्षा की कई दुकानें भी खुल रही हैं, जिनका वास्तविक शिक्षा से कोई सरोकार नहीं है। ऐसे में केन्द्र और राज्य सरकारों को विदेशों में शिक्षा प्राप्त करने के इच्छुक युवाओं को इस हेतु वास्तविकता से अवगत कराने के लिए विशेष प्रयास करने की जरूरत है, ताकि वे विदेशों में जाकर अपने माता-पिता की गाढ़ी कमाई को यूं ही न गवा दें। गौरतलब है कि पिछले लगभग दो दशकों से भारत के कई नागरिक एजेंटों के माध्यम से विदेशों में, ख़ास तौर पर खाड़ी के देशों में रोजगार की तलाश में गए और वहां उन्हें कई प्रकार की समस्याओं का सामना करना पड़ा। इन युवाओं के पासपोर्ट तक एजेंटों के द्वारा कब्जा लिए जाते थे और उनका तरह-तरह से शोषण भी किया जाता था।

देश में मिलावट का कारोबार चरम पर

- राकेश दुबे

भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण ने 'ईट राइट इंडिया' अभियान के माध्यम से सभी भारतीयों के लिए सुरक्षित, स्वस्थ और पोषक भोजन सुनिश्चित करने के लिए देश की खाद्य प्रणाली को बदलने के लिए बड़े पैमाने पर प्रयास शुरू किया है। खाने-पीने के शौकीन अथवा महानगरों में नौकरी आदि के चलते कम मूल्य लागत वाला भोजन तलाशने वाले भारतीयों के लिए यह अनिवार्य हो जाता है कि स्वाद एवं सस्ते के चक्कर में न पड़कर स्वच्छता मानकों एवं साफ-सफाई को अपनी सेहत के दृष्टिगत स्वच्छ एवं पौष्टिक भोजन को अपनी प्राथमिकता में रखें।भारत में बढ़ती आबादी के कारण और मांग एवं आपूर्ति में अंतर के चलते प्राय- खाद्य वस्तुओं की किल्लत और दामों में बढ़ोत्तरी होती ही रहती है और इसी किल्लत का फायदा जमाखोरों की टोलियां उठाने से नहीं चूकती हैं, तो वहीं घटिया एवं मिलावटी चीजें बेचने वालों की पौ-बारह हो जाती है। भारत में इन दोनों तिरुमला तिरुपति देवस्थानम द्वारा श्रद्धालुओं को दिए जाने वाले लड्डुओं को मिलावटी देसी घी से बनाने से भक्तों की धार्मिक आस्था आहत होने का मुद्दा चर्चा में है। देवस्थानम को देसी घी की आपूर्तिकर्ता कंपनी एआर डेयरी फूड प्राइवेट लिमिटेड से खाद्य नियामक ने पूछा है कि खाद्य सुरक्षा एवं मानक विनियमन 2011 के प्रावधानों के उल्लंघन के लिए उसका केंद्रीय लाइसेंस निलंबित क्यों न कर दिया जाए?आज भारत में मिलावट का कारोबार उस स्तर को पार कर चुका है जहां खाद्य उत्पादों में सस्ते और घटिया पदार्थ मिलाकर बेईमान व्यापारी व विक्रेता सामान की मात्रा को बढ़ा देते हैं और भारतीयों की जान की कीमत पर भारी मुनाफा कमाते हैं। ऐसा अनुमान है कि 60 करोड़ लोग अर्थात विश्व में लगभग 10 में से 1 व्यक्ति हर वर्ष दूषित भोजन खाने के कारण बीमार पड़ते हैं तथा 420000 लोग मरते हैं। भारत में दूध और डेयरी उत्पाद, वसा और तेल, फल और सब्जियां, अनाज, कॉफी, चाय, शहद और मसाले सहित लगभग हर खाद्य सामग्री में मिलावट का प्रतिशत अत्यधिक बढ़ गया है और स्वच्छता मानकों की बुरी तरह से अनदेखी हो रही है। इतना ही नहीं, भारत के कई क्षेत्रों से ऐसे भी वीडियो की सोशल मीडिया में भरमार है जिसमें समोसे, चाट, ब्रेड, कुल्फी, प्लास्टिक के चावल और गुलाब जामुन से भरी कड़ाही में पेशाब करते युवक और गोलगप्पे वाले जलजीरा पानी से ही हाथ मुंह धोने, गंदे हाथ व पैरों से आलू और आटा गूंथने जैसे कृत्यों द्वारा गंदगी से परिपूर्ण खाद्य सामग्री आम लोगों को परोसी जा रही है।

ऐसे कृत्य न केवल निंदनीय हैं अपितु दोषी लोगों के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई की मांग भी करते हैं। सवाल उठता है कि आखिर ऐसी गतिविधियों में संलिप्त लोगों को तत्काल जेल की सलाखों के पीछे क्यों नहीं डाला जाता है? विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार हानिकारक बैक्टीरिया, वायरस, परजीवी या रासायनिक पदार्थों से युक्त असुरक्षित भोजन 200 से अधिक बीमारियों का कारण बनता है जिसमें डायरिया से लेकर कैंसर तक शामिल हैं। निम्न और मध्यम आय वाले देशों में असुरक्षित भोजन के कारण चिकित्सा व्यय में हर साल 110 बिलियन अमेरिकी डॉलर का नुकसान होता है। संयुक्त राष्ट्र खाद्य एवं कृषि संगठन के महानिदेशक डा. कू डोंग्यू के अनुसार, 'हमें अपने भोजन की पहचान, गुणवत्ता और सुरक्षा पर एक आम समझ की जरूरत है। लेकिन

भारत में दूध में पानी मिलाने, नकली दूध, घी में केमिकल, दाल में सिंथेटिक रंग और वैक्स कोटिंग, सब्जियों में हॉर्मोन के इंजेक्शन तथा सिंथेटिक रंग, हर्बल उत्पादों में एलोपैथिक दवाइयां तथा केमिकल्स, सौंदर्य प्रसाधनों में और देसी घी बनाने में पशुओं की चर्बी होने की जानकारी किसी से छुपी हुई नहीं है। खाद्य अपमिश्रण से आखों की रोशनी जाना, हृदय संबंधित रोग, लीवर खराब होना, कुष्ठ रोग, आहार तंत्र के रोग, पक्षाघात व कैंसर जैसे असाध्य रोग हो सकते हैं।

पाकुड़ की खबरें

नगर परिषद दुर्गा पूजा पर रखेगी साफ सफाई का विशेष ख्याल, होगा ब्लीचिंग पाउडर का छिड़काव

पाकुड़ । नगर परिषद के प्रशासक राज राजकमल की अध्यक्षता में नगर परिषद के सभा कक्ष में नगर परिषद क्षेत्र के सभी दुर्गा पूजा समिति के अध्यक्षों ,सचिव, आदि के साथ एक विशेष बैठक का आयोजन किया गया। नगर परिषद के प्रशासक ने पूजा समिति से बातचीत करते हुए कहा कि

पूजा पंडाल के आसपास साफ सफाई, ब्लीचिंग, पानी टैंकर ,डस्ट और छोटे-मोटे सड़कों की मर्मती के संबंध में आवश्यकता के अनुसार सुविधा उपलब्ध कराई जाएगीद्य उन्होंने पंडाल समितियां से अनुरोध किया गया कि , स्वच्छ भारत अभियान के मानकों का पालन किया जाए। जिसमें सिंगल युज प्लास्टिक पर प्रतिबंध ,इको फ्रेंडली मूर्तियां ,प्रसाद के लिए पत्तों का धोना, नीला हरा डस्टबिन रखना आदि पर जोर दिया। मां दुर्गा की आराधना के साथ-साथ साफ सफाई के प्रति भी सभी भक्तों को जागरूक किया जाय।जिससे पाकुड़ शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाने में मदद मिले द्यबैठक में नगर परिषद कार्यालय की तरफ से नगर प्रबंधक मृत्युंजय पांडे, अभियंता विकास ,संजीत ,शाहिद, अभिषेक, सभी सफाई सुपरवाइजर और अन्य कर्मी मौजूद रहे (

कल्याण छात्रावास में मांझी परगना लहंती बैसी की हुई बैठक,कई मुद्दों पर चर्चा

संताल एक्सप्रेस संवाददाता

महेशपुर (पाकुड़) प्रखंड मुख्यालय स्थित कल्याण छात्रावास परिसर में शुक्रवार को मांझी परगना लहंती बैसी का बैठक प्रखंड अध्यक्ष जितेन्द्र मुर्मू के अध्यक्षता में किया गया। बैठक में झारखंड सरकार को हाईकोर्ट के निर्देशानुसार ग्राम प्रधानो को ऑफलाइन लगान रसीद काटने के लिए पहले की तरह ही आदेश हुआ है। लेकिन अभी तक ग्राम प्रधानों को ऑफलाइन रसीद निर्गत नहीं किया गया है। ग्राम प्रधानों को जल्द से जल्द ऑफलाइन लगान रसीद निर्गत की जाय, हाईकोर्ट के द्वारा 29 जुलाई2024 को झारखंड सरकार के दो महीने के अंदर पेशा कानून की नियमावली को तैयार कर जल्द से जल्द लागू करने का निर्देश प्राप्त है।लेकिन दुख की बात यह है कि झारखंड सरकार के द्वारा इसकी दिशा में कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। इसलिए बैसी की मांग है कि सरकार जल्द से जल्द इस दिशा में ठोस कदम उठाये साथ ही वर्तमान समय में मांझी परगना के नाम से अनेक जगहों पर महासम्मेलन किया जा रहा है, जब कि लहान्ती बैसी इससे अलग है। यह महासम्मेलन मात्र राजनीति किया जा रहा है। लहान्ती बैसी ऐसे व्यक्तियों के खिलाफ चिन्हित कर कानूनी कार्यवाही भी कर सकती है। मौके पर डीजेन हांसदा, कमलाकांत मुर्मू, स्टेफन हेम्ब्रम, बबलू मरांडी, रामेश्वर मरांडी, हरिदास मरांडी, स्टेफन हेम्ब्रम, सेफानीएल हांसदा, शिवन्ति टुडू, सावित्री मुर्मू, मरियम हेम्ब्रम, सबिता मरांडी, महारानी हेम्ब्रम सहित दर्जनो ग्राम प्रधान उपस्थित थे।

आंदोलनरत छात्रों पर दर्ज केस वापस करने की मांग

देवघर। जेएसएससी सीजीएल परीक्षा की निष्पक्ष जांच एवं जांच की मांग कर रहे आंदोलनरत छात्रों पर दर्ज एफआईआर वापस लेने की मांग करते हुए एबीवीपी देवघर जिला के कार्यकर्ताओं ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का पुतला दहन सत्संग चौक पर किया। प्रांत सह मंत्री शुभम राय ने बताया अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद झारखंड द्वारा पूरे प्रदेश भर में जेएसएससी सीजीएल पेपर लीक मामले को लेकर प्रत्येक जिले में प्रदेश के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन एवं जेएसएससी अध्यक्ष का पुतला दहन कर विरोध प्रदर्शन का आह्वान किया था। उन्होंने कहा कि बीते 21 सितंबर और 22 सितंबर को झारखंड में सामान्य स्नातक योग्यताधारी संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा 2023 का आयोजन किया गया था। इस परीक्षा के आयोजन में सरकार ने विभिन्न हथकंडे अपनाए इंटरनेट जैसे मूल सुविधाओं को भी परीक्षा अवधि के दौरान बंद किया गया बावजूद विद्यार्थियों का मानना है की इस परीक्षा में भारी गड़बड़ी की गई है कई परीक्षा केंद्रों से पेपर 1 के जगह पेपर 2 बांटने का भी विषय सामने आया तो कहीं प्रश्न पत्र का सील पहले से टूटा है ऐसा विषय सामने आया है। अभाविप झारखंड यह मांग करती है की उक्त परीक्षा

दुर्गापूजा में लाइट व्यवस्था होगी दुरुस्त जोर शोर से चलाई जा रही है स्वच्छता अभियान, नगर होगा चकाचक

राजकुमार भगत

पाकुड़। दुर्गा पूजा विजयदशमी के मद्देनजर नगर पंचायत पाकुड़ की ओर से साफ सफाई व्यवस्था ,सौंदर्यकरण की स्थिति क्या है, नगर पंचायत की ओर से आम व्यक्तियों के लिए क्या सुविधा उपलब्ध करायी जा रही है? पूजा पंडालों के आस पास कोई खास व्यवस्था की जा रही है।

इस संबंध में नगर परिषद के प्रशासक राजकमल मिश्रा ने बताया कि दुर्गा पूजा के मद्देनजर नगर पंचायत के सभी वार्डों में साफ साफ-सफाई की विशेष अभियान चलाया जा रहा है।जिस पोल पर लाइट खराब है उसे दुरुस्त किया जा रहा है। खासकर जहां पर दुर्गा पूजा के पंडाल बने हैं। प्रत्येक बिजली खंभा में तिरंगा रंग के टूनिबल्प से नगर को सजाया जा रहा है। पूजा पंडाल के पास में नगर परिषद की ओर से जल की व्यवस्था की जा रही है। एक प्रश्न के उत्तर में उन्होंने कहा कि नगर परिषद पाकुड़ की ओर से एक टोल फ्री नंबर जारी किया जा रहा है अगर किन्हीं को शिकायत है तो वह अपनी शिकायत टोल फ्री नंबर पर कर सकते हैं । उन्होंने बताया कि देर शाम पाकुड़ के सभी पूजा समिति के अध्यक्षों की बैठक रखी गई है उनके सुझाव मांगे गए हैं।

उनके सुझाव पर अमल किया जाएगा। जब उनसे पूछा गया की नगर पालिका से 100 मीटर दूरी पर पोस्ट ऑफिस रोड की लगभग सभी लाइट बंद रहता है इस पर उन्होंने कहा कि फंडिंग की कुछ कमी है फिर भी

हम इसे दुरुस्त करने की व्यवस्था करेंगे। जहां रास्ता खराब हो उसकी मरम्मत किया जाएगा। भक्तों को किसी भी प्रकार से कष्ट ना हो इसके लिए मुख्य सड़क के किनारे लगे अवैध दुकानों को हटाया गया है । मालूम हो कि नगर परिषद क्षेत्र में सभी व्यवस्थाएं साफ सुथरी नहीं है । कुछ वार्डों में साफ सफाई की गई है।

मुख्य रूप से सड़क के किनारे प्रतिदिन सफाई की जा रही है। वहीं अगर बात करें वार्ड 5 भगत पाड़ा की तो इस गाली की वर्षों से सफाई नहीं हुई है। जिन्हें स्वच्छता की जिम्मेदारी दी गई है उन्होंने इसका कोई जायजा नहीं लिया है। आइए सुनते हैं दुर्गा पूजा के अवसर पर नगर पंचायत की ओर से किया कुछ व्यवस्था की जा रही है नगर परिषद के प्रशासक राजकमल मिश्रा से उन्हीं की जुवानी।

सरकार की सारी योजनाएं हवा हवाई है - बाबूधन

पाकुड़। पूर्व जिला परिषद अध्यक्ष पाकुड़ बाबूधन मुर्मू लिट्टीपाड़ा प्रखंड अंतर्गत नावाडीह पंचायत के नवाडीह गांव में ग्रामीणों का हाल चाल जाना व ग्रामीणों रूबरू हुए। महिलाओं ने बताया की मईया सम्मान योजना का फॉर्म ऑनलाइन तो हुआ,लेकिन बहुत सारी माताओं बहनों का खाता में पैसा नही आया। मूली चोंडे,होपनमय,कोमोली मड़ैया, सांझली हेमब्रम,सांजली सोरेन ने बताया पांच महीना बीत गया,लेकिन अभी तक पैसा आने का नाम नहीं है।अबुवाक आवास योजना से भी बहुत सारे लोग वंचित है,किसानों ने सिंचाई के लिए डिप बोरिंग का मांग की। ग्रामीण महिला पुरुष ने बताया की अबकी बार झारखंड में गटबंधन सरकार को उखाड़ कर फेकने मन बना लिया है। भाजपा नेता बाबूधन मुर्मू ने ग्रामीणों का जनसमस्या सुनकर संबोधन में कहा लिट्टीपाड़ा विधानसभा क्षेत्र में अबकी बार भारतीय जनता पार्टी को जिताएं, भाजपा पार्टी आप सबका हर दुख तकलीफ में साथ खड़ा रहेगा।,मौके पर विचामहल एसटी मोर्चा अध्यक्ष बियान मुर्मू, बीचामहल मंडल उपाध्यक्ष कृष्णा मड़ैया,भाजपा सक्रिय कार्यकर्ता शिव मुर्मू,लिट्टीपाड़ा मंडल उपाध्यक्ष रामेशोल टुडू, एसटी मोर्चा जिला महामंत्री शिव प्रसाद पहाड़िया, मताल मुर्मू,छोटा मताल मुर्मू, बाबूधन मड़ैया,अनिल मड़ैया,गोपाल मड़ैया,गंगेश मुर्मू, बेटका मुर्मू,विजय सोरेन,आदि उपस्थित थे।

दो छाई लदा वाहन किया जब्त

लिट्टीपाड़ा (पाकुड़)थाना क्षेत्र के लिट्टीपाड़ा हिरणपुर मुख्य सड़क नवाडीह के समीप गुरुवार देर रात को पुलिस ने दो छाई लदा वाहन को जब्त किया है। मिली जानकारी के अनुसार पश्चिम बंगाल के फरक्का एनटीपीसी से एक हाइवा एवं एक ट्रक में छाई लोड कर लिट्टीपाड़ा के रास्ते देवघर जा रहा था कि नवाडीह के समीप पुलिस ने दोनों वाहनों को जांच के लिए रोका। जांच के क्रम में चालक द्वारा पर्याप्त कागजात नही दिखाए जाने के कारण पुलिस ने दोनों वाहनों को जब्त कर लिया। वही थाना प्रभारी रंजन कुमार ने बताया छाई लदा दो ओभरलोड वाहन को जब्त किया गया।डीटीओ को लिखित सूचना दे दिया गया। आगे करवाई किया जा रहा है।

नगर परिषद ने शिकायत के लिए जारी किया संपर्क नंबर

पाकुड़। दुर्गापूजा महोत्सव के मद्देजर नगर परिषद, पाकुड़ ने नागरिकों की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए एक विशेष शिकायत निवारण संपर्क नंबर जारी किया है। दुर्गापूजा के दौरान किसी भी प्रकार की असुविधा, शिकायत या सुझाव के लिए आम जन 7903236557 पर नंबर पर संपर्क कर सकते हैं। यह नंबर दुर्गापूजा के दौरान नगर परिषद से संबंधित सभी प्रकार की शिकायतों के निवारण के लिए सक्रिय रहेगा। नगर परिषद के अधिकारियों द्वारा नागरिकों की समस्याओं का शीघ्र समाधान करने का प्रयास किया जाएगा। सभी नगरवासियों से अनुरोध है कि वह इस सेवा का सदुपयोग करें और अपने नगर क्षेत्र में किसी भी समस्या की जानकारी शीघ्र नगर परिषद को दें, जिससे त्यौहारों का संचालन सुचारु रूप से किया जा सकें।

207 उपभोक्ताओं को दिया गया बिजली बिल माफी का प्रमाण पत्र

संताल एक्सप्रेस संवाददाता

पाकुड़। जिले के पाकुडिया प्रखंड के लागडुम पंचायत में 200 यूनिट तक बिजली खपत करने वाले 207 उपभोक्ताओं को मुख्यमंत्री ऊर्जा खुशहाली योजना के तहत प्रमाण पत्र वितरण किया गया। जिसका आयोजन झारखंड बिजली वितरण निगम लिमिटेड द्वारा किया गया। मौके पर महेशपुर विधायक प्रो.स्टीफन मरांडी ने बिजली बिल के उपभोक्ता के बीच प्रमाण पत्र का वितरण किया। इस दौरान मीटर में खराबी, बिल में गड़बड़ी, मीटर चेंज, नाम ट्रांसफर आदि समस्याओं का समाधान ऑन द स्पॉट किया गया।विधायक प्रो. स्टीफन मरांडी ने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने बिजली बिल माफी योजना की शुरुआत की है। इससे बिजली उपभोक्ताओं को काफी राहत मिली है। इस योजना से राज्य के लाखों गरीब परिवारों को फायदा होगा। मुख्यमंत्री मंइया सम्मान? योजना, अबुआ आवास योजना, 200 युनिट मुफ्त बिजली, कृषि लोन माफी योजना, सावित्री? बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना, पेट्रोल सब्सिडी योजना इत्यादि ताकि हमारे झारखंड के गरीब, वंचित लोग इन सब योजनाओं? का लाभ लेकर अपने जीवन स्तर में सुधार ला रहे हैं। प्रत्येक? पंचायत में शिविर का आयोजन भी करवा रही है। सरकार का उद्देश्य घर-घर तक लाभ पहुंचाना तथा योजनाओं से आच्छादित करना है।मौके पर पंचायत की मुखिया आदि उपस्थित थे।

बिना चलान के पत्थर लदे एक ट्रक जब्त

हिरणपुर (पाकुड़)जिला टास्क फोर्स टीम ने शुक्रवार को औचक छापेमारी कर मानसिंहपुर में बिना माइनिंग चालान के पत्थर लदे एक ट्रक को पकड़ा। वही कई क्रशरों का भी निरीक्षण किया गया। टीम में अनुमंडल पदाधिकारी साइमन मरांडी , अंचलाधिकारी मनोज कुमार व खनन निरीक्षक नवीन कुजूर भी शामिल थे। पत्थर लदे ट्रक संख्या डब्लूबी 59 डी 1532 मानसिंहपुर स्थित क्रशर से पत्थर लोडकर कशिला पाकुड़ की ओर जा रहा था कि एसडीओ ने जांच के लिए वाहन को रोका। इस दौरान ट्रक चालक मौके से भाग निकला। ट्रक में करीब 850 सीएफटी पत्थर चिप्स पाया गया , पर ट्रक में लोड पत्थर से सम्बंधित किसी प्रकार की माइनिंग चालान व अन्य कागजात नही पाया गया। इसको लेकर एसडीओ ने तुरन्त वाहन को जब्त कर लिया। इसके बाद एसडीओ ने मानसिंहपुर स्थित हाबु शेख व भंडारों में संजय सिंह का क्रशर का जांच किया गया। जहां क्रशर से सम्बंधित कागजातों की जांच की गई। वही इसको लेकर खनन निरीक्षक के द्वारा ट्रक चालक व मालिक के ऊपर थाना में मामला दर्ज कराने की प्रक्रिया किया जा रहा था। अंचलाधिकारी ने बताया कि अवैध रूप से ले जा रहे पत्थर लदे ट्रक को पकड़ा गया है। आवश्यक कार्रवाई की जा रही है। बहरहाल एसडीओ की इस औचक कार्रवाई से पत्थर औद्योगिक क्षेत्र मे खलबली मची हुई है।

जिला परिषद की बैठक में विकास कार्यों को ससमय पूर्ण करने पर चर्चा

संताल एक्सप्रेस संवाददाता पाकुड़।सूचना भवन सभागार में शुक्रवार को जिला परिषद अध्यक्ष जुली खिष्टमनी हेम्ब्रम की अध्यक्षता में जिला परिषद की बैठक आयोजित की गई। बैठक में पूर्व की बैठक में लिए गए निर्णय के अनुपालन की समीक्षा की गई। सभी प्रखंडों के जिला परिषद सदस्यों ने अपने अपने क्षेत्रों की समस्या से सदन को अवगत कराया। इस बैठक में विभिन्न मुद्दों पर विचार विमर्श किया गया। बैठक के दौरान सरकारी योजनाओं को घर-घर पहुंचाने व आम लोगों को सरकार की सभी योजनाओं का लाभ दिलाने को लेकर संबंधित विभाग के पदाधिकारियों के साथ चर्चा की गई। इस दौरान सभी जनप्रतिनिधियों के द्वारा अपने अपने इलाके में होने वाली समस्या को लेकर चर्चा किया गया। जिला परिषद अध्यक्ष श्रीमती हेम्ब्रम ने कहा कि जिला परिषद सदस्यों एवं विभिन्न विभागों के अधिकारियों से आग्रह किया कि विकास कार्यों को शीघ्र पूरा करने के लिए आपसी समन्वय स्थापित कर कार्य करें, ताकि लंबित पड़े विकास कार्यों को शीघ्र पूरा किया किया जा सके। बैठक में जिला परिषद अध्यक्ष, उप विकास आयुक्त महेश कुमार संथालिया एवं जिला परिषद उपाध्यक्ष अशोक कुमार भगत के द्वारा बिजली, स्वास्थ्य, समाज कल्याण, कृषि, आपूर्ति, मत्स्य, सहकारिता, शिक्षा विभाग, पशुपालन समेत कई मुद्दों पर चर्चा की गई एवं संबंधित अधिकारी को जरूरी दिशा निर्देश दिया गया।मौके पर परियोजना निदेशक, आईटीडीए अरुण कुमार एक्का, सांसद प्रतिनिधि श्याम यादव, जिला भू-अर्जन पदाधिकारी अजय सिंह बड़ाईक, जिला परिवहन पदाधिकारी संजय पीएम कुजूर, भूमि सुधार उप समाहर्ता मनीष कुमार, जिला आपूर्ति पदाधिकारी अभिषेक सिंह, पाकुड़ विधायक प्रतिनिधि, महेशपुर विधायक प्रतिनिधि समेत अन्य पदाधिकारी एवं जिला परिषद सदस्य उपस्थित थे।

बिजारे फैशन शो का आडिशन 5 अक्टूबर को

आप सभी को सूचित किया जाता है कि आईआईसीसी तथा आईएनआईएफडी संस्थान द्वारा आयोजित 27 अक्टूबर 2024 को होने वाले फैशन शो कम एनुअल डे - बिजारे 24 का 2ठ्ठस्र राउंड ऑडिशन 5 अक्टूबर 2024 को आयोजित किया जायेगा। इसमें मॉडलिंग के लिए इच्छुक लड़के और लड़कियों भाग ले पायेगे। इसमें चयनित मॉडल ही अगामी दिनांक 27 अक्टूबर को होने वाले बिजारे शो में भाग ले पायेगे। इसमें सबसे सफल मॉडल को मिस्टर बिजारे 24 और मिस बिजारे 24 के खिताब से भी नवाजा जायेगा। ज्ञात हो कि बिजारे 24 फैशन शो का आयोजन होटल रेडिशन ब्लू रांची में किया जायेगा। इसमें संस्थान के बच्चों को अपनी प्रतिभा दिखाने का मौका दिया जायेगा। बिजारे शो पिछले 23 सालो से आयोजित किया जा रहा है जो कि झारखंड का सबसे बडा फैशन शो होता है। इसमें प्रतिभागियों को 5 अलग अलग थीमो में 5 राउन्ड दिये जायेगेंसंस्थान के निदेशक डा मो0 महबूब आलम ने दी।

मुखिया के चेंबर में शराब परोसे जाने का वीडियो सोशल मीडिया में वायरल, जांच के निर्देश

देवघर । डीसी विशाल सागर ने देवघर प्रखण्ड के धरवाडीह पंचायत भवन स्थित शराब पीने से संबंधित वायरल वीडियो पर संज्ञान लेते हुए जिला पंचायती राज पदाधिकारी को मामले की जांच करते हुए जांच रिपोर्ट उपायुक्त कार्यालय को समर्पित करने का निदेश दिया है, ताकि जांच में जो भी तथ्य सामने आयेंगे उसके आधार पर नियमानुसार कड़ी कार्रवाई की जा सके। ज्ञात हो कि धरवाडीह पंचायत भवन स्थित मुखिया के चेंबर में शराब परोसे जाने का वीडियो सोशल मीडिया में वायरल हो रहा है। साथ ही वायरल वीडियो में दिखाया गया है कि उक्त पंचायत के मुखिया पति द्वारा मुखिया के चेंबर में शराब परोसा जा रहा है, जिसपर डीसी ने संज्ञान लेते हुए संबंधित अधिकारियों को जांच करते हुए वीडियो की सत्यता एवं वीडियो में कौन-कौन व्यक्ति हैं इसकी पुष्टि करते हुए आवश्यक कार्रवाई की जायेगी।

ऑटो चालक के साथ मारपीट कर छिनतई

देवघर। जसीडीह थाना क्षेत्र के तिलकपुर फाटक के पास एक ऑटो चालक के साथ मारपीट कर छिनतई किये जाने का मामला सामने आया है। घटना 03 अक्टूबर की रात की बतायी जाती है। घायल ऑटो चालक को इलाज के लिये सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घायल का नाम दिलीप कुमार है जो जसीडीह थाना क्षेत्र के हुनमान नगर का रहने वाला है। घायल दिलीप ने बताया कि वह जसीडीह से सवारी लेकर रिर्जव में तिलकपुर गया था। वहां से रात को सवारी पहुंचा कर लौट रहा था। उसी दौरान तिलकपुर फाटक के पास दो बाइक से चार अज्ञात युवक वहां पहुंचा और उसे ऑटो रोकने को कहा। उसने डर से ऑटो को रोक दिया। उपरांत सभी युवक मिलकर उसके साथ मारपीट करने लगे। जब वह बेहोश हो गया तो उसे ऑटो के नीचे डाल दिया और उसके पॉकेट से 1200 रूपये नकद लेकर भाग गये। बताया कि वहां वह बेहोश पड़ा था। देर रात को उसे ऐंबुलेंस के द्वारा इलाज के लिये सदर अस्पताल पहुंचाया गया। इधर घटना की जानकारी स्थानीय पुलिस को दे दी गयी है।

ऑटो और बाइक की टक्कर में दो घायल, रेफर

देवघर। जसीडीह थाना क्षेत्र अंतर्गत खोरीपानन के पास ऑटो और बाइक में टक्कर हो गयी। इस घटना में बाइक चालक सहित ऑटो पर सवार एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। दोनों को इलाज के लिये सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घायलों में बाइक सवार देवघर मोहनपुर थाना क्षेत्र के सिरसिया निवासी लुटन पुजहर और ऑटो पर सवार सिमावर्ती बिहार के जमुई जिला के चन्द्रमंडी थाना क्षेत्र के बुधवाडीह निवासी छोटन पुजहर के नाम शामिल हैं। घटना की बावत लुटन के परिजनों ने बताया कि वह बाइक से चन्द्रमंडी कुछ काम से गया था। वहां से वापस घर लौट रहा था। उसी क्रम में खोरीपानन के पास अनियंत्रित ऑटो ने उसके बाइक में धक्का मार दिया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया।बताया जाता है कि उसी दौरान अनियंत्रित ऑटो से गिरकर छोटन पुजहर भी गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद ऑटो चालक वाहन लेकर फरार हो गया। इधर अस्पताल प्रबंधन द्वारा मामले की जानकारी स्थानीय पुलिस को दे दी गयी है।

अग्रवाल समाज ने मनायी अग्रसेन जयंती

देवघर संताल एक्सप्रेस । अग्रवाल समाज देवघर की ओर से आदर्श कॉलोनी,रामपुर में महाराजा अग्रसेन जयंती मनाई गई। जिसकी अध्यक्षता सेवानिवृत शिक्षक रामेश्वर मोदी ने की। अध्यक्ष रामेश्वर मोदी द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर एवं अग्रसेन महाराज की तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित कर समारोह का शुभारंभ किया गया। अपने सम्बोधन में सेवानिवृत शिक्षक कपिल देव अग्रवाल द्वारा अग्रसेन महाराज की संक्षिप्त जीवनी पर चर्चा करते हुए कहा कि हमें गर्व है कि हम सभी महाराज अग्रसेन जी के वंशज हैं। अग्रसेन, भगवान रामचंद्र के 35 वें पीढ़ी के वंशज थे। अधिवक्ता अशोक अग्रवाल द्वारा विस्तार से लोगों को संदेश देते हुए समाज के लोगों को उनके मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित किया गया। समाज के अन्य लोगों ने अपने बहुमूल्य सुझाव सबके सामने रखा। अंत में बीरेन्द्र अग्रवाल ने संगठन को मजबूत करने के लिए सबों से सहयोग करने की अपील के साथ धन्यवाद ज्ञापित कर सभा का समापन किया। नीलाभ अग्रवाल द्वारा सुचारू रूप से मंच का संचालन किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित सदस्यों में सिकन्दर अग्रवाल, चन्द अग्रवाल, अखिलेश्वर अग्रवाल, रघुवीर अग्रवाल, राजेश अग्रवाल राजकिशोर भारती, श्याम सुन्दर अग्रवाल, संजय अग्रवाल, नीलमणि अग्रवाल, रंजीत अग्रवाल, सुरेश मोदी, सुनिल अग्रवाल सहित दर्ज़नो अग्रवाल बंधु उपस्थित थे।

एबीवीपी ने फूंका सीएम का पुतला

देवघर संताल एक्सप्रेस । जेएसएससी सीजीएल परीक्षा की निष्पक्ष जांच एवं जांच की मांग कर रहे आंदोलनरत छात्रों पर दर्ज एफआईआर वापस लेने की मांग करते हुए एबीवीपी देवघर जिला के कार्यकर्ताओं ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का पुतला दहन सत्संग चौक पर किया। प्रांत सह मंत्री शुभम राय ने बताया अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद झारखंड द्वारा पूरे प्रदेश भर में जेएसएससी-सीजीएल पेपर लीक मामले को लेकर प्रत्येक जिले में प्रदेश के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन एवं जेएसएससी अध्यक्ष का पुतला दहन कर विरोध प्रदर्शन का आह्वान किया था। उन्होंने कहा कि बीते 21 सितंबर और 22 सितंबर को झारखंड में सामान्य स्नातक योग्यताधारी संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा 2023 का आयोजन किया गया था। मौके पर प्रान्त खेल संयोजक गौरव राज,प्रदेश कार्यकारणी सदस्य युवराज सिंह, विनय रॉय,नगर सह मंत्री शैलेश कुमार चौधरी,कॉलेज मंत्री दीपक कुमार,सह मंत्री अर्पित सेठ, आशीष कुमार, अर्पित कश्यप, उज्जवल चौधरी सौरभ कुमार आदि कार्यकर्ता उपस्थित थे।

डांडिया आयोजन के दौरान अश्लीलता और फूहड़ता पर अंकुश लगाने की मांग

देवघर संताल एक्सप्रेस । शुक्रवार को भारतीय जनता युवा मोर्चा (भाजयुमो) देवघर ने अनुमंडल पदाधिकारी सह अनुमंडल दंडाधिकारी से नवरात्रि महोत्सव के दौरान डांडिया आयोजन में अश्लीलता और फूहड़ता पर अंकुश लगाने के लिए मांग की है। भाजयुमो देवघर ने अपनी मांग में कहा है की सभी प्रतिभागियों के लिए आधार कार्ड अनिवार्य किया जाए। आयोजन स्थल पर हिंदू रीति-रिवाज के अनुसार माता की आरती और प्रसाद वितरण किया जाए। अनुचित तत्वों पर प्रतिबंध गैर सनातनियों, नशेड़ियों, और असामाजिक तत्वों का प्रवेश निषेध हो। केवल माँ भगवती के भक्ति गीत बजाए जाएं। सभी डांडिया आयोजन रात 9 बजे तक समाप्त हों। गैर सनातनियों द्वारा आयोजित डांडिया पूर्ण रूप से प्रतिबंधित हों। सुरक्षा व्यवस्था- आयोजनकर्ता द्वारा सुरक्षा की पुख्ता व्यवस्था की जाए। भाजयुमो देवघर के मनोज मिश्रा, प्रभाकर शांडिल्य, अभय सिंह, सौरभ पाठक, राहुल पाठक, देवाशीष कुमार, और लखन मंडल ने इस मांग पत्र पर हस्ताक्षर किए हैं।

दुर्गा पूजा पर सफाई को लेकर चलेगा विशेष अभियान, 24 घंटे सेवा में रहेगा सफाई कर्मी

शेखर सुमन

देवघर। नगर निगम देवघर क्षेत्र में स्थापित होने वाली मां दुर्गा की प्रतिमाओं व मंदिरों के आसपास व पूरे शहर की दुर्गा पूजा पर सफाई को लेकर चलेगा विशेष अभियान चलाया जाएगा। जिसके तहत नगर निगम, देवघर क्षेत्रान्तर्गत चुने हुए पूजा स्थलों के आसपास श्रद्धालुओं की भीड़ के मद्देनजर प्रयाप्त संख्या में स्वच्छता कर्मियों तथा सफाई वाहनों की प्रतिनियुक्ति की गई है। जिससे श्रद्धालुओं को स्वच्छ वातावरण में पूजा करने का अवसर प्राप्त होगा। शहर के सभी कचरा प्वाइंट पर दो पालियों में सफाई की जायेगी। जिसके तहत रात्री में विशेष सफाई करायी जाएगी। चुना- ब्लीचिंग की व्यापक छिड़काव के साथ मुख्य मार्गों के पर विशेष सफाई व्यवस्था किया जाएगा। इसका पर्यवेक्षण संबंधित वार्ड जमादार तथा स्वच्छता निरीक्षक द्वारा किया जायेगा। साथ ही सभी पूजा स्थलों पर सफाई के उपरान्त चुना- ब्लीचिंग का भी छिड़काव का निर्देश दिया गया है।

क्या कहते हैं नगर आयुक्त

उक्त संबंध में पूछे जाने पर देवघर नगर निगम आयुक्त रंजीत कुमार सिन्हा ने बताया कि नगर निगम के सारे कर्मी लगे हुए हैं जिसमें दो पाली में लगे हुए हैं,साथ ही पूजा स्थलों के आसपास श्रद्धालुओं की भीड़ के मद्देनजर प्रयाप्त संख्या में स्वच्छता कर्मियों तथा सफाई वाहनों की प्रतिनियुक्ति की गई है।

क्या कहते सफ़ाई निरीक्षक

उक्त संबंध में पूछे जाने पर नगर निगम के वरीय सफाई निरीक्षक अजय कुमार ने बताया कि 24 घंटे सफाई कर्मियों सभी जगह साफ सफाई करवा रहे हैं साथ ही ब्लीचिंग का छिड़काव करवा रहे हैं,वही पंडाल में पानी का टैंकर मौजूद रहेगा।

क्या कहते हैं वार्ड जमादार

उक्त संबंध में वार्ड नंबर 36 के वार्ड जमादार विभीषण पंडित ने कहा कि मुझे वार्ड नंबर 35 और 36 के विभिन्न दुर्गा पूजा पंडाल में प्रतिनियुक्ति किया गया है। सभी कचरा प्वाइंट पर दो पालियों में सफाई की जायेगी।

समस्याओं के समाधान की जानकारियों से कार्यालय को कराएं अवगत : डीसी

संताल एक्सप्रेस संवाददाता

देवघर । उपायुक्त की अध्यक्षता में आज जनता दरबार का आयोजन किया गया। इस दौरान उपायुक्त ने जिले के शहरी तथा ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों से मुलाकात कर उनके समस्याओं से अवगत हुए। साथ ही उपायुक्त द्वारा उपस्थित सभी लोगों से एक-एक कर उनकी समस्याएँ सुनी गयी एवं आश्वस्त किया गया कि संज्ञान में आए हुए सभी शिकायतों की जाँच कराते हुए जल्द से जल्द सभी का समाधान किया जाएगा।इसके अलावे जनता दरबार के दौरान विभिन्न आवेदन शिकायत के रूप में आये, जो कि जिले के विभिन्न विभागों से संबंधित थे। ऐसे में जनता दरबार में सभी शिकायतकर्ता की समस्याएँ को सुनने के पश्चात उपायुक्त ने संबंधित विभाग के अधिकारियों को निदेशित किया कि सभी आवेदनों का भौतिक जांच करते हुए, उसका समाधान जल्द से जल्द करें। इसके अलावे उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि इन शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई करते हुए एक सप्ताह के अंदर अपना प्रतिपुष्टि उपायुक्त कार्यालय को समर्पित करें।

बदमाशों ने दो महिलाओं की छीनी सोने की चेन

संवाददाता

देवघर। नगर थाना क्षेत्र में इन दिनों सोने की चेन की छिनतई की घटना फिर बढ़ गयी है। पिछले दो दिनों में थाना क्षेत्र के अलग-अलग इलाके से दो महिला से सोने की चेन की छिनतई कर ली गयी। बरमसिया के कुमूदनी घोष रोड के पास दो दिन पूर्व शाम को राह चलते एक महिला की सोने की चेन की छिनतई कर बाइक सवार बदमाश फरार हो गये। इसे लेकर अम्बेडकर नगर बरमसिया निवासी शशि भूषण ने नगर थाना में मामला दर्ज कराया है। नगर पुलिस इस मामले की अभी जांच ही कर रही थी कि बाइक सवार छिनतई करने वाले बदमशों ने 03 अक्टूबर की सुबह श्रीकांत रोड बेलाबगान के पास मॉर्निंग वॉक पर निकली महिला के गले से सोने की चेन की छिनतई कर फरार हो गये। पीड़ित महिला प्रेमतारा ने बताया कि वह पति मनोज कुमार साह के मॉर्निंग वॉक करके वापस घर लौट रही थी। उसी दौरान घर के करीब ही बाइक सवार दो बदमाश आया और गले से चेन खिंच कर फरार हो गया।

नगर आयुक्त ने बैंकों के शाखा प्रबंधकों के साथ की बैठक

संताल एक्सप्रेस संवाददाता

देवघर । नगर आयुक्त की अध्यक्षता में देवघर नगर निगम के सभागार में प्रधानमंत्री सुनिधि योजना के अंतर्गत लंबित आवेदनों के निष्पादन हेतु देवघर नगर निगम क्षेत्र अंतर्गत स्थित बैंकों के शाखा प्रबंधको के साथ बैठक का आयोजन किया गया।नगर आयुक्त के द्वारा यह बतलाया गया कि विभाग द्वारा देवघर नगर निगम को।योजना के अंतर्गत। 6000 फुटपाथ विक्रेताओं को आच्छादित करने का लक्ष्य दिया गया है।जिसके आलोक में अभी तक कुल. 4401 फुटपाथ विक्रेताओं को ही योजना से आच्छादित किया गया है तथा बहुत सारे आवेदन विभिन्न बैंकों की शाखों में लंबित है। सभी को यह निर्देश दिया गया कि कैंप लगाकर मिशन मोड में आवेदनों का निष्पादन सुनिश्चित करते हुए फुटपाथ विक्रेताओं को योजना का लाभ प्रदान करना सुनिश्चित करें साथ ही नगर मिशन प्रबंधकों को यह निर्देश दिया गया कि वह बैंकों से नियमित रूप से संबंध स्थापित कर कार्य को सुचारू रूप ढंग से नियमित समय में पूर्ण करना सुनिश्चित करें।सभी बैंक को निर्देश दिया गया की दिक्कत होने पर तत्काल रूप से निगम के नगर मिशन प्रबंधक से संपर्क करें। बैठक में सहायक नगर आयुक्त रणजीत सिंह.शुरू देवघर नगर निगम स्थित. विभिन्न बैंकों के शाखा प्रबंधक उपस्थित थे।साथ ही देवघर नगर निगम में कार्यरत सभी नगर मिशन प्रबंधक.सामुदायिक संगठन करता तथा सामुदायिक संसाधन से भी बैठक में उपस्थित थे।

डीआरएम ने जसीडीह और मधुपुर स्टेशन के क्रू लॉबी का जायजा लिया

संताल एक्सप्रेस संवाददाता

देवघर। शुक्रवार को मंडल रेल प्रबंधक,आसनसोल मंडल के चेतना नंद सिंह ने जसीडीह और मधुपुर स्टेशन अंतर्गत क्रू लॉबी और रनिंग रूम का व्यापक निरीक्षण किया। इस दौरान अधिकारियों ने रेल चालकों की समस्याएं भी सुनी। इस निरीक्षण का उद्देश्य मंडल के भीतर महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचे और परिचालन दक्षता के सुचारू संचालन को सुनिश्चित करना था। इसी क्रम में निरीक्षण के दौरान, श्री सिंह ने रनिंग रूम में सुविधाओं सहित चालक दल के लिए उपलब्ध सुविधाओं की गहन जांच की। उन्होंने कर्मचारियों को आराम करने के लिए एक आरामदायक और अनुकूल वातावरण प्रदान करने के महत्व पर जोर दिया, जो ट्रेन संचालन में संरक्षा और समय की पाबंदी बनाए रखने के लिए आवश्यक है।मंडल रेल प्रबंधक/आसनसोल ने ड्यूटी पर मौजूद क्रू सदस्यों और कर्मचारियों से बातचीत की और उनके काम करने की स्थितियों,सुझावों और चिंताओं का आकलन किया,जिससे कर्मचारी कल्याण के प्रति मंडल की प्रतिबद्धता की पुष्टि हुई। हाल ही में संपन्न स्वच्छता अभियान के एक हिस्से के रूप में, समग्र सफाई, भोजन की गुणवत्ता और उचित आराम सुविधाओं की उपलब्धता पर विशेष ध्यान दिया गया।श्री सिंह ने संबंधित अधिकारियों को किसी भी कमी को दूर करने और जहां भी आवश्यक हो,तत्काल सुधारात्मक उपाय करने का निदेश दिया। यह निरीक्षण परिचालन उत्कृष्टता सुनिश्चित करने और अपने चालक दल के सदस्यों की कार्य स्थितियों को बढ़ाने के लिए पूर्व रेलवे द्वारा चल रहे प्रयासों का हिस्सा है,जिससे सेवा की गुणवत्ता और संरक्षा मानकों में समग्र सुधार में योगदान मिलता है।

कार्यालय :– जिला परिषद, पाकुड़

अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या–03/2024–25

1. विज्ञापन दाता का नाम :– उप विकास आयुक्त–सह–मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, जिला परिषद, पाकुड़।
2. परिमाण विपत्र बिक्री की तिथि :– 15/10/2024 (10:00 बजे पूर्वाह्न से 4:00 बजे अपराह्न तक)
3. परिमाण विपत्र विक्री का स्थान :– जिला परिषद कार्यालय, पाकुड़।
4. निविदा प्राप्त करने की तिथि एवं समय:– 16/10/2024 (3.00 बजे अपराह्न)
5. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– 16/10/2024 (3.30 बजे अपराह्न)
6. निविदा प्राप्ति एवं खोलने का स्थान :– जिला परिषद कार्यालय, पाकुड़।
7. योजना मद का नाम :–15वें वित्त आयोग (आबद्ध मद)
8. कार्य विवरणी :–

ग्रुप संख्या	प्रखण्ड	पंचायत	कार्य का नाम	प्राक्कलित राशि (रुपये में)	अग्रधन राशि (रुपये में)	परिमाण विपत्र की राशि (रुपये में)	कार्य पूर्ण करने की अवधि
1	2	3	4	5	6	7	8
01	पाकुड़	हिरानन्दनपुर	ग्राम तलवाडांगा में बाबु पाण्डेय के घर के सामने सोलर जल मिनार निर्माण कार्य।	6,57,867/-	13,200/-	1,250/-	तीन माह

9. जिला परिशद, पाकुड़ में निबंधित संवेदक ही निविदा में भाग लेंगे।
10. बैंक ड्राफ्ट D.D.C.-CUM-C.E.O., District Board, Pakur के पदनाम से देय होगा, जो भारतीय स्टेट बैंक, पाकुड़ (मुख्य शाखा) में भुगतेय होगा।
11. निविदा की शर्त जिला परिषद कार्यालय, पाकुड़ के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

ह०
उप विकास आयुक्त–सह–
मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी,
जिला परिषद, पाकुड

PR 337976 (District)24-25*D

e - PROCUREMENT CELL

OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER BUILDING DIVISION, DIST - PAKUR

BUILDING CONSTRUCTION DEPARTMENT, GOVT. OF JHARKHAND

Very Short e - PROCUREMENT TENDER

NOTICE

Tender Reference No:- 25/2024-25/EE/BCD/PAKUR Date:-04-10-2024

(i) LIST OF WORKS -

S.N.	NAME OF WORK	ESTIMATED COST (RS.)	COST OF BOQ (RS.)	EARNEST MONEY (RS)	DATE OF COMPLETION	TENDER ID
1	REPAIR OF SP OFFICE, COLLECTORATE, PAKUR	2490500.00	5,000.00	50,000.00	02 Months	2024_BCD_89341_1
2	REPAIR OF CONFIDENTIAL OFFICE IN SPRESIDENCE, DIST. - PAKUR	2129800.00	5,000.00	43,000.00	02 Months	2024_BCD_89341_2

(ii) DATE OF TENDER PUBLISHED ON WEBSITE - 04.10.24

(iii) LAST DATE AND TIME OF TENDER RECEIVING ON WEBSITE - 14.10.24 UPTO 5.00 PM

(iv) TENDER OPENING PLACE WITH DATE AND TIME - BUILDING DIVISION, PAKUR, ON 16.10.24 FROM 12.00 PM

(v) TENDER INVITING OFFICE WITH ADDRESS - e - PROCUREMENT CELL, OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER, BUILDING DIVISION, PAKUR

(vi) CONTACT NO. OF e - PROCUREMENT OFFICER 9279718158

(vii) HELP LINE NO. OF e - PROCUREMENT CELL 6201837151

Further details and subsequent amendments can be seen on website http://jharkhandtenders.gov.in

NODAL OFFICER
e - PROCUREMENT CELL - CUM - EXECUTIVE ENGINEER
OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER BUILDING DIVISION, DIST - PAKUR

PR 337967 Building(24-25)D

झारखंड सरकार
कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, गोड्डा 814133

(rdsd.godda@gmail.com)

शुद्धि पत्र

इस कार्यालय द्वारा आहूत अल्पकालीन अति अल्पकालीन ई निविदा आमंत्रण सूचना संख्या RWD/SD/GODDA/14/2024-25RE2 जिसका पी०आर० संख्या 337347 Rural Development (24-25)D है में निम्न प्रकार से संशोधित किया जाता है।

क्रम	पूर्व की तिथि	संशोधित तिथि
बेवसाईट में ई निविदा प्रकाशन की तिथि	30.09.2024	07.10.2024
बेवसाईट में ई निविदा की अंतिम तिथि	07.10.2024	15.10.2024
बेवसाईट में ई निविदा खोलने की तिथि	09.10.2024	17.10.2024

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, गोड्डा।

PR 337953 Rural Development(24-25)D

झारखण्ड़ सरकार
क्षेत्र सर्वेक्षण प्रमण्डल, अग्रिम योजना, पथ निर्माण विभाग, दुमका

अल्पकालीन ई–प्रोक्योरमेंट सूचना

ई–निविदा प्रसंग सं0 :–RCD/FSD /AP/ DUM/17/2024-25

दिनांक:–01.10.2024

1.	कार्य का नाम	**Detailed Project Report for construction of (A) Roshan more (Mahbadia) to Sarwan Road, (B) Hadhadia Pul to Sarwan Road on Jamuna Jore under road division Deoghar in the State of Jharkhand.**
2.	अनुमानित लंबाई (मीटर)	16.00 कि० मी०
3.	कार्य समाप्ति की अवधि	60 दिन
4.	वेबसाईट पर निविदा प्रकाशित होने की तिथि एवं समय	07.10.2024, 05.00 बजे अपराह्न
5.	निविदा जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय	22.10.2024, 12.00 बजे अपराह्न तक
6.	निविदा खोलने की तिथि एवं समय	23.10.2024, 01.00 बजे अपराह्न
7.	निविदा आमंत्रित करने वाले का नाम एवं पता	कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, क्षेत्र सर्वेक्षण प्रमण्डल अग्रिम योजना, पथ निर्माण विभाग, दुमका।
8.	प्रोक्योरमेंट पदाधिकारी का संपर्क नं0	8292901787
9.	ई–प्रोक्योरमेंट सेल को हेल्पलाईन नं0	0651–2401010

अतिरिक्त जानकारी के लिए वेबसाईट पर देखें :–http://jharkhandtenders.gov.in

कार्यपालक अभियंता,
क्षेत्र सर्वेक्षण प्रमण्डल, अग्रिम योजना,
पथ निर्माण विभाग, दुमका

PR 337947 (Road)24-25*D

डॉ. अनूप व रवि वर्मा ने किया देवघर डीएसपी का स्वागत

देवघर संताल एक्सप्रेस । देवघर जिला कांग्रेस के स्वास्थ्य विभाग के अध्यक्ष डॉ. अनूप कुमार एंव देवघर एनएसयूआई के छात्र नेता रवि वर्मा ने देवघर के नवनियुक्त डीएसपी अशोक कुमार सिंह को बाबा बैद्यनाथ की नगरी देवघर आने पर उनको गुलदस्ता भेंट कर स्वास्थ्य एंव छात्र कांग्रेस एनएसयूआई कमिटी की ओर से उनका स्वागत किया।

OFFICE OF THE DISRTICT LEGAL SERVICES AUTHORITY, DUMKA

Advt. No.- 05/LADCS/2024 **Dated: 01st October, 2024**

NOTICE INVITING APPLICATIONS FOR ENGAGEMENT AS FULL TIME LEGAL AID LAWYERS IN LEGAL AID DEFENSE COUNSEL OFFICE IN DISTRICT LEGAL SERVICES AUTHORITY, DUMKAAT DISTRICT DUMKA.

JHALSA under the aegis of NALSA is in process of implementation of LADCS in the district Dumka.

Applications are hereby invited from eligible lawyers having requisite qualification for contractual full time engagement for the post of Deputy Chief Legal Aid Defense Counsel as per scheme in the Dumka District. **The lawyers so engaged therein will not be allowed to take any other private cases or any other retainership.**

Sl. No.	Name of the post	Number of post	Honorarium (retainership fee)
1	Deputy Chief Legal Aid Defense Counsel	01	Rs. 55,000/- per month

Desired Eligibility Criteria

1) Practice in Criminal Law for at least 07 years.
2) Excellent Understanding of Criminal Law.
3) Excellent Oral & Written Communication skills.
4) Skills in Legal Research.
5) Thorough understanding of ethical duties of a defence counsel.
6) Ability to work effectively & efficiently with others.
7) Must have handled at least 20 Criminal Trials in Sessions Courts, may be relaxed in exceptional circumstances, by Hon'ble Executive Chairman, SLSA,
8) IT Knowledge with proficiency in work.

For Application forms, eligibility criteria and more details, kindly visit the official website of Civil Court, Dumka https://dumka.dcourts.gov.in

The duly filled applications form alongwith self attested copies of documents should be submitted to DLSA, Dumka. Wherein the candidate can send their dully filled forms through Speed Post or in sealed envelope personally in the office of the **Secretary, DLSA, Nyaya Sadan, Civil Court, Dumka on or before 19th October, 2024 by 05:00 P.M. Any application received after due date shall not be considered.**

Note :-Applying for engagement does not create any right/assurance whatsoever.

Sd/-
Principal District & Sessions Judge-cum-Chairman
District Legal Services Authority, Dumka.

PR.NO.337941 Law(24-25):D

JHARKHAND BIJLI VITRAN NIGAM LIMITED

(CIN: U40108JH2013SGC001702)

Office of the Dy. General Manager (Tech), Electric Supply Circle, Dumka

TENDER NOTICE

Tender in two part (Part-I Technical and Commercial and Part-II Price Part) is invited from the reputed tenderers having good experience of following same type of Civil Works and having sound financial status.

Sl. No.	NIT No.	Name of work	Estimated cost (In Rs.)	Earnest money to be deposited (In Rs.)	Cost of BOQ (non refundable) (In Rs.)	Time for completion	Last date and time for submission of tender	Date and time for opening of tender Part-I
1	184/PR/JBVNL/2024-25	R/M of Qtr. No. F-10 and its block of nigam colony at Mahuadangal Electric Colony, Dumka.	3,95,800.00	8000.00	750.00 + 135.00 (GST 18%) = 885.00	60 Days	25.10.2024 up to 1:30 PM	25.10.2024 at 2:30 PM

1. The tender documents can be purchased from the office of the undersigned from any working day till one day before the date of submission of tender in working hours after depositing cost of BOQ (Non-refundable) with Accounts Officer, Electric Supply Circle, Dumka in shape of Bank Draft.

स्वहित एवं राष्ट्रहित में ऊर्जा बचावें। कृपया अपनी शिकयतों को 18003456570(कॉल सेन्टर) पर दर्ज करायें।

Sd/-
DGM (Tech)
Electric Supply Circle, Dumka

PR 337940 (Jharkhand Bijlee Vitran Nigam Ltd)24-25*D

अवैध कोयला ढुलाई पर पुलिस की कार्रवाई, चार टन कोयला जप्त

गोड्डा । पुलिस कप्तान अमिनेष नैथानी के निर्देशानुसार ललमटिया थाना प्रभारी मुकेश कुमार राउत व ईसीएल के सीआईएसएफ द्वारा लागतार कोयला का भंडारण व परिवहन के खिलाफ छापेमारी जारी है। इस बात से कोयला तस्करों में दहशत का महौल बना हुआ है। वहीं पुलिस द्वारा की गई छापेमारी में करीब चार टन कोयला जब्त किया। इस कार्यवाही के बाद कुछ कोयला तस्कर भी सतर्क हो गए हैं। मिली जानकारी के मुताबिक गुरुवार को ललमटिया थाना प्रभारी मुकेश कुमार राउत के नेतृत्व में ललमटिया थाना क्षेत्र के चरण टोला और चितरकोटी के पास अवैध कोयला ढुलाई के विरुद्ध छापामारी किया गया। थाना क्षेत्र से कोयला तस्करों के खिलाफ ताबड़तोड़ की गई छापेमारी में 4 टन कोयला जब्त कर ईसीएल को सुपुर्द कर दिया गया। बताते चले कि काफी लंबे समय से अवैध कोयला धुलाई दिन के उजाले में किया जा रहा था। लगातार छापेमारी के बावजूद भी कोयला तस्कर की तस्करी थम नहीं रही थी। इसी को प्रतिबंध को लेकर गुरुवार को ललमटिया पुलिस व इसीएल सीआईएसफ के द्वारा ताबड़तोड़ छापेमारी किया गया। वही इस मामले को लेकर थाना प्रभारी मुकेश कुमार राउत ने बताया की अवैध माइनिंग के खिलाफ यह छापेमारी अगले आदेश तक लगातार जारी रहेगी। पुलिस की इस कार्यवाही से क्षेत्र के कोयला तस्करों में हड़कंप का माहौल बन गया है। अवैध कोयला तस्करों के खिलाफ जिला प्रशासन ने कमर कस ली है।

दो दिवसीय फुटबॉल मैच का हुआ समापन

गोड्डा । जिले के बोआरीजोर प्रखंड अंतर्गत बड़ा सिमड़ा के खेल मैदान में गांधी जयंती के अवसर पर दो दिवसीय फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था। इस प्रतियोगिता में कुल 16 टीमों ने हिस्सा लिया था। प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला गुरुवार को महागामा और सुंदर पहाड़ी के बीच खेला गया जिसमें एसएससी महागामा की टीम विजयी रही। महागामा की विजेता टीम को झामुमो के पूर्व मंत्री हेमलाल मुर्मू ने 01 लाख 50 हजार रुपये देकर पुरस्कृत किया। वही उपविजेता टीम सुंदर पहाड़ी को ईसीएल के जीएम ओपी सतीश मुरारी ने 1 लाख 20 हजार रुपए देकर सम्मानित किया टीम में मैन ऑफ द मैच व मेन ऑफ द सीरीज को भी पुरस्कार दिया गया इस प्रतियोगिता को देखने के लिए आसपास के दर्जनों गांव की भारी संख्या में खेल प्रेमी जुटे थे खेल के दौरान अपने टीमों को ताली बजाकर हौसला बुलंद कर रहे थे मौके पर मुखिया केंदुआ मुखिया सुशीला भोगरे पंचायत समिति सदस्य कंचन देवी, भाजपा नेत्री अनीता सोरेन मुखिया प्रतिनिधि प्रमोद हेंब्रम, झामुमो के राजमहल सांसद प्रतिनिधि सुबल मंडल के अलावे गणमान्य लोग उपस्थित थे।

दुधारू पशु मेला सह प्रदर्शनी और कार्यशाला का हुआ आयोजन

जामताड़ा । कृषि पशुपालन एवं सहकारिता विभाग के सौजन्य से शुक्रवार को समाहरणालय स्थित एसजीएसवाई सभागार में जिला स्तरीय दुधारू पशु मेला सह प्रदर्शनी एवं कार्यशाला का आयोजन किया गया। आयोजित कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ परियोजना निदेशक आईटीडीए जुगनू मिंज, अपर समाहर्ता पूनम कच्छप एवं जिला पशुपालन सह गव्य विकास पदाधिकारी विद्यासागर के द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए परियोजना निदेशक जुगनू मिंज ने कहा कि सरकार के द्वारा जितनी भी लोक कल्याणकारी योजनाएं चलाई जा रही है, उसका लाभ उठाएं। मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना के तहत भी पशुपालकों के आर्थिक संवर्धन हेतु सरकार द्वारा कई पहल किए गए हैं, आप लोग इसका लाभ उठाएं। आयोजित कार्यशाला में पशुपालकों को उन्नत पशुपालन, आवास व्यवस्था, चारा, पशुपोषण, स्वच्छ दुग्ध उत्पादन, बीमारी, टीकाकरण के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। पशु मेला में विभिन्न प्रखण्डों से आये लाभुकों के बीच कुल 11 जोड़ा बैल एवं 53 दुधारू गायों का वितरण किया गया। इस मौके पर संबंधित जिला एवं प्रखंड स्तरीय अधिकारियों के अलावा अन्य कर्मी आदि मौजूद रहे।

जनजाति बाहुल्य क्षेत्र के सुंदर पहाड़ी में विशेष ग्राम सभा आयोजित

गोड्डा । भारत गणराज्य की 75वीं वर्षगांठ एवं महात्मा गांधी की 155वीं जयंती के उपलक्ष्य पर सुंदरपहाड़ी प्रखण्ड के बड़ा सिंदरी, तिलाबाद, पहाड़पुर और घटियारी गांव में एक विशेष ग्राम सभा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर गाँव के वरिष्ठ नागरिकों को विशेष रूप से आमंत्रित किया गया और उन्हें सम्मानित भी किया गया। ग्राम सभा का उद्देश्य सक्षम पंचायत- विकसित भारत के लक्ष्य को ध्यान में रखते हुए गाँव के विकास और सशक्तिकरण के लिए वरिष्ठ नागरिकों के अनुभवों और विचारों को प्राथमिकता देना था। इस मौके पर पंचायत के बुजुर्गों ने गाँव के विभिन्न हिस्सों में पौधे लगाए। इस पौधरोपण का मुख्य उद्देश्य यह संदेश देना था कि जिन पंचायतों में हरियाली होगी वहाँ विकास और समृद्धि के कदम तेज़ी से बढ़ेंगे। ग्राम सभा में पीरामल फाउंडेशन के गांधी फेलो और संस्था के अन्य अधिकारियों ने भी हिस्सा लिया। इन अधिकारियों ने 500 से अधिक ग्राम पंचायतों में सरपंचों के साथ मिलकर विकासात्मक कार्यों में सहयोग किया है। ग्राम पंचायत बारा सिंदरी के मुखिया राम पहाड़िया ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। उन्होंने गाँव के वरिष्ठ नागरिकों की भूमिका पर विशेष जोर देते हुए कहा कि गाँव के बुजुर्ग हमारे समाज की धरोहर हैं। उनके अनुभवों से हम भविष्य की योजनाओं को सही दिशा में ले जा सकते हैं। उनके विचार हमारे गाँव के विकास की योजनाओं में नई दृष्टि प्रदान करेंगे। ग्राम सभा के दौरान वरिष्ठ नागरिकों से उनके जीवन के अनुभवों और गाँव में आए बदलावों पर विस्तृत चर्चा की गई।

दुर्गा पूजा पर साफ सफाई की व्यवस्था को लेकर नगर परिषद रेस पूजा पंडालों की सफाई के लिए कर्मियों की बनाई गई टीम

संजीव/ गोड्डा। नवरात्रा प्रारंभ हो गया है। मुख्यालय सहित पूरे जिले में दुर्गा पूजा को लेकर भक्ति एवं उल्लास पूर्ण माहौल का वातावरण है। लोग अपने-अपने तरीके से दुर्गा पूजा मनाने की तैयारी में जुटे हुए हैं। वहीं जिला मुख्यालय स्थित शहरी क्षेत्र में पांच-पांच पूजा समितियां द्वारा पंडाल निर्माण कर मूर्ति स्थापित की जाती है। शहरी क्षेत्र में दुर्गा पूजा की धूम शुरू हो गई है। इसी बीच शहरी क्षेत्र में खासकर पूजा पंडाल के इर्द-गिर्द साफ सफाई एवं रोशनी की व्यवस्था को लेकर नगर परिषद ने भी कमर कस ली है। पूजा पंडाल के आसपास पिछले दो दिनों से लगातार सफाई कार्य कराई जा रहे हैं।

वहीं खराब पड़े हुए स्ट्रीट लाइट को दुरुस्त करने का कार्य युद्ध स्तर पर जारी है। इसके अलावा में मेन रूट पर भी सफाई एवं लाइटिंग की व्यवस्था की जा रही है। इसके लिए नगर परिषद के कर्मीयों के साथ-साथ की निवर्तमान पार्षद भी सफाई कार्यो को लेकर गंभीर हैं। अपने-अपने वार्डों में लोगों की समस्याओं एवं सफाई को लेकर त्वरित कार्रवाई

की जा रही है। बनाई गई है सफाई कर्मियों की टीम शहरी क्षेत्र में पांच दुर्गा पूजा समितियां द्वारा पंडाल निर्माण कर मूर्ति स्थापित की जाती है। जहां मेले का भी आयोजन होता है।

इन पांचो पूजा पंडाल स्थलों पर साफ सफाई को लेकर नगर परिषद द्वारा सफाई कर्मियों की टीम बनाई गई है। जो पूजा समिति के सदस्यों से संपर्क बनाकर सफाई कार्य को बेहतर ढंग से अंजाम देंगे। नगर परिषद कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार इसके लिए रौतारा दुर्गा मंदिर परिसर के लिए सफाई कर्मियों में बबलू मोहाली एवं रंजन मलिक तथा शिवपुर दुर्गा पूजा पंडाल के

लिए लाखों देवी एवं विनोद मोहली शामिल किए गए हैं। इसके लिए पर्यवेक्षक अविनाश कुमार सफाई मेट को बनाया गया है। वही गोढ़ी दुर्गा पूजा पंडाल के लिए सन्नी मेहतर एवं अशोक मेहतर को सफाई कर्मी जबकि पर्यवेक्षक के रूप में सोमेश्वर मेहतर को बनाया गया है।

वहीं बड़ी दुर्गा पूजा पंडाल बाबू पाड़ा के लिए बिट्टू हरि एवं नीरज मेहतर को सफाई करने एवं दीपक कुमार को पर्यवेक्षक के रूप में रखा गया है। जबकि सरकंडा दुर्गा पूजा पंडाल के लिए मिथुन मेहतर एवं मिट्ठू हाडी को सफाई कर्मी तथा सुमन कुमार को स्वच्छता पर्यवेक्षक के रूप में रखा गया है। सभी के नोडल पदाधिकारी नगर परिषद के नगर प्रबंधक को बनाया गया है। यह टीम निर्धारित पूजा पंडाल के साफ सफाई के लिए पूर्ण रूप से जिम्मेवार होंगे।

क्या कहते हैं कार्यपालक पदाधिकारी

गोड्डा नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी आशीष कुमार ने कहा कि दुर्गा पूजा को लेकर शहरी क्षेत्र में सफाई कार्य को युद्ध स्तर पर कराया जा रहा है। मुख्य पूजा पंडाल के इर्द-गिर्द साफ सफाई को लेकर टीम बनाई गई है। जबकि मुख्य मार्ग को भी साफ सफाई करने के लिए कर्मियों को निर्देशित किया गया है। वहीं शहरी क्षेत्र में रोशनी की बेहतर व्यवस्था को लेकर चिन्हित किए जगह पर स्ट्रीट लाइट लगाई जा रहे हैं। जबकि खराब पड़े लाइट को दुरुस्त करने का कार्य युद्ध स्थल पर जारी है। पूजा तक यह सफाई कार्य लगातार 3 शिफ्टों में कराया जाएगा। ताकि शहरी क्षेत्र में साफ सफाई का कार्य बेहतर ढंग से बना रहे।

आशीष कुमार,
कार्यपालक पदाधिकारी, नगर परिषद, गोड्डा।

महगामा नगर परिषद की साफ सफाई का दवा खोखला साबित, जगह-जगह बिखरी है गंदगी

अंकुश / महगामा

नगर पंचायत क्षेत्र में सड़क किनारे कूड़ा बिखरा पड़ा हुआ था । जहां दुर्गा पूजा चल रहा है और श्रद्धालु मंदिर पूजा करने जाते हैं जहां नगर पंचायत क्षेत्र में सड़क किनारे फुटपाथ पर कूड़े का अंबार पड़ा हुआ। महागामा नगर पंचायत ने दावा कर रहें हैं कि नगर पंचायत क्षेत्र में साफ़ सफाई व्यवस्था दुरुस्त हो गाया लेकिन नगर पंचायत क्षेत्र के वार्ड नंबर छः और सड़क किनारे कूड़ा बिखरा पड़ा है। पिछले तीन दिनों से महागामा के मुख्य सड़क के पास एसबीआई बैंक के पास कूड़े दान के उपर बोरा पड़ा हुआ है । वहीं बीते दिनों महागामा अनुमंडल पदाधिकारी आलोक वरण केसरी ने निरीक्षण कर नगर पंचायत के सुपरवाइजर दिलदार अंसारी को निर्देश दिया गया था कि जितना भी मन्दिर के सड़क मार्ग पर गड्ढे को डस्ट से भरने को कहा गया था। लेकिन अब तक नहीं भराया गया है। और दुर्गा मंदिर के आस पास पूजा शुरु होने तक बेल्चिंग पाउडर का छिड़काव नहीं किया गया । जहां एक ओर पूजा शुरु होने के बाद जंगल का साफ सफाई किया गया । जहां महिला श्रद्धालु दुर्गा मंदिर पूजा करने सुबह जाती हैं और नगर पंचायत क्षेत्र में आठ बजे के बाद कूड़ा उठाया जाता है। उसी कूड़ा से महिला गुजरती हैं। वहीं समाजसेवी अभिनव कुमार सिंह ने बताया कि महागामा नगर पंचायत में साफ सफाई पर किसी भी पदाधिकारी की नही है नजर। महागामा में पिछले 1 सप्ताह से साफ सफाई न के बराबर हो रही है जबकि नगर पंचायत को महागामा नगर पंचायत की जनता समय पर नगर को टैक्स देती है और सफाई का कोई ध्यान नगर पंचायत के पदाधिकारी नही दे रहे हैं। मेरे पास दर्जनों कॉल आ रहे हैं कि दुर्गा पूजा है मेन रोड में कचड़ा का अंबार लगा हुआ है और साफ सफाई नही हो रही है और गली मोहल्ले में तो झाड़ू तक नहीं पड़ता है ऐसे में जनता में काफी आक्रोश है नगर पंचायत के पदाधिकारी के ऊपर। अगर पूजा समाप्त होने के पहले पूरी सफाई नही होता है तो मैं नगर पंचायत के खिलाफ धरने पर बैठूंगा। जबकि आने वाले समय में दीपावली और छठ पर्व भी है। **क्या कहते हैं पदाधिकारी**

इस मामले को लेकर महागामा नगर पंचायत कार्यपालक पदाधिकारी आशीष कुमार से दूरभाष पर बात हुई। उन्होंने बताया कि सफाईकर्मी को दो टीम लगाया जायेगा जहां एक टीम सुबह और एक टीम रात को कार्य करेगी।

बताया कि ब्लीचिंग पाउडर की छिड़काव कराई जाएगी जहां-जहां पूरे कूड़े का अंबार पड़ा हुआ है सभी को सफाई कर ली जाएगी और सुबह महिला श्रद्धालु पूजा करने के लिए मंदिर जाती है। उससे पहले ही एक टीम रात में काम करने वाली पूरे महागामा नगर पंचायत की साफ सफाई कर ली जाएगी। एक दिन में पूरे महागामा नगर पंचायत की साफ सफाई हो जाएगी। जहां जहां सड़क के पास गड्ढे हैं उसको मिट्टी व डस्ट से भारी जाएगी। पूरे नगर पंचायत का निरीक्षण कर लिया है जहां साफ़ सफाई के लिए पूरे नगर पंचायत की टीम लगी हुई है। **आशीष कुमार, कार्यपालक पदाधिकारी, नगर पंचायत क्षेत्र, महागामा।**

बैंक अधिकारी बनकर करते थे ठगी, आधा दर्जन साइबर अपराधी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

जामताड़ा । गुप्त सूचना पर छापामारी करते हुए जामताड़ा साइबर पुलिस ने छापामारी कर आधा दर्जन साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया है। शुक्रवार को जामताड़ा साइबर थाना में आयोजित प्रेस वार्ता में इस संदर्भ में खुलासा किया गया बताया कि जामताड़ा थाना के पांडेडीह तथा कर्माटांड़ थाना के सिकरपोसनी, माणिकपूरा और मठटांड़ गांव में छापामारी कर 6 साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया। बताया कि साइबर थाना प्रभारी इंस्पेक्टर अब्दुल रहमान के नेतृत्व में पु0नि0, जयन्त तिर्की, पु0अ0नि0 मनीष कुमार गुप्ता, पु0अ0नि0 प्रशांत कुमार एवं अन्य पुलिसकर्मी को शामिल करते हुए छापेमारी किया गया। छापामारी कर साईबर अपराध कारित करते हुए प्रितम दास, उम्र 35 वर्ष, अमित दास उम्र 31 वर्ष, ग्राम पाण्डेडीह से तथा टिंकु मंडल, उम्र 29 वर्ष, ग्राम माणिकपुरा, निरंजन पोद्दार, उम्र 33 वर्ष, ग्राम सिकरपोसनी, दोनों थाना करमाटाँड और विन्दुर मंडल, उम्र 32 वर्ष, विरेन्द्र मंडल, उम्र 25 वर्ष दोनों ग्राम झिलुवा, थाना नारायणपुर सभी जिला जामताड़ा को फर्जी मोबाईल, सिम, ए0टी0एम0 कार्ड, पासबुक, पैन कार्ड, आधार कार्ड, नगद के साथ पकड़ा गया। इस संबंध में इनके विरूद्ध जामताड़ा साईबर थाना में कांड दर्ज किया गया है। इनके पास से बरामद किये गये सामानों में नगद ?10,500, 19 मोबाइल फोन, 36 फर्जी सिमकार्ड, तीन एटीएम कार्ड, 5 पासबुक, दो आधार कार्ड और एक पैन कार्ड शामिल है। बताया कि गिरफ्तार साइबर ठगों की अपराध शैली फर्जी बैंक अधिकारी बनकर ठगी करने का है। लोगों को फोन करके सोलह अंक का ञरूहश., ष्टङ्कङ्क हश., एवं हञ्जक्कहश. प्राप्त कर विभिन्न श्व ङ्खस्रश्चञ्ज एवं फर्जी बैंक खातों के माध्यम से अपने खातों में ञ्जह्म्ड्डठ्ठह्यद्घद्गह्म करते हैं तथा साईबर ठगी को अंजाम देते हैं। बिजली बिल जमा नहीं करने तथा बिजली लाईन काटने का मैसेज देकर तथा खुद को किसी बिजली विभाग का अधिकारी बताकर साईबर ठगी करना भी इनके अपराध शैली में शामिल है। इनका कार्यक्षेत्र मुलत- पश्चिम बंगाल, बिहार, उत्तर प्रदेश, उड़ीसा आदि रहा है।

आईसीटी इंस्ट्रक्टर के लिए 64 उम्मीदवार चयनित

देवघर। आईसीटी इंस्ट्रक्टर के लिए स्कूलनेट इंडिया लिमिटेड के द्वारा रिजल्ट प्रकाशित किया गया। 64 चयनित उम्मीदवारों को विद्यालय में योगदान के लिए अनुमति प्रदान किया गया। अन्य विद्यालयों में आईसीटी इंस्ट्रक्टर एवं कलस्टर कोऑर्डिनेटर के पद के लिए ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया चल रही है। 8 अक्टूबर मंगलवार को लिखित परीक्षा एवं साक्षात्कार स्कूलनेट इंडिया लिमिटेड के द्वारा कराया जाएगा। स्कूलनेट इंडिया लिमिटेड के डिस्ट्रिक्ट एजुकेशन फैसिलिटेटर अमित कुमार सिन्हा ने बताया कि कोई भी उम्मीदवार घर बैठे ऑनलाइन लिंक https://recruitmentjh.schoolnetindia.com के माध्यम से अपना आवेदन जमा कर सकते हैं। इसके लिए कोई भी प्रकार का शुल्क नहीं लिया जाता है एवं पूरी की पूरी प्रक्रिया निष्पक्ष एवं पारदर्शी है।

जेएलकेएम पार्टी के द्वारा प्रखंड कमेटी का किया गया विस्तार

फतेहपुर- शुक्रवार को जेएलकेएम पार्टी के द्वारा साल बागान मैदान फतेहपुर में प्रखंड कमेटी विस्तार को लेकर बैठक किया गया। जिसकी अध्यक्षता जामताड़ा जिला अध्यक्ष मो. रियासत अंसारी ने की। बैठक में फतेहपुर व कुंडहित प्रखंड कमेटी का विस्तार किया गया और साथ ही साथ टाइगर जयराम महतो के विचारों को सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारी को जन-जन तक पहुंचाने का दायित्व सौंपा गया। जिसमें फतेहपुर प्रखंड अध्यक्ष के रूप में गिरधारी यादव, प्रखंड प्रभारी हरिनारायण रूज, उपाध्यक्ष सूरज टुडू, विष्णु मंडल, सपन पंडित, सचिव पंकज यादव, बिपलब मंडल, छोटेश्वर मरांडी, संगठन सचिव निमाई मोहली, राजीव यादव, अभिजीत यादव, सहसचिव राहुल राय, कलेश्वर सिंह, कोषाध्यक्ष जगत नारायण मंडल, प्रखंड प्रवक्ता राजकिशोर यादव एवं मीडिया प्रभारी भवेश कुमार मंडल को नियुक्त किया गया। मौके पर केंद्रीय महामंत्री चक्रधारी चौधरी, संथाल परगना संगठन महामंत्री सफीक अंसारी जामताड़ा जिला उपाध्यक्ष सुमन चौधरी, अमित मंडल, जिला कोषाध्यक्ष शांतिमय रूज, जिला सहसचिव सरोज कुमार आदि उपस्थित थे।

प्रचलित मोरडीहा गांव में नवरात्र के उपासकों की भीड़

ठाकुर गंगटी (गोड्डा) प्रखंड क्षेत्र के प्रचलित मोरडीहा, भगैया, माल मंडरो, बनियाडीह, चपरी, मिस्त्र गंगटी, ठाकुर गंगटी गांव के दुर्गा मंदिरों में शुक्रवार को दुर्गा माता के दूसरे रूप ब्रह्मचारिणी की पाठ पूजा की गई।सभी गांव के मंदिरों में नवरात्र के सैकड़ों महिला, पुरुष, युवक, युवती, बुजुर्ग उपासक मंदिर परिसर में शामिल हो रहे हैं। मोरडीहा गांव के दुर्गा मंदिर परिसर में सबसे अधिक नवरात्र के उपासकों, श्रद्धालुओं ने भाग लिया। शुरू से ही यहां ऐसी मान्यता है कि नवरात्र के तमाम महिला, पुरुष, युवक, युवती, बुजुर्ग उपासक चंडी पाठ पूजा के समय मंदिर के बरामदे पर बैठकर नियमित कथा सुनते हैं। आरती में भी भाग लेते हैं और चरना अमृत रूपी महाप्रसाद प्राप्त कर अपने घर की ओर जाते हैं। फिर संध्या पूजा आरती में भी सभी श्रद्धालु भाग लेते हैं। मंदिर के कुल पुरोहित आचार्य पंडित पंकज कुमार झा नियमानुसार चंडी पाठ सुनते हैं।

सड़क मरम्मती को लेकर स्कूली बच्चों ने किया सड़क जाम

गोड्डा । जिला के ललमटिया स्थित राजमहल परियोजना खनन क्षेत्र से सटे बसडीहा गांव के पास ईसीएल द्वारा निर्मित डायवर्सन सड़क पिछले कई महीनों से जर्जर स्थिति में है। जिस कारण स्कूली बच्चों और यात्री बस का आवागमन पूरी तरह से ठप हो गया है। वहीं स्कूल बस नहीं चलने से बच्चों की पढ़ाई लिखाई पिछले एक माह से बाधित है। जिसको लेकर स्कूली बच्चों ने गुरुवार को सुबह 09 बजे से हाथ में तख्ती लेकर सड़क मरम्मती के लिए प्रबंधन के खिलाफ जमकर प्रदर्शन किया। बच्चों ने करीब दो घंटे तक सड़क को पूरी तरह से जाम कर दिया। इस दौरान छात्र-छात्राओं ने कहा कि सड़क की स्थिति काफी जर्जर होने के कारण बसडीहा से ललमटिया तक पैदल चलना संभव नहीं है।प्रबंधन की ओर से हमारी जमीन ली गई हैं इसके बावजूद सड़क का जर्जर होना दुर्भाग्य की बात है। कहा कि सुबह से ही बड़ी-बड़ी हाईवा सड़क पर चलने लगती है जिससे कई बार दुर्घटनाग्रस्त होकर स्कूली छात्रों की जान भी जा चुकी है। ललमटिया में सुबह 05 बजे से लेकर संध्या 05 बजे तक नो एंट्री लगाया गया है। बावजूद नो एंट्री में भी ट्रकों का आवागमन दुर्भाग्यपूर्ण है। छात्र-छात्राओं ने कहा कि हम सभी की पढ़ाई एक माह से पूरी तरह बाधित है। जब तक प्रबंधन डायवर्सन सड़क की मरम्मती नहीं करेंगे, तब तक हमलोगों का स्कूल बस आना संभव नहीं है। सड़क की मरम्मती नही होने के कारण हम लोग स्कूल नहीं जा पा रहे है। इसलिए प्रबंधन पहले सड़क मरम्मतीकरण का कार्य करें तब सड़क जाम हटाया जाएगा। वहीं सड़क जाम की सूचना राजमहल परियोजना के कार्मिक, प्रबंधक एवं सिविल विभाग को दी गई। जिस पर संज्ञान लेते हुए सिविल विभाग के अधिकारी गणेश कुमार, संजीव कुमार, शिवली आलम ने जाम स्थल पर पहुंचकर सड़क का जायजा लिया और छात्रों को आश्वासन दिया कि अभी ही सड़क की मरम्मती कराई जाएगी और कल से आपकी स्कूल बस चलनी शुरू हो जा और आप सभी बच्चे कल से स्कूल जायेंगे। वहीं अधिकारियों द्वारा दिए गए इस आश्वासन के बाद छात्रों ने सड़क जाम को हटा लिया। उक्त वार्ता के बाद गुरुवार दोपहर से ही सड़क की मरम्मती का कार्य शुरू किया गया। सड़क पर बने गड्ढों में पत्थर एवं मिट्टी गिराकर जेसीबी के द्वारा गड्ढों को भरने का कार्य शुरू किया गया।

आशुतोष पांडे समाधान कमेटी के बने अध्यक्ष

पथरगामा प्रतिनिधि - एनएमओपीएस झारोटेफ गोड्डा जिला इकाई द्वारा झारखंड राज्य माध्यमिक संघ के सचिव आशुतोष पांडे को समाधान कमेटी का अध्यक्ष बनाया गया। जिला जनसेवक संघ के जिला अध्यक्ष और सचिव द्वारा झारोटेफ के प्रांतीय अध्यक्ष के समक्ष झारोटेफ के गोड्डा जिला अध्यक्ष डॉक्टर सुमन कुमार और सचिव सुभाष चंद्र पर प्रखंड कमिटी पुनर्गठन में मनमाने ढंग से कार्य करने ,जनसेवक संघ के सदस्यो का प्रखंड कमिटी पुनर्गठन में उपेक्षा तथा जनसेवक संघ के अध्यक्ष पर अमर्यादित भाषा का प्रयोग करने के आरोप लागया गया है। इन्ही आरोपों के सापेक्ष में आशुतोष पांडेय को समाधान कमिटी के अध्यक्ष के रूप में नामित किया जा रहा है। उपरोक्त जानकारी झारोटेफ के जिला अध्यक्ष डॉक्टर सुमन कुमार द्वारा दी गई ।

पोड़ैयाहाट में न्याय आपके द्वार कार्यक्रम आयोजित

गोड्डा - जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से शुक्रवार को पोड़ैयाहाट प्रखंड के महेशधासा केन्दुआ गांव में न्याय आपके द्वार कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसके तहत डालसा की टीम ने क्षेत्र के महेशधासा, केन्दुआ गांव में द्वार- द्वार जाकर जाकर लोगों को जागरुक किया। डालसा की ओर से गठित टीम में शामिल मो. हसीब व शंकर चंद्र सेन ने ग्रामीणों को,मानव तस्करी ,बाल विवाह आदि के बारे में जानकारी दी । उन्होंने कहा कि अपने बच्चों को पढ़ने के लिए स्कूल जरुर भेजें। कम उम्र के बच्चों से मजदूरी नहीं करायें। बच्चों से मजदूरी कराना कानूनन अपराध है। स्थानीय स्तर पर बच्चों की पढ़ाई के लिए पठन- पाठन की बेहतर व्यवस्था है। आज विद्यालयों में मध्याह्न भोजन , पोशाक व छात्रवृति की भी व्यवस्था है। वहीं किसी प्रकार की समस्या होने पर विधिक सेवा की भी व्यवस्था है। इसके तहत महिला, समाज के अभिवंचित, वंदी आदि को मुफ्त कानूनी सहायता का प्रावधान है। कहा कि खासकर लड़कियों को शिक्षा मुहैया कराने के लिए नजदीकी स्कूल जरुरत भेजें। जिले में महिला साक्षरता दर की स्थिति दयनीय है। लड़कियां ही शिक्षित कर समाज का नाम रोशन करेंगी। पढ़ने की उम्र में किसी बच्चों से मजदूरी नहीं कराएं। गरीबी अब पढ़ाई में बाधक नहीं है। सरकार की ओर से सभी प्रकार की सुविधाएं मुहैया कराई जा रही है। ऐसे में योजनाओ का लाभ उठायें औश्र सुशिक्षित समाज का निर्माण करने में अहम भूमिका अदा करें।

सड़क नहीं तो वोट नहीं, ग्रामीणों ने निकाली जुलुस

कुंडहित (जामताड़ा) । आगामी विधानसभा चुनाव के पहले गांव के सड़क निर्माण कार्य पुरा नही होने पर विधानसभा चुनाव में वोट होगी बहिस्कार । विधानसभा चुनाव में वोट बहिष्कार को लेकर शुक्रवार की शाम सियारसुली गांव के सैकड़ों ग्रामीणों ने ढोल - नगाड़ा के साथ गांव से सियारसुली मोड़ तक जुलुस निकाले। ग्रामीण युवा कमिटी की ओर से निकाली गई जुलुस से एक ही नारा सड़क नही तो वोट नही,

इसके पहले 23 सितंबर को सैकड़ों ग्रामीणों के हस्ताक्षर युक्त आवेदन बीडीओं को सौपा था। आवेदन बीडीओ को देते हुए कहा आगामी विधानसभा चुनाव के पहले गांव से अंबा पंचायत भवन तक जर्जर सड़क पक्कीकरण नही हुआ तो विधानसभा चुनाव बहिस्कार किया जायेगा।

मौके पर ग्रामीण सह पंचायत समिति सदस्य सुकुमार वाउरी,सादन मंडल ने बताया बिहार के राज्य के समय शालदहा मोड़ से अंबा पंचायत भवन तक ग्रेड वन सड़क का निर्माण किया गया था । लेकिन झारखंड निर्माण के 24 साल बीत गया ।अभी तक सड़क की पक्कीकरण नहीं हुआ। 24 साल में कई बार विधानसभा एवं लोकसभा का चुनाव संपूर्ण हो गया। चुनाव जीतकर नेताओं ने विधानसभा तथा लोकसभा पहुंच गए ,लेकिन गांव के दुर्दशा किसी जनप्रतिनिधियों के नजर तक नहीं पड़ा। गांव से स्कुली बच्चों कुरुली नदी पार कर अंबा उच्च विद्यालय जाते हैं। लेकिन नदी में पानी होने के कारण स्कुली बच्चों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। इसकी जानकारी सभी जनप्रतिनिधियों को दिया गया था। लेकिन चुनाव के जीतने के बाद जनप्रतिनिधियों ने ग्रामीणों की दुर्दशा भूल जाते हैं ,लेकिन इस बार हम सभी ग्रामीण किसी नेताओं के मीठी-मीठी बातों पर भूलने वाले नहीं है । चुनाव के पहले गांव की जर्जर सड़क का काम पूरा होगा तभी विधानसभा चुनाव में वोट देंगे ,नहीं तो सड़क नहीं तो वोट नहीं का नारा लगातार चलते रहेगा। कहा हमारे गांव सियारसुली में कुल 200 परिवार निवास करते है। जहा 650 से अधिक मतदाता है। गांव में पक्की सड़क नही होने के कारण सियारसुली से तीन किलोमिटर सड़क काफी जर्जर है। जहा दो-चार चक्का तो दुर खाली पैर गांव चलना मुस्किले है। उक्त सड़क बिहार राज्य के समय ग्रेड वान सड़क का निर्माण कर छोड़ दिया गया। उसके बाद आज तक सड़क का मरम्मति कार्य नही होने के कारण सड़क पर नौकिले पत्थर बाहर निकल आये है। जिस कारण लोगो को आवाजाही कारने में भारी कठिनायां सामना करना पड़ रहा है। मौके पंचायत समिति सुकुमार वाउरी, वार्ड सदस्य सालेग्राम माजि चरण यादव सहित ग्रामीण बिमल माजि, सुशिल माजि, साधन मंडल, मनोज घोष, अनुप मंडल, काल मंडल, सचिन घोष, धनजंय माजि, सनत माजि, श्रीकांत माजि सहित ग्रामीणों उपस्थित थे।

बांकीजोर पंचायत रेन आदिवासी दो 'सोड़ोक, बिजली, दाक् आर आबुवाक् आवास बाङखान तोबे भोट बाङ' नाराको होहो केदा

खोबोरिया

शिकारीपाड़ा। प्रखंड रेयाक् बाँकीजोर पंचायत रेयाक् सीतासाल, तालपामारा, मनियाचुँवा, बेहरापहाड़ी, राजूपाड़ा, जादूपाड़ा,सलाईपहाड़ रेन आदिवासीको दो सोकोलवार हिलोक् सीतासाल बॉल एनेच् टाण्डी रे माराङ ते जनाक्रोश सभा रेको गालमाराव केदा। आदिकाल खोन सोड़ोक, ञुईदाक्, बिजली, आबुवाक् आवास खोन पासुड़ाकान आतो होड़ दो रांगावेन तेको गोटा केदा जे जिला प्रशासन जुदी विधानसभा चुनाव लाहा सोड़ोक बाय बेनावा तोबे रोड बाङ खान दो भोट गे बाङ। बाडाय आकाना जे बाँकीजोर पंचायत रेयाक् बाँसपहाड़ी-झिकरा रे मेनाक् पीडब्लूडी सोड़ोक होर ते सीतासाल,तालपामारा, सलाईपहाड़, राजूपाड़ा, बेहरापहाड़, जादूपाड़ा, घालोक् एटाक् आर संताल सांगे मेनाक्को आर आदिम जनजाति पहाड़िया आतोरेयाक् होर आदिकाल खोन बाड़िच् गे मेनाक्आ, ओका दो नोवाकोआतो रेयाक् हिजुक् चालाक् आसोल होर काना। नोआ होर दोनुनाक् बाड़िच् गेया जे दाक् दिन रे आतो होड़ दो ताड़ाम ते चालाक् हिजुक्, साइकिल, दोपहिया गाड़ी हिजुक् चालाक् बाङ होयदाड़ेयाक् काना। रूवाक् होड़ दो पारकोम ते आसोल होरहाबिच् इदीको आनेच् गे हासपातालको इदी दाड़ेयाकोआ। आतो होड़ दो नोआ ते परेशान काते जनाक्रोश सभा रे गालमाराव काते मित् ते रोड नही तो वोट नही नाराको होहो आंदोड़ केदा। नोआ ओकते आतोहोड़ दोको मेन केदा जे जुदी टोठारिया प्रशासन विधान सभा चुनावलाहा रे सोड़ोक बेनाव कामी बाय पोंथाय हालोत रे दो ओनको दोरोड नही तो वोट नही गेको पोंथाया। आतो होड़ाक् खास आरोज रेनेवता लेदे समाज सेवी हाबिल मुर्मू दो आतो होड़ाक् नोआ हालोतलागित् टोठारिया प्रशासन ठेन उसारा ते सोड़ोक बेनाव कामी लागित्को खोज केदा।

नमोडीह आतो जोड़ाव वाला बीस बोछोर मारे सोड़ोक बाड़िच्चाबायेना, सरकार, प्रशासन, जन प्रतिनिधि ठेन उसारा मोरामुतीय रेयाक्को दोहो केदा खोज

खोबोरिया

दुमका। नमोडीह आतो रेयाक् पहाड़िया टोला दो सालदाहा सोड़ोकसोंगे जोड़ाव वाला एकेन मित्टेन सोड़ोक ओका दो मोटामुटी 2 किमी मेनाक्आ, आड़ीतेत् गे बाड़िच् चाबावाकाना। नोआ दोगोपीकांदर प्रखंड रेयाक् खरौनी पंचायत तारी रे पाड़ाक् काना। नोआ डाहार ते खिलौड़ी, बेलबोनी, हीरूडीह, चिचोड़ो आतो रेन होड़ हों मित् गे तालावको हिजुक्-सेनोक् काना। आतो होड़ दोको मेनेत् काना जे मोटामुटी 20 बोछोर माड़ाङ रे सरकार होतेते बेनाव लेना। ओना तायोम सोड़ोक दो मित् धाव हों बाको मोरामोत आकादा, ओना इयाते सोड़ोक दो बाड़िच् चाबावाकाना। लाटू-लाटू धिरी गिटी, बोल्डर बाहरे ओडोङ आकाना। आयमा जायगाको रे घाडलाक्बाड़ावाकाना। ओना इयाते मोटरसाइकिल, गाड़ी ते हिजुक्-सेनोक् दो आड़ीको मुसकिल काना। आतो होड़ दो ताड़ाम ते चालाक् हों आड़ीको मुसकिलोक् काना। गिदराको दो स्कूल हिजुक्-सेनोक्रे हों आड़ीको हारोनोक् काना। सोड़ोक बाड़िच् चाबावाकान इयाते एंबुलेंस हों आगुय बाको मेनेत् काना। ओना इयाते रूगीको आर से भारती होड़मोवाकान मायजीवको दो आड़ीको दिकातोक काना। आतो होड़ दो सोड़ोक मोरामुतीय लागित् प्रखंड विकासपदाधिकारी हों दारखासको एम चुकावाकादेया। आतो होड़ दो सरकार, प्रशासन, जन प्रतिनिधिको ठेन खोजको दोहो आकादा जे सोड़ोक दो उसारा खोन उसाराको मोरामोत ओचोयमा। नोआ ओपसोर रे दुर्गा देहरी, भुगेन गृही, अर्जुन देहरी, राजकिशोरदेहरी, पवन कुमार देहरी, अरुण देहरी, कमल देहरी, बुधनी महारानी, सोनामुनि महारानी, सोनी महारानी, फुलमनी महारानी, पानवती रानी, शांति देवी, हेमा कुमारी, काजल महारानी, सोमी महारानी, सरोज कुमारी, लालमुनि महारानी सांव-सांवते आयमा लेखा रे आतो होड़को सेटेराकान ताहेंकाना।

पलामू रे पूर्णा मझिगांवा रे फायरिंग, मित्टेन घारोंज रेनको जोखोमेना पे होड़

खोबोरिया

पलामू। जिला रेयाक् चैनपुर थाना टोठा रेयाक् पूर्णा मझिगांवा रेजुमी जोगड़ा इदि काते फायरिंग होय एना, नोआ रे पे होड़को जोखोमाकाना। भरठुआ बंदूक खोन गुली दो चालाव आकाना। जोतो होड़ मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल रेको भुरतीआकात्कोआ।

ञाम आकान बानाडाय लेकाते पूर्णा मझिगांवा रे जारूममाहां हिलोक्सेताक् 7 बजे जुमी रेयाक् मित्टेन मामला रे गुतिया घारोंज रेबार पाहटा दोकिन तापामेना। नोआ तोंगे रे मित् पाहटा दो छत खोनेफायरिंग केदा। नोआ घोटना रे अखिलेश चौरसिया, सूर्यदेव प्रसाद आरसुरेंद्र चौरसिया दो गुली रेयाक् छर्रा पाड़ावादेया। सूर्यदेव प्रसाददो होटोक् रेय जोखोमाकाना। एक्स-रे रिपोर्ट तायोम उनी दो रांची रि स ते रेफर लागित्को गोटाया।

जोखोमाकान अखिलेश प्रसाद चौरसिया दोय मेनेत् काना जे गुली दो आशुतोष प्रसाद, राजू, जितेंद्र राकेश आर आयमा होड़ छत खोनको चालाव केदा। 20 खोन 25 राउंड गुली चालावेना। शिवदयाल महतो आरएमानको सांवते 35 बोछोर खोन जुमी रेयाक् झोगड़ा चालाक्कानताहेंकाना। मामला दो कोर्ट रेयाक् काना। सारदीमाहां हिलोक्शिवदयाल महतो आर एमान होड़ दो झोगड़ा चालाक्कान जुमी रेजोबोरजुसटीको सी लेदा। जारूममाहां हिलोक् 7 बजे नोआ मामला रेपूछताछ लागित् शिवदयाल महतो ताको ओड़ाक् तेको चालाव लेना।सोड़ोक रेको तेंगोवाकान ताहेंकाना आरको गालमाराक्कान ताहेंकाना। उन ओकते गे जुमी दो आपनाराक् मेतावाक् तुलुच् छतखोन आम-इञको फायरिंग केदा। जोतो होड़ गुली रेयाक् छर्रा पाड़वात्कोआ। चैनपुर थाना प्रभारी श्रीराम शर्मा दोय लाई केदा जे घोटना रेयाक् बानाडाय ञाम आकाना। पुलिस दोको छानबीनेत् काना।

पाकिस्तान रे बस गाड़ी दो खांदरी सोड़ोक रे ञुरेना, आरे होड़को गोच् एना, 50 दो घाल

खोबोरिया

इस्लामाबाद। पाकिस्तान रेयाक् बलूचिस्तान पोनोत रेयाक् राजधानीक्वेटा रेयाक् पश्चिमी बाइपास ठेन सारदीमाहां हिलोक् मित्टेन बस दो खांदरी सोड़ोक रे ञुरेन ते आरे गोटेच् होड़को गोच् एना आर 50 गोटेच् खोन जासती दोको जोखोमेना। गोच्एन होड़को मुदरे पेया दो गिदरा आर मित्टेन मायजीउ सेलेत् मेनाया।डॉन अखबार रेयाक् खोबोर लेकाते, बस रेको देच् आकान ताहेंनहोड़ दो बापला जोमको चालाक्कान ताहेंकाना। पुलिस दो बाबांचावदोल दो ञुर आकान बस खोन गोच् होड़मो आर गोच् आकानहोड़ाक् गोच् होड़मोको ओडोङ केदा। घाल आकानको दो सिविलअस्पताल तेको इदि केत्कोआ। सिविल अस्पताल रेन प्रवक्ता डॉ. वसीम बेगदोय मेन केदा, ओनको ठेन आरे गोटेच् गोच् होड़मो आर 30 गोटेच् घाल आकान होड़को आगुवाकात्कोआ। घाल आकानको मुदरे मोंड़ें होड़ाक् हालोत दो आड़ी मुसकिल गेताकोआ। गोच् एनकोमद खोन एयाय होडाक् पाछनाव दो जीनत, जांजीबार, सफिया, आलिया, बीबी आलिया, नसीबुल्लह आर हाजी नकीबुल्लह रूप रे होय आकाना।बलूचिस्तान रेन सिरामंत्री मीर सरफराज बुगती दो घोटना रेको गोच्एन रे दुके सोदोर केदा।

झारखण्ड़ सरकार

क्षेत्र सर्वेक्षण प्रमण्डल, अग्रिम योजना

पथ निर्माण विभाग, दुमका

अल्पकालीन ई-प्रोक्योरमेंट सूचना

ई–निविदा प्रसंग सं0 :– RCD/FSD /AP/ DUM/18/2024-25 दिनांकः–01.10.2024

1.	कार्य का नाम	Detailed Project Report for construction of (A) Sarwan Road to Karnkol Airport on Jamuna Jore River, (B) Karwon to Koldih Bharkutta Road (Railway Over Bridge) under road division Deoghar in the State of Jharkhand.
2.	अनुमानित लंबाई (मीटर)	12 कि० मी०
3.	कार्य समाप्ति की अवधि	60 दिन
4.	वेबसाईट पर निविदा प्रकाशित होने की तिथि एवं समय	07.10.2024, 05.00 बजे अपराह्न
5.	निविदा जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय	22.10.2024, 12.00 बजे अपराह्न तक
6.	निविदा खोलने की तिथि एवं समय	23.10.2024, 01.00 बजे अपराह्न
7.	निविदा आमंत्रित करने वाले का नाम एवं पता	कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, क्षेत्र सर्वेक्षण प्रमण्डल अग्रिम योजना, पथ निर्माण विभाग, दुमका।
8.	प्रोक्योरमेंट पदाधिकारी का संपर्क नं0	8292901787
9.	ई–प्रोक्योरमेंट सेल को हेल्पलाईन नं0	0651–2401010

अतिरिक्त जानकारी के लिए वेबसाईट पर देखें :– http://jharkhandtenders.gov.in

कार्यपालक अभियंता,
क्षेत्र सर्वेक्षण प्रमण्डल, अग्रिम योजना,
पथ निर्माण विभाग, दुमका

PR 337950 Road (24-25)_D

खुती रे दोहोवाकात् फोन रे धामाका होय दाड़ेयाक्आ, साइबर वायरस ते ब्लास्ट होय दाड़ेयाक् बोतोर

खोबोरिया

नांवा दिल्ली। जुदी आम ठेन स्मार्ट फोन मेनाक्आ तोबे मानावमे जे आम दो खुद आम सांवते मित्टेन बोम दोम सोंगेयाकादा। चेदाक्जे नोआ रे जाहांतिन रे गे धामाका होय दाड़ेयाक्आ। सोर दिन गे लेबनानआर आडेपासे टोठा रे होयेन पेजर ब्लास्ट रेयाक् घोटोनाको दोमोबाइल फोन आर स्मार्टफोन बेवहार रे चिंताको बाढ़ाव आकादा।नितोक् आयमा रिपोर्ट रे नोआ काथाय इसारायेत् काना जे स्मार्टफोन हों ब्लास्ट होय दाड़ेयाक्आ। दिल्ली पुलिस रेन साइबर सेल दोएंड्रॉयड आर आईओएस यू जर्सको नोआ बाबोत रे चेतावनीये जारीआकादा। सोसोलहाकोवाक् मेन काना जे जुदी जाहांय आनाड़ी होड़ ईमेल से संदेश आम ञुतुम तेय कोल आकादा, तोबे ओना ञेल से खुलायखोन बाञ्चाक्मे। नोडकाय ते दो आड़ी लोकसानआनाक् होयदाड़ेयाक्आ। नोआ लेकान साइबर ब्लास्ट से अटैक रेयाक् तारीकारे उसारा ते बोदोलोक् काना, आर चाहे भारत रे नितोक् हाबिच् नोआ लेकानाक् जाहांन घोटोना दो बाङ हेच् आकाना,मेनखान एटाक् दिसामको रे नोडकान घोटोना रेयाक् रिपोर्टञामाकाना। ओनाइयाते सावधान ते ताहेंन आड़ी जारूड़ गेया। मेनखान नितोक् ओका खातरा सामाङ हेच् आकाना, ओना नोआ खोन जासती गंभीरगेया। साइबर सेल रेन साइबर एक्सपर्ट दोय मेन केदा जे चीन आरजापान रे आदोम घोटोना सामाङ हेच् आकाना, जाहां दो एंड्रॉयडआर आईओएस बानार लेकानाक् स्मार्टफोन रे वायरसको कोलेत्काना। नोआ वायरस दो पीडीएफसे ईमेल होतेते जोबोर ताहेंन कानाआर फोन दोय बेरबाद गोत् दाड़ेयाक्आ। चौधरी दो चेतोवनाय एमाकादा जे नोडकान मामला रे जुदी फोन आमाक् ती रे मेनाक्आ,तोबे हालोत आड़ी गंभीर होय दाड़ेयाक्आ। दिल्ली पुलिस हों जोतोस्मार्टफोन यूजर्सको सोलहा आकावात्कोआ जे आनाड़ी नोमबोर ते हिजुक् जाहांटाक् पीडीएफसे ईमेल रेयाक् आलोको झिज मा।

गाड़या दाक् रे कामी होड़े उनुम गोच् एना

गिरिडीह। जिला रेयाक् गांवा थाना इलाका रेयाक् नोकी आहार गाड़या दाक् रे हासिम अंसारीयाक् माड़ीं दो सोकोलवार हिलोक् चामपेल आकान ञाम एना। हरला आतो रेन हासिम अंसारीयाक् मांड़ीं दो गाड़या रे ञामेन बाडाय काते पुराउ आतो रेन होड़को ञिर जारवा एना। बाडायेन तायोम गांवा थाना पुलिस लाके हों घोटोना ठांई सेटेर कातेय जांच केदा। लाई केदाको जे गाड़या रे मांड़ीं दो जोतो खोन लाहा रे ओण्डेन मित् होटल रेन कामिया होड़े ञेल केदा। उनी दो घोटोना काथा टोठारिया होड़े लायात्कोआ। इना तायोम घारोंज रेनको बाडाय केत् तायोमकोहेच् एना। पुलिस लेकाते गोच्एनीच्आक् चापोल दो गाड़या बाहरेरे ञाम एना। गोच्एन हासिम अंसारी आच् बाहू डोजी खातून दोय लाई केदा जे उनी जावांय दो लुखीवार हिलोक् गे मजदूरी कामीय ओड़ाक्खोने ओडोक लेना, इना तायोम आर बाय हेच् लेना, नोते दोसार दिनसोकोलवार हिलोक् उनीयाक् मांड़ीं दो गाड़या रे चामपेलाकानको ञाम केदा। गांवा थाना पुलिस दो मांड़ीं पोस्टमार्टम लागित् सोदोर हासपाताल तेको कोल आकादा आर जांच रेको धुराउ आकाना।

लातेहार रे मित् लाख टाका रेन इनामी नक्सलीको साप् केदेया

लातेहार। पुलिस दो छापेमारी अभियान चालाव काते मित् लाख टाका रेन इनामी माओवादी नक्सली गुलशन उरांवको साप् आकादेया। साप्एन नक्सलीदो मनिका थाना टोठा रेयाक् हाटा आतो रेन कानाय। डीएसपी भरतराम दो सोकोलवार हिलोक् खोबोरियाकोय लायात्कोआ जे लातेहार एसपी कुमार गौरव दो उकूचुकू तेय बाडाय लेदा जे माओवादी नक्सलीगुलशन उरांव मनिका थाना टोठा रेयाक् कुमण्डीह रेलवे स्टेशन सोरलेवी उठाउ लागित्ए हेच् आकाना। बाडाय तायोम पुलिस अधीक्षकआक् हुकुम रे पुलिस टीम गोठेन काते नक्सली साबे लागित्को सेंदराकेदेया। पुलिस जेमोन गे ओण्डेको सेटेर एना तोबे मित्टेन दिगधावान होड़ दो पुलिस ञेल काते दादाड़े कुरूमुटू केदा। साप्केदेयाको आरको कुली केदेया तोबे बाडाय एना जे साप्एन नक्सलीदोय गुलशन उरांव काना, ओका दो मनिका थाना टोठा रेयाक् टाटा आतो रेन कानाय। उनी दोय लाई केदा जे साप्एन नक्सलीयाक् आसोल कामी दो संगठन ञुतुम रेय धामकावकोआ आर लेवी टाकाय कोयकेकोआ। नुईको साप् केदे ते माओवादी संगठन रेन आड़ी माराङलोकसान होयाकानताकोआ।

जेफ बेजोसे तायोम केदे ते दुनिया रेन दोसारीच् आड़ी किसांड़ होड़े बेनावेना मार्क जकरबर्ग

खोबोरिया

नावां दिल्ली। सोशल मीडिया कंपनी मेटा फेसबुक रेन कोफाउंडर आर मु य कार्यपालक अधिकारी सीईओ मार्क जुकरबर्ग दो दुनिया रेनदोसारीच् आड़ी किसांड़ होड़े बेनाव आकाना। उनी दो नोआ एनेम अमेजन रेन अध्यक्ष आर माड़ाङ रेन सीईओ जेफ बेजोस तायोम कातेयहामेट आकादा। नोडका मेटा प्लेटफॉर्स रेयाक् शेयरको रे = लागातार ढेरोक् खातिर होय आकाना। ब्लूमबर्ग बिलियनेयर्स इंडेक्स सेच् खोन सोकोलवार हिलोक् जारी सूची लेकाते जुकरबर्गआक् सोमपुती 3अक्टूबर हिलोक् 206.2 अरब डॉलर

चेतानतार सेटेर एना। नोआढेरोक् रेयाक् कारोन दो जुकरबर्ग सोमपुती मामला रे जेफ बेजोस खोन 1.1 अरबडॉलर ए लाहा एना। नुयाक् सोमपुती दो 205.1 अरबडॉलर खोन चेतान गेया। चाहे, जुकरबर्ग दो दुनिया रेन आड़ी किसांड़ आर होड़ टेस्ला रेन प्रमुख एलन मस्क खोन पासेच् 50 अरबडॉलर ए तायोम आकाना। नोआ सूची रे पाहिल नंबर रे एलन मस्क,दोसार रे मार्क जुकरबर्ग आर तेसार रे दो जेफ बेजोस ताकोवाक्ञुतुम मेनाक्आ। नोते, टॉप 10 रेन आड़ी किसांड़ होड़ाक् सूचीरे बर्नार्ड अर्नाल्ट, लैरी इल्लीजन, बिल गेट्स, लैरी पेज, स्टीव बॉलमर, वॉरेन बफे आर सर्गी ब्रिन सेलेत् मेनाक्कोआ। भारत रेयाक्बोनगालमारावा तोबे मुकेश अंबानी 107 अरब डॉलर सोमपुती सांवते 14वाक्नंबर रे मेनाया। गौतम अडानी उनी खोन थोड़ा पायदान लातार 17वाक्जायगा रे मेनाया। मेनाक् सोमोय रे उनीयाक् सोमपुती दो 100 अरब डॉलर मेनाक्आ।

बाजार रे लूट आर सोना माला रेरेच् वाला दोल रेन पे होड़ सांवते पोनयाको हाजोत एना

रांची। पुलिस दो बाजार रे लुट आर सोना माला रेरेच्को दोल रेन पे होड़ आर को बोड़ो माला आखरिञिच् मित्टेन सोनारकोसाप् केदेया। साप् आकात्के दुसीको रे पंकज कुमार महतो, दीपकमहतो, जफर खान उर्फशाहिद खान, आर सोनार आनंद कुमार उर्फ गोल्डी हों सेलेत् रेय मेनाया। जोतो दुसी पिठोरिया थाना टोठा रेनगिराबासी कानाको। सिटी एसपी राजकुमार मेहता दो जारूममाहांहिलोक् खोबोरिया सेमेलेत् रेय लाई केदा जे रांची जिला रे मित्ताला गे आञ्जोमोक्कान माला रेरेच् रेयाक् घोटना रोकाव लागित् ते एसआईटी टीमे बेनावकेत् कोतवाली डीएसपी प्रकाश सोयाक्आयुर रे होय एना। टीम होतेते सेंदराको सांवते पे होड़कोसाप्केत्कोआ। नोकोठेन खोन लूट आकात् पेया सोना माला, लूटरेको बेवहार लेत् पल्सर बाईकको ञाम केदा। पेने होड़कोकुलीकेत्को रे आपान-आपिन दोसको आंगोच् केदा आरको लाईकेदा जे बाजार टोठा रेयाक् आयमा थाना टोठा रे हों पेने होड़मायजिवको ठेन खोन सोना माला रेच् आर कोमबोड़ो रेयाक्घोटनाको कोराव आकादा।

कार्यालय नगर परिषद, मधुपुर

पत्रांक .... **आम सूचना** दिनांक............../.........../2024

मधुपुर नगर परिषद अन्तर्गत DAY-NULM के EST&P घटक के तहत वित्तिय वर्ष 2016–17 में विभिन्न कोर्सों में प्रशिक्षण दिया गया था। जिसमें सफलता पूर्वक सर्टिफाइड लाभुकों को स्वरोजगार हेतु 75% अनुदान राशि पर टूल किट का वितरण किया जाना है।

क्र0सं0	कोर्स का नाम	नियम एवं शर्त्तें
1.	Hand Embroidery	योग्य लाभुकों को निर्धारित टूल किट बाजार मूल्य का 25% राशि नाजिर रशीद के द्वारा नगर परिषद मधुपुर को वितरण पूर्व जमा करना होगा।
2.	Beauty & Hair styling	
3.	Electronics Welding	

इच्छुक योग्य लाभुक तीन दिनों के भीतर (दिनांकः– 07.10.2024) तक आवेदन, आधार कार्ड, संबंधित ट्रेड में DAY-NULM का सर्टिफिकेट, फोटो, मोबाईल संख्या आदि संबंधित कार्यालय में जमा करना होगा।

साथ ही घोषणा पत्र में (लाभुक के द्वारा उपरोक्त ट्रेड में DAY-NULM मधुपुर नगर परिषद F.Y 2016–17 अन्तर्गत कोशल प्रशिक्षण सफलता पूर्वक प्राप्त किये हैं एवं टूल किट का उपयोग सिर्फ स्वयं के द्वारा किया जाएगा एवं टूल किट का 25% राशि संबंधित कार्यालय में नाजिर रशीद के माध्यम से जमा करेंगे) उदघोशित करना होगा।

प्रशासक,
नगर परिषद,मधुपुर

PR 338057 Deoghar(24-25).D

OFFICE OF THE NAGAR PANCHAYAT, BASUKINATH
BASUKINATH, DUMKA – 814118

email-nagarpanchayatbasukinath@gmail.com/nagarpanchayatbasukinath@yahoo.in

e - Procurement Notice
(Very Short Term)

e-Tender Reference No: UDHD/NPB/eTender/……18……../2024-25 Dated: 04-10-2024

1	Name of the Work	Gr. No	Name of Work	
		1	Repair of old pcc in ward no-09 from main road to mangal marandi house	
		2	Construction of PCC road in ward no-10 from sailesh rao house to Puran Marikh house	
		3	Construction of PCC Road in ward no-11 from mukhiya ji ghar to Puran house	
		4	Construction of PCC road in Ward 1 from Community Hall to Mithun Maharan House near chorkheda under Nagar Panchayat, Basukinath	
2	Tender Fee & EMD	Gr.No	Tender Fee(in Rs.)	EMD(in Rs.)
		1	Rs. 5000.00	Rs. 37164.00
		2	Rs. 5000.00	Rs. 21373.00
		3	Rs. 5000.00	Rs. 40803.00
		4	Rs. 5000.00	Rs. 46614.00
3	Estimated Cost	Gr.No.	Estimated Cost(in Rs.)	
		1	Rs. 1858200.00	
		2	Rs. 1068650.00	
		3	Rs. 2040150.00	
		4	Rs. 2330700.00	
4	Date of Publication of Tender on website	07-10-2024		
5	Date/Time for receipt of bids(ONLINE)	07-10-2024 to 14-10-2024		
6	Date of Bid Opening	15-10-2024		
7	Name & address of office inviting tender	Nagar Panchayat, Basukinath		
8	Helpline number	Mobile- 9504272522/878995284		

NOTE:- Further details can be seen on website http://jharkhandtenders.gov.in.

Administrator
Nagar Panchayat, Basukinath

PR.NO.338058 District(24-25):D

एयाय बोछोर तायोम हॉकी इंडिया लीग रूवाड़ेना: बाबाजोनाकोवाक् आर मायजिवकोवाक् फ्रेंचाइजी रेयाक् होय एना उढाउ

खोबोरिया

नावां दिल्ली। हॉकी इंडिया लीग (एचआईएल) एयाय बोछोर बितावेन तायोम सेदायाक् रूवाड़ लागित् ते साप् सापड़ाव गेया। हॉकी इंडिया दो जारूममाहां हिलोक् आधिकारीक लेकाते एचआईएल 2024-25 लागित् ते फ्रेंचाइजी रेयाक्को सारसादले केदा। लीग रे 8 गोटेच्बाबाजोनाकोवाक् टीम आर 6 गोटेच् मायजिवकोवाक् टीम हों सेलेत्ताहेंना, नोआ दो पाहिल धाव होयोक्आ जे मित्टेन महिला लीग आर बाबाजोनाकोवाक् हापाराव सोंगे ते होयोक्आ। खिलाड़ियाकोवाक् नीलामी दो 13 खोन 15 अक्टूबर हाबिच्

एचआईएल 2024-25 लागित् ते खिलाड़ियाकोवाक् नीलामी दो 13 खोन 15 अक्टूबर हाबिच् नावां दिल्ली रे होयोक्आ। जोतो 24 फ्रेंचाइजी खिलाड़ियाकोवाक् मित्टेन टीम बेनाक्आ, ओका दो कोम से कोम 16 गोटेच् भारतीय खिलाड़ी (4 जूनियर खिलाड़ी सेलेत्को दो लाकती गेया) आर 8 गोटेच् अंतरराष्ट्रीय स्टारको सेलेदोक् काना।

बारया जायगा रे होयोक्आ एचआईएल 2024-25 रेयाक् मैच

एचआईएल 2024-25 रेयाक् मैच दो बारया जायगा रे मारांग गोमके जयपाल सिंह एस्ट्रोटर्फ हॉकी स्टेडियम, रांची, झारखंड आर बिरसामुंडा हॉकी स्टेडियम, राउरकेला, ओडिशा रेको गातेक्आ, ओकादो महिला लीग फाइनल 26 जनवरी 2025 हिलोक् रांची रे आर बाबाजोनाकोवाक् फाइनल मैच होयोक्आ। फाइनल मैच 1 फरवरी 2025हिलोक् राउरकेला रे होयोक्आ।

कार्यालय, जिला मत्स्य पदाधिकारी-सह-मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, साहेबगंज (द्वितीय विज्ञापन)

मत्स्य पालकों के लिए सुनहरा अवसर

एतद् द्वारा साहेबगंज जिले के मत्स्य कृषकों/मत्स्य पालकों/मत्स्य बीज उत्पादकों/केज लाभुकों/ बॉयोफ्लॉक टैंक लाभुकों/बॉयोफ्लॉक तालाब लाभुकों/आर0ए0एस0 लाभुकों/मत्स्यजीवी सहयोग समितियों/सदस्यों को सूचित किया जाता है कि वित्तीय वर्ष 2024–25 में विभागीय राज्यादेश संख्या 04 रा0 (वि0), दिनांक 30.05.2024 के द्वारा तालाब तथा जलाशय मत्स्य का विकास एवं जीर्णोद्धार योजना के तहत् फीड बेस्ड फिशरीज योजनान्तर्गत मछली के संवर्धन एवं मत्स्य उत्पादन में बढ़ोतरी हेतु अनुदान पर फिश फीड उपलब्ध कराने हेतु लक्ष्य प्राप्त है जिसकी विवरणी निम्न प्रकार हैः–

क्र0	कार्यक्रम का नाम	प्राप्त लक्ष्य			अनुदान राशि।
		796	789	कुल	
08	झास्कोफिश/विभागीय फिश फीड मिल/PMMSY अंतर्गत निर्मित फिश फीड मिल से फ्लोटिंग फीड का क्रय	35	05	40 टन	मत्स्य पालकों को मछली के उत्पादन हेतु 50 प्रतिशत अथवा 25/–रू0 प्रति कि0ग्रा0 अधिकतम अनुदान पर कम से कम 24% प्रोटीन गुणवत्तायुक्त 2mm से बड़े 4mm तक का फिश फीड उपलब्ध कराया जायेगा। विभाग द्वारा स्थापित फिश फीड मिल अथवा झास्कोफिश से उत्पादित फिश फीड मिल अथवा PMMSY अंतर्गत सरकारी अनुदान से स्थापित फिश फीड मिल से उत्पादित फीड पर ही यह लाभ कृषकों को फीड के रूप के रूप में ही दिया जायेगा।

उपरोक्त के आलोक में साहेबगंज जिले के मत्स्य कृषकों/मत्स्य पालकों/मत्स्य बीज उत्पादकों/केज लाभुकों/बॉयोफ्लॉक टैंक लाभुकों/बॉयोफ्लॉक तालाब लाभुकों/आर0ए0एस0 लाभुकों/मत्स्यजीवी सहयोग समितियों/सदस्यों से दिनांक–26.10.2024 तक आवेदन आमंत्रित किये जाते है। आवेदन प्रपत्र जिला मत्स्य कार्यालय, साहेबगंज में निःशुल्क उपलब्ध है।

जिला मत्स्य पदाधिकारी–सह
मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, साहेबगंज

PR 338039 Fish (24-25)_D

एसकेएमयू ने घोषित किया यूजी सेमेस्टर-6 के लिए फॉर्म भरने की तिथि

दुमका। सिदो कान्हु मुर्मू विश्वविद्यालय ने शुक्रवार को यूजी सेमेस्टर-6, सत्र-2021-24 के लिए ऑनलाइन फॉर्म भरने की तिथि घोषित कर दी है। कुलपति प्रो बिमल प्रसाद सिंह के निर्देश पर विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक डॉ जय कुमार साह ने उक्त परीक्षा के लिए फॉर्म भरने से संबंधित अधिसूचना जारी कर दी है। बिना विलंब शुल्क के उक्त परीक्षा के लिए ऑनलाइन फॉर्म भरने की तिथि 8 से 16 अक्टूबर निर्धारित की गई है, जबकि क्रमशः 200 रुपये और 500 रुपये विलंब शुल्क के साथ 17 से 20 अक्टूबर और 21 से 23 अक्टूबर तथा फॉर्म की हार्ड कॉपी संबंधित विभाग या कॉलेज में जमा करने की तिथि 24 से 25 अक्टूबर निर्धारित की गई है। छात्र विश्वविद्यालय की आधिकारिक वेबसाइट से परीक्षा फॉर्म भरने से संबंधित अधिसूचना डाउनलोड कर देख सकते हैं।

फुटबाल टूर्नामेंट का आयोजन

जरमुंडी । जरमुंडी प्रखंड के चंदनपुरा में जियार झरना क्लब द्वारा दो दिवसीय फुटबाल टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। टूर्नामेंट का उदघाटन मुकाबले में गाडा टोला फुटबाल क्लब एवं जिल्हुरिया फुटबाल क्लब के बीच खेला गया। जिसमें गाडा टोला फुटबाल टीम ने जिल्हुरिया फुटबाल टीम को दो गोल से हराकर मुकाबला जीतकर अगले चक्र में प्रवेश किया। इस टूर्नामेंट का उदघाटन बतौर मुख्य अतिथि विधायक के भाई विक्रम पत्रलेख द्वारा किया गया। इस अवसर पर आयोजक समिति के सदस्य रवि मुर्मू ने बताया कि टूर्नामेंट में कुल 16 टीम भाग लेगी। टूर्नामेंट के सफल आयोजन में रवि मुर्मू, बाबूलाल सोरेन, राजेश सोरेन, इग्नेशियस मुर्मू, रंजन हांसदा, सुखलाल मुर्मू, साहेब सोरेन, ग्राम प्रधान देवीलाल सोरेन, बाबे सोरेन, मताल मरांडी, छोटका मरांडी सहित बड़ी संख्या में फुटबाल प्रेमी मौजूद थे।

विधायक ने 5.2 करोड़ की लागत से 6.675 किमी पथ का शिलान्यास किया

जरमुंडी । विधायक बादल पत्रलेख ने जरमुंडी प्रखंड के बनवारा से कुंडवे भाया बरगो पथ के सुदृढ़ीकरण कार्य का शिलान्यास किया। पांच करोड़ 2 लाख 9 हजार 46 रुपए की लागत से 6.675 किमी पथ का का निर्माण होगा। विधायक ने अपने संबोधन में कहा कि यह सड़क प्रखंड क्षेत्र के गांव कुंडवे, डूबा, निसुंदरिया, खेराबांध, तरगच्छा, भानगड़िया, बरगो, मधुबन, करीहा, कुसुमडीह, आमगाछी, कटेंजा, बांधडीह गांवों को मुख्य सड़क से जोड़ेगी। इस सड़क से बनवारा, कुशमाहा चिकनियां और गरडाअमराकुंडा समेत अन्य पंचायतों के लोग भी लाभान्वित होंगे। मौके पर देवव्रत मंडल, ग्राम प्रधान केशव कुमार मंडल,जंगलपुर के प्रधान छवि मांझी, दसरथ मांझी, मताल मरांडी, छिटका मरांडी, अमर मंडल, मंटू राव, सोखण लायक, शिव शंकर दरवे, हीरामन मंडल, श्रीकांत मंडल, गोपीचंद मांझी, अमृता मांझी, तरगच्छा के प्रधान रावण मांझी, मधुबन के प्रधान नेवाणी मांझी, पीतांबर मांझी, जयप्रकाश मंडल, रघुनंदन मंडल, सहित विभागीय पदाधिकारी व ग्रामीण मौजूद थे।

ऑफलाईन लगान वसूली लागू कर प्रधानों एवं रैयतों की समस्याओं का समाधान करे सरकार : लालमोहन

जरमुंडी । जरमुंडी प्रखंड सह अंचल कार्यालय के सभागार में शुक्रवार को ग्राम प्रधान सह लेखा होड़ की एक बैठक गौरीशंकर पांडेय की अध्यक्षता में संपन्न हुई। इस अवसर पर ग्राम प्रधान, लेखा होड़ के जिला अध्यक्ष लालमोहन राय ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि सरकार ऑफलाईन लगान वसूली लागू कर प्रधानों एवं रैयतों से जुड़ी समस्याओं का अविलंब समाधान करने की पहल करें। उन्होंने कहा कि सरकार ऑनलाइन लगान वसूली को तत्काल बंद करे। लालमोहन ने कहा कि सरकारी जमीन, नदी, नाला, गोचर, परती कदीम, जल, जंगल जमीन की रक्षा के लिए सरकार को ठोस कदम उठाने की आवश्यकता है। उन्होंने यह भी कहा कि दुर्गा पूजा के त्योहार को देखते हुए ग्राम प्रधानों एवं लेखा होड़ की बकाया सम्मानित राशि का भुगतान अविलंब की जाए। इस अवसर पर बैठक को प्रखंड अध्यक्ष महादेव यादव, कृष्ण कमल, बटेश्वर किस्कू व प्रमंडलीय अध्यक्ष लक्ष्मण मंडल ने भी संबोधित किया। बैठक में मुख्य रूप से कोषाध्यक्ष डोमन राय, सत्यनारायण महतो, भक्ति देवी, प्रहलाद मंडल, नीलम देवी, भागवत मांझी, सूर्यमणि, भूधर मंडल, चुना देवी, जयंती देवी, गोपाल, दीवानी राय, गौतम कुमार, गोविंद पंजियारा, मालती देवी, शिवशंकर मंडल सहित सैकड़ो ग्राम प्रधान उपस्थित थे।

तोकीपुर शिक्षक प्रशिक्षण संस्थान में बीएड के प्रशिक्षणार्थियों के लिए विदाई समारोह

दुमका। तोकीपुर शिक्षक प्रशिक्षण संस्थान में बी. एड (सत्र -2022- 24) के प्रशिक्षणार्थियों का विदाई समारोह शुक्रवार को महाविद्यालय प्रांगण में बड़े ही धूम -धाम से मनाया गया। प्रशिक्षणार्थियों के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें नृत्य, गान, हास्य कविता, एवं मोमेंटो भी प्रदान किया गया। प्रशिक्षणार्थियों का फोर्थ सेमेस्टर में उम्दा प्रदर्शन रहा। सभी प्रशिक्षणार्थी बी. एड. (सत्र -2022- 24) में सत प्रतिशत सफल रहे। अपने परीक्षा परिणामों से सभी प्रशिक्षणार्थी संतुष्ट हैं। वैदिक युग से चली आ रही विदाई समारोह की परंपराओं का निर्वहन महाविद्यालय परिवार की ओर से किया गया। इस मौके पर महाविद्यालय के प्रशासनिक अधिकारी बख्शीश हुसैन खान, प्रधान लिपिक तोसीफ अहमद, देवयानी सरकार, स्वपन सरकार सर, सुरेश बास्की , देवी प्रसाद पाल, कुलदीप , मोशमी घोष, सुरभि गुंजन, मीनाक्षी, संदीप सामंत, उत्तम सर, समिता सिन्हा, मुकेश, राजा, श्रीकांत, मिथुन, राहुल, होपन, के अलावे महाविद्यालय के सभी प्रशिक्षणार्थियों के साथ - साथ महाविद्यालय परिवार के सभी शिक्षक एवं शिक्षकेत्तर कर्मचारी भी मौजूद रहे। विदाई समारोह की समाप्ति डॉ0 पी0 के0 ठाकुर के द्वारा धन्यवाद ज्ञापन कर किया गया।

ग्राम प्रधानों ने की लगान वसूली का अधिकार पुर्णबहाल करने की मांग

रानीश्वर । अंचल कार्यालय के सभागार में शुक्रवार को ग्राम प्रधान माझी संगठन का बैठक हुई। चुड़का मरांडी के अध्यक्षता में हुई बैठक का संचालन ग्राम प्रधान कृष्ण चंद्र घोष ने किया। बैठक में जमीन का लगान वसूली पूर्व की तरह ग्राम प्रधानों के माध्यम से पुनर्बहाल कराने की मांग की गई। गौरतलब है कि झारखंड राज्य गठन के बाद यहां राज्य सरकार के द्वारा ग्राम प्रधान एवं परंपरागत सशासन के नायके, गुडीत, पारानिक, जगमाझी को सम्मानित भत्ता चालू किया है। दूसरी ओर मंत्रिमंडल के बिना निर्णय के तत्कालीन मुख्य सचिव राजबाला वर्मा ने एक प्रशासनिक आदेश निर्गत कर जमीन का ऑनलाइन लगान वसूली शुरू कराया हैं। जिसके कारण प्रधानों को एसपीटी एक्ट के तहत मिलनेवाले लाभ से वंचित कर दिया गया हैं। बैठक में कुंवर हंसदा, कल्याणी मुर्मू, पाता मुनी मुर्मू, प्रधान हेम्ब्रम, रामप्रसाद दत्त, रुषो राम बास्की, निवुलाल मुर्मू आदि मौजूद थे।

शारदीय नवरात्र को लेकर भक्तिमय हुआ शहर

शहर का मुख्य आकर्षण यज्ञ मैदान का रावणवध इस बार नहीं देख पाएंगे नगरवासी

एस.के. झा. सुमन

दुमका। शहर के मुख्यालय सहित गांव में भी दुर्गा पूजा की तैयारी को लेकर उत्साह का माहौल दिख रहा है। शहर से लेकर गांव तक विभिन्न पूजा समितियां द्वारा भव्य आकर्षक पंडाल बनाया जा रहा हैं। दुर्गा पूजा की तैयारी को लेकर शहर के यज्ञ मैदान बड़ा पंडाल में बनाने को लेकर तैयारी पूरी की जा रही है। प्रतिमा निर्माण का कार्य को अंतिम रूप दिया जा रहा है। शहर के अन्य क्षेत्रों के मंदिर को रंग-रोगन से आकर्षक बनाया जा रहा है। प्रशिक्षित कारीगरों के द्वारा पंडाल का स्वरूप दिया जा रहा हैं।यज्ञ मैदान में श्रद्धालुओं की काफी संख्या में भीड़ जुटती है। इस बार श्रद्धालुओं के लिए अच्छी व्यवस्था की जा रही है, जिससे माता रानी का दर्शन करने में श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की कोई कठिनाइयों का सामना नहीं करना पड़ेगा। हालांकि इस बार विजयादशमी पर यज्ञ मैदान में होने वाले रावणवध के कार्यक्रम को स्थगित कर दिया गया है। यहां बता दें कि, यहां पर दूर-दराज से प्रतिमा देखने के लिए काफी संख्या में लोग पहुंचते है। बड़ा पंडाल बनाने की वजह से मैदान छोटा हो गया है। रावणवध की शाम और अधिक श्रद्धालुओं की भीड़ जुटती रही है। बढ़ती भीड़ एवं सुरक्षा-व्यवस्था के मद्देनजर कमेटी के सदस्यों ने रावणवध के कार्यक्रम को फिलहाल स्थगित कर दिया है।

दुमका में होगा ढोलिडा सीजन 2 का धमाकेदार आयोजन, गुजरात से आ रही डांडिया टीम

संताल एक्सप्रेस संवाददाता

दुमका। 6 अक्टूबर को दुमका के एच एम गार्डन में ढोलिडा सीजन 2 का आयोजन होने जा रहा है, जो इस साल और भी खास और भव्य होने वाला है। शुक्रवार को दुमका मेरी जान और दुमका डायरीज के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस कार्यक्रम की प्रेस वार्ता में आदित्य रेसिडेंसी होटल में की गई। आयोजक शुभम मिश्रा ने बताया कि इस बार के आयोजन में गुजरात से विशेष डांडिया टीम बुलाई गई है, जो न केवल दर्शकों को झूमने पर मजबूर करेगी, बल्कि डांडिया खेलने का भी अवसर प्रदान करेगी।

बच्चों के लिए खास : तरकीश आइसक्रीम पहली बार

कार्यक्रम में बच्चों के लिए खास आकर्षण होगा तरकीश आइसक्रीम, जो पहली बार दुमका में उपलब्ध कराई जा रही है। यह आइसक्रीम बच्चों के लिए अलग अनुभव होगा, जो इस कार्यक्रम को और भी खास बनाएगा।

सुरक्षा व्यवस्था होगी कड़ी

कार्यक्रम के दौरान सुरक्षा का विशेष ध्यान रखा जाएगा। 40 प्रोफेशनल बाउंसर–पुरुष और महिला दोनों– सुरक्षा व्यवस्था में तैनात रहेंगे, और वालंटियर्स भी अपनी सेवाएं देंगे। मुख्य द्वार पर पास और अल्कोहल की चेकिंग अनिवार्य होगी, ताकि किसी भी असामाजिक तत्व को प्रवेश न मिले।

डीजे की धुन पर झूमेगा दुमका

दुमका के संगीतप्रेमियों के लिए कार्यक्रम में 2 लाइव डिस्क जॉकी (डीजे) की व्यवस्था की गई है, जो पूरे समय संगीत का माहौल बनाए रखेंगे। इसके साथ ही प्रोफेशनल एंकर रोहित सिंह दर्शकों को उत्साहित और कार्यक्रम को ऊर्जावान बनाए रखने में मदद करेंगे। आयोजकों का कहना है कि यह कार्यक्रम दुमका के लोगों के लिए एक यादगार आयोजन साबित होगा, और इस बार की तैयारी से यह स्पष्ट है कि दुमका में नवरात्रि का जश्न इस साल और भी जोरदार होने वाला है।

प्रेसवार्ता में शुभम मिश्रा,अभिषेक कुमार,आदित्य राज,बलवंत सिंह, ओम दत्त तिवारी मोजूद थे ।

विक्षिप्त की रड से मार कर हत्या

संवाददाता

रानीश्वर । आसनबनी बाजार में एक विक्षिप्त को लोहे की रड से वार कर हत्या करने की मामला प्रकाश में आया है। विक्षिप्त युवक आसन बनी बाजार में रहता था साथ ही भिक्षाटन कर गुजरा करता था ।शुक्रवार के अहल सुबह वह एक सैलून के पास झाड़ू दे रहा था। उसी को लेकर विक्षिप्त के साथ कहासुनी होगया जो मारपीट का रूप ले लिया ।सैलून मालिक गौतम भंडारी उसे लोहे की रड से वार कर दिया। सूचना पाकर स्थानीय पुलिस ने घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया था ,जहां उसका मौत हो गया है।

एमपी-एमएलए के विशेष न्यायालय में कृषि मंत्री दीपिका पांडे हुई पेश

संवाददाता

दुमका। गोड्डा के महागामा से कांग्रेस विधायक सह कृषि मंत्री दीपिका सिंह पांडेय शुक्रवार को सड़क जाम कर सरकारी कार्य में बाधा पहुंचाने के मामले में एमपी-एमएलए के विशेष न्यायाधीश सह एसडीजेएम मोहित चौधरी के न्यायालय में सशरीर पेश हुई। दो गवाहों के बयान दर्ज किए गए। बता दें कि इससे पहले की तिथि में इस केस में चार पुलिसकर्मियों का गवाह हुआ था जिसमें उनलोगों ने घटना में संलिप्त किसी लोगों को पहचानने से इंकार किया था। हालांकि गवाही दकी प्रस्तुति के लिए न्यायालय द्वारा पूर्व में गवाहों के खिलाफ गैरजमानती वारंट निर्गत किया गया था। यह मामला वर्ष 2017 की है। जहां क्षेत्र भ्रमण के दौरान महागामा में सड़क दुर्घटना में एक व्यक्ति के घायल होने के बाद आक्रोशित लोगों ने सड़क जाम कर दिया था। इस दौरान कांग्रेस जिला अध्यक्ष के रूप में दीपिका पांडेय सिंह घटनास्थल पर पहुंची थी। इस बावत दीपिका पांडे सिंह ने बताया कि लोगों के आक्रोश को शांत करने और घायल को अस्पताल पहुंचाने में पुलिस की मदद की थी। पुलिस ने महगामा थाना में सरकारी कार्य में बाधा पहुंचाने के आरोप में केस दर्ज किया था। वह उस समय आगामी विधानसभा के तैयारी में जुटी थी। मामले में थाना कांड संख्या 72/2017 में भादवि की धारा 147,149,353,332,427,283, 504,506 एवं 120 बी के तहत प्राथमिकी दर्ज हुई थी।

11 करोड़ की लागत से बनने वाली योजनाओं का प्रदीप यादव ने किया शिलान्यास

संवाददाता

सरैयाहाट । करीब 11 करोड़ की लागत से बनने वाले विभिन्न योजनाओं को शुक्रवार को स्थानीय विधायक प्रदीप यादव ने शिलान्यास किया। इस दौरान लोगों से विधायक ने कहा की आज जो विकास की गति देख रहें है वो वर्तमान सरकार की देन है। पहले गाँव के लोगों को कीचड़ में चलना पड़ता था लेकिन अब प्रखंड के गाँव गाँव पक्की सड़क है। किसानों को सिंचाई के पानी के अभाव में अब सोचना नहीं पड़ रहा है। विधायक ने जिन योजनाओं का शिलान्यास किया उनमें हथगढ़ जोरिया में 82 लाख का चेकडेम, नेशनल हाईवे 133 से धनवे होते हुए बेहराडीह तक 3 करोड़ 77 लाख से सड़क निर्माण। 2 करोड़ 2 लाख से जौकी का पूर्णनिर्माण। मुख्य सड़क से बभनखेता तक 2 करोड़ 88 लाख से सड़क निर्माण। मुख्य सड़क से धनवे तक 1 करोड़ 44 लाख से सड़क मरम्मती शामिल है। इस दौरान विभागीय अभियंता, कार्यकारी संवेदक, दीपक कुमार, बिनोद यादव, मुकेश कुमार, नीरज मंडल सहित ग्रामीण मौजूद थे।

गहराने लगा है एमजी डिग्री कॉलेज के कनीय अध्यापक को प्रभारी प्राचार्य के रूप में चयन करने का मामला

संवाददाता

रानीश्वर(दुमका) । मयूराक्षी ग्रामीण डिग्री कालेज रानीश्वर के अध्यापक बिभास चंद्र झा को शासी निकाय के अध्यक्ष सह सांसद नलिन सोरेन ने प्रभारी प्राचार्य मनोनीत किया हैं। जिसको लेकर यहां चर्चा का बाजार गर्म हैं। मामले में अध्यापक डॉ स्वर्ण सिंह ने बताया कि श्री झा कालेज में कनीय अध्यापक है उनका चयन नियम के विरुद्ध हैं। उनकी नियुक्ति 29 सितंबर 2010 को हुई थी। उन्होंने छह महीने के बाद 4 मार्च 2011 को यहां योगदान किया हैं। बीते बुधवार को दुमका के परिसदन में कालेज के शासी निकाय की बैठक आहूत की गयी थी। उस बैठक में शासी निकाय के तीन ही सदस्य उपस्थित थे। कोरम पूरा नहीं होने के कारण बैठक स्थगित हो गयी थी। बैठक स्थगित होने के बाद शासी निकाय के अध्यक्ष सह दुमका सांसद नलिन सोरेन ने प्रभारी प्राचार्य उदय प्रसाद सिंह को प्रभार मुक्त कर कनीय अध्यापक बिभाष चंद्र झा को प्रभारी प्राचार्य बनाया हैं। मामले में डॉ उदय कुमार सिंह ने बताया कि यहां कालेज में वह 18 अप्रैल 96 से कार्यरत हैं तथा पीएचडी योग्यता धारी हैं। साथ ही यहां एक दर्जन अध्यापक बिभाष चंद्र झा से दस साल से अधिक वरीय हैं। डॉ उदय कुमार सिंह ने कहा कि विश्वविद्यालय एवं भारत सरकार के नियम के तहत यहां जीबी की विस्तारित बैठक कर प्रभारी प्राचार्य का चयन हो।

ग्रमीणों ने सड़क, बिजली, पानी और आवास नहीं तो वोट नहीं का नारा दिया

संताल एक्सप्रेस संवददाता

शिकारीपाड़ा । प्रखंड अंतर्गत बाँकीजोर पंचायत के सीतासाल, तालपामारा, मनियाचुँवा, बेहरापहाड़ी, राजूपाड़ा, जादूपाड़ा, सलाईपहाड़ के आदिवासियों ने आज सीतासाल फुटबॉल खेल मैदान पर विशाल जनाक्रोश सभा आयोजन किया। आदिकाल से सड़क, पेयजल, बिजली,आबुआ आवास से वंचित ग्रामीणों ने आक्रोशित होकर निर्णय लिया कि जिला प्रशासन यदि विधानसभा चुनाव के पहले सड़क निर्माण नहीं करेगी तो हम रोड नहीं तो वोट नहीं का पहल करेंगे।ज्ञात हो कि बाँकीजोर पंचायत अंतर्गत बाँसपहाड़ी- झिकरा अवस्थित पीडब्लूडी सड़क मार्ग से सीतासाल, तालपामारा, सलाईपहाड़, राजूपाड़ा, बेहरापहाड़, जादूपाड़ा, सहित अन्य बहुल संताल और आदिम जनजाति पहाड़िया ग्राम का ग्रामीण पथ आदिकाल से जर्जर है, जो उपरोक्त ग्रामीणों का दैनिक मुख्य आवागमन पथ है। इस पथ का हाल इतना बुरा है कि बारिश मौसम में ग्रामीणों को पैदल आने जाने सहित साईकिल, दोपहिया वाहन का आवागमन नहीं हो पाता है। बीमार व्यक्ति को खटिया पर ढोकर मुख्य सड़क मार्ग तक ले जाने के बाद ही अस्पताल तक ले जाया जा सकता है। वे ऐंबुलेंस सेवा से भी वंचित रह जाते हैं। जर्जर पथ होने के कारण पेयजल हेतु डीप बोरिंग के लिए बोरिंग गाड़ी नहीं जा पाती है।

प्रधानमंत्री आवास में छुटे हुए लाभुकों को लेकर बीडीओ को दिया आवेदन

शिकारीपाड़ा । प्रधानमंत्री आवास योजना में छूटे हुए लाभुकों को जिओ टैग करवाने के संबंध में प्रखंड विकास पदाधिकारी को दिया आवेदन में लिखा है कि ढाका पंचायत के ढेबाडीह गांव में 2019-20 में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत ढाका पंचायत में लगभग 400 लोगों का रजिस्ट्रेशन हुआ था जिसमें से कुछ लाभुकों को आवास मिला और अधिकतर लाभुकों का जियो टैग नहीं होने के कारण प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ नहीं मिल पाया आगे लिखा है कि छुटे हुए लाभुकों को जियो टैग करवाने और आवास का लाभ दिलवाने की कृपा की जाए।ग्रामीणों का कहना है कि ढेबाडीह गांव में 5व ही पीएम आवास योजना का लाभ मिला है जबकि 90व घर मिट्टी के आवास में ग्रामीण रह रहे हैं। मौके पर युनुस अंसारी, रहमान मियां, नजरुल अंसारी, इसराइल अंसारी, मंगरु मियां, रिजाउल अंसारी, अशरफ अंसारी, अबू हसन अंसारी, तमिजुद्दीन अंसारी आदि मौजूद थे।

कांग्रेस प्रत्याशियों ने स्क्रीनिंग कमेटी के समक्ष उपस्थित होकर की दावेदारी पेश

दुमका। कांग्रेस के दुमका परिषद में संथाल पन्ना के सभी विधानसभा के प्रत्याशियों का स्क्रीनिंग कमेटी के समक्ष शुक्रवार को उपस्थित होकर अपना अपना दावेदारी पेश किया।

स्क्रीनिंग कमेटी के अध्यक्ष एवं सदस्य प्रकाश जोशी पूनम पासवान उपस्थित हुए बारी-बारी से सभी विधानसभा के प्रत्याशियों की बैठक ली गई। जिसमें दुमका, देवघर पाकुड़, गोड्डा और साहिबगंज के विधानसभाओं के सभी इच्छुक प्रत्याशी उपस्थित हुए। उक्त बात की जानकारी जिला कांग्रेस अध्यक्ष महेश राम चंद्रवंशी ने दी आगे उन्होंने बताया कि सभी जिला के अध्यक्ष मोर्चा संगठन के अध्यक्ष प्रदेश नेता इस स्क्रीनिंग कमेटी की बैठक में हिस्सा लिए जिसमें जिसमें चुनाव लड़ने की इच्छुक सभी प्रत्याशियों ने अपनी दावेदारी पेश की कांग्रेस पार्टी पूरे दम काम के साथ चुनाव को अंतिम रूप देने के लिए कार्य कर रही है।

डीसी ने की डीएमएफटी के न्यास परिषद की बैठक

दुमका । समाहरणालय सभागार में उपायुक्त आंजनेयुलु दोड्डे की अध्यक्षता में शुक्रवार को डीएमएफटी के न्यास परिषद की बैठक हुई। बैठक में दुमका लोकसभा क्षेत्र के सांसद नलिन सोरेन, जिला परिषद अध्यक्ष जॉयस बेसरा, विभिन्न विधायकों के प्रतिनिधि सहित जिले के अन्य अधिकारी उपस्थित थे। बैठक के दौरान जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों ने विभिन्न विभागों से प्राप्त प्रस्तावों पर विस्तृत चर्चा की। बैठक में नई योजनाओं के क्रियान्वयन को लेकर प्रस्तावित योजनाओं पर अनुमोदन पर विस्तार से चर्चा की गयी। जिसमें जिला अंतर्गत 2060 आंगनबाड़ी केंद्रों में नामांकित,अध्यनरत बच्चों के लिए ऊनी पेंट की आपूर्ति, विद्यालय में अध्यनरत छात्र-छात्राओं के शिक्षा को लेकर ऑनलाइन एप बेस्ड ई लर्निंग सिस्टम डेवलप करना, जिला अंतर्गत कल्याण विभाग द्वारा संचालित छात्रावास में मूलभूत सुविधा यथा बर्तन बेड इत्यादि की व्यवस्था, दुमका परिसदन परिसर स्थित पार्क का जीर्णोधार, दुमका शहर स्थित दुधनी टावर चौक का जीर्णोधार कार्य आदि योजनाएं शामिल थी। डीएमएफटी मद अंतर्गत स्वास्थ्य विभाग,शिक्षा विभाग, सड़क निर्माण, नाला, सिंचाई, स्वच्छता विभाग, कौशल विकास, महिला एवं बाल कल्याण विकास सहित अन्य विभागों द्वारा कुल 102 योजनाएं क्रियान्वित की जा रही है जिसमे कई योजनाएं पूर्ण हो चुकी है।

डीसी ने लगाया जनता दरबार सुनी समस्याएं

दुमका। कार्यालय कक्ष में उपायुक्त आंजनेयुलु दोड्डे ने शुक्रवार को जिले के विभिन्न प्रखंड से जनता दरबार में आए आमजनों की समस्याओं को सुना। उन्होंने आमजनों की समस्याओं से जुड़े आवेदनों का संज्ञान में लेते हुए संबंधित पदाधिकारी को जल्द से जल्द नियमानुसार तरीके से निष्पादित करने का निर्देश दिया।ज्ञात हो कि सप्ताह के प्रत्येक मंगलवार और शुक्रवार को उपायुक्त जनता दरबार के माध्यम से आमजनों की समस्याएं सुनकर निराकरण करते हैं।

ट्रक अनियंत्रित होकर अध कटा पेड़ में मारी टक्कर मौके पर उपचालक की मौत

शिकारीपाड़ा । दुमका रामपुरहाट मुख्य सड़क मोहलपहाड़ी के पास हाई स्पीड एल पी ट्रक अनियंत्रित होकर सड़क के किनारे अध कटा पेड़ पर मारी टक्कर मौके पर खलासी की मौत। जानकारी के अनुसार दुमका से रामपुरहाट की तरफ जा रही थी ट्रक, ट्रक चालक और उपचालक पश्चिम बंगाल रहने वाले बताया जा रहा है। मौके पर शिकारीपाड़ा पुलिस पहुंच कर शव को कब्जे में लेकर थाना ले आया है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है, मामले को लेकर शिकारीपाड़ा पुलिस जांच में जुटी गई है।

विधायक ने लाभुकों के बीच किया बिजली माफी के प्रमाण पत्र का वितरण

सरैयाहाट । राज्य सरकार द्वारा शुरू किये गये गरीबों की बिजली बिल माफ़ी योजना से अब भाजपा को किरकिरी होने लगी है। उनलोगों को लगने लगा है की अब राज्य की जनता चुनाव में उन्हें करारा जवाब देगी। उक्त बातें स्थानीय कांग्रेस विधायक प्रदीप यादव ने झारखंड बिजली वितरण निगम लिमिटेड की ओर से मुख्यमंत्री ऊर्जा खुशहाली योजना के तहत बिजली माफी लाभूको के बीच शुक्रवार को प्रमाण पत्र वितरण समारोह के दौरान कहा। इस समारोह में स्थानीय विधायक प्रदीप यादव द्वारा बिजली बिल लाभूको को प्रमाण पत्र वितरण किया गया। विधायक ने कहा कि हेमंत सोरेन की सरकार गरीबों के लिए काम कर रही है। इस मौके पर विधुत अधीक्षण अभियंता गोपाल प्रसाद वर्णवाल, प्रखंड विकास पदाधिकारी महेश्वरी यादव, कनीय अभियंता सत्यनारायण भोक्ता सहित बिनोद यादव, दीपक कुमार व ग्रामीण महिला पुरुष मौजूद थे।

सड़क हादसे में जान गंवाने वाले परिजनों को 1.50 लाख का सौंपा चेक

हंसडीहा । कुरमाहाट सड़क हादसे में जान गवाने वाली दोनों महिलाओं के परिजनों को शुक्रवार को स्थानीय विधायक प्रदीप यादव ने डेढ़ डेढ़ लाख रुपये का साथ ही घायल पूजा के परिजनों को पचास हजार का चेक सौंपा। इस दौरान विधायक ने कहा की घटना काफ़ी हृदय विदारक था। इस दुःख की घरी में राज्य के मुख्यमंत्री की तरफ से सहायता राशि प्रदान की गई है। ज्ञात हो की मॉर्निंग वॉक के दौरान कुरमाहाट रेलवे हॉल्ट के समीप ट्रक के चपेट में आने से प्रियंका कुमारी पति संदीप दास और सोनी देवी पति रमेश दास की मौक़े पर मौत हो गई थी जबकि 18 वर्षीय पूजा गंभीर रूप से घायल हो गई थी।

सिविल सोसाइटी ने विभिन्न पदाधिकारी से मिलकर की गड्ढे मरमती कराने की अपील

दुमका। हिंदुओं के महापर्व दुर्गा पूजा को देखते हुए सिविल सोसायटी,दुमका ने कार्यपालक पदाधिकारी नगर परिषद ,दुमका एवम कार्यपालक अभियंता पथ प्रमंडल,दुमका ज्ञापन देकर दुमका शहरी क्षेत्र और शहर से सटे आसपास के क्षेत्र में सड़क पर जो गड्ढे बन गए हैं उसे अविलम गड्ढे को भरकर मरम्मत कराने की अपील की।

सिविल सोसाइटी ने चरमराई अस्पताल की व्यवस्था को लेकर अधीक्षक को सौंपा ज्ञापन

दुमका। सिविल सोसायटी दुमका के प्रतिनिधि मंडल द्वारा फूलों - झानो चिकित्सा महाविद्यालय अस्पताल के अधीक्षक डॉ अजय कुमार चौधरी को अस्पताल की चरमराई व्यवस्था को सुदृढ़ करने की मांग को लेकर शुक्रवार को ज्ञापन सौंपा। उक्त प्रतिनिधि मंडल में सिविल सोसायटी दुमका के अध्यक्ष राधेश्याम वर्मा,उपाध्यक्ष प्रेम केशरी,सचिव संदीप कुमार जय बमबम,कार्यकारण सदस्य अधिवक्ता संजीव कुमार दास,रामाकांत साह शामिल थे। अधीक्षक श्री चौधरी ने ज्ञापन को लेकर सिविल सोसायटी दुमका के सदस्यों के साथ लगभग एक घंटा विंदुवार चर्चा करते हुए आस्वस्त किया कि अस्पताल को सुचारू रूप से चलाने के लिए हर संभव प्रयास किया जायेगा।

स्वामी, प्रकाशक,मुद्रक एवं संपादक अशोक कुमार द्वारा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस,धनबाद गोविंदपुर मेन रोड अशोक नगर, केजी आश्रम,गोसांईडीह धनबाद झारखंड से मुद्रित तथा संताल एक्सप्रेस कार्यालय दंगालपाड़ा, हिजला रोड, दुमका (झारखंड)से प्रकाशित,सलाहकार संपादक चंदन मिश्र, प्रबंध संपादक सिद्धार्थ कुमार, स्थानीय संपादक चुण्डा सोरेन 'सिपाही' फोन न. 7367009287, 9771486686